CMYK

अधिकतम :22°C
न्यूनतम : 10°C
72,989.93
22,082.65
88,940
96,500

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, बुधवार 5 मार्च 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 101 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2081 4 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## चौथा रोज़ा

### अल्लाह की अदालत में रोज़ेदार का वकील है चौथा रोज़ा

रोजा नेकी का छाता है। जिस तरह छतरी या छाता बारिश या धूप से अपने लगाने वाले की हिफाजत करता है, ठीक उसी तरह रोजा भी रोजेदार की हिफाजत की गारंटी है। शर्त यह है कि रोजा शरई तरीके से रखा जाए। अहकामे-शरीअत यह है कि रोजा रखने में बुग्ज, फरेब, फसाद, झूठ और बेईमानी से बचा जाए। जाहिर है कि कोई शख्स जब नेक नीयत और अच्छे जज्बे के साथ रोजा रखता है, अल्लाह की रजामंदी हासिल करने के लिए रोजा रखता है यह सोचकर रोजा रखता है कि अल्लाह सब देख रहा है यानी अल्लाह के खौफ का ख्याल करके रोजा रखता है तो उसमें पाकीजगी-ए-ख्यालात पैदा होती है जो नेक अमल के जरिये रोजे को रोजदार का पैरोकार बनाती है। यानी परहेजगारी के साथ रखा गया रोजा अल्लाह के सामने रोजादार की ईमानदारी का तो तरफदार है ही, पाकीजगी का पैरोकार भी है। परहेजगारी से रखा गया रोजा खुद सिफारिश बनकर रोजदार के लिए अल्लाह की नेमतों के दरवाजे खोलता है।

# भारत ऑस्ट्रेलिया को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में




## सेमीफाइनल में कंगारूओं को चार विकेट से हराया

**दुबई।** विराट कोहली की शानदार पारी के दम पर भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। भारत ने इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया से 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंची है। यह लगातार तीसरी बार है जब भारत सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में जगह बनाने में सफल रहा है। भारत ने इससे पहले 2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई थी और अब वह चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मैच में भी पहुंचने में सफल रहा है। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था और 49.3 ओवर में 264 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली एक बार फिर चेज मास्टर साबित हुए और -शेष पृष्ठ दो पर

# 2040 में चांद पर कदम रखेगा भारतीय: डा. नारायणन

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: भारत 2030 तक अंतरिक्ष में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन भी स्थापित कर लेगा

**रुड़की।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने मंगलवार को कहा कि मानव मिशन के तहत वर्ष 2040 में चांद पर भारतीय कदम रखेगा।

श्री नारायणन ने उत्तराखंड के रुड़की स्थित आईआईटी में मंगलवार को छठवीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में इस आशय की घोषणा की। इस कॉन्फ्रेंस में दक्षिण कोरिया, कैलिफोर्निया (यूएसए) नीदरलैंड, कनाडा जैसे कई देशों से वैज्ञानिक शामिल होने पहुंचे थे। डा. नारायणन के अनुसार भारत वर्ष 2040 में चांद की सतह पर कदम रखेगा। इसरो चेयरमैन आईआईटी-रुड़की में आयोजित इंडियन प्लेनेटरी कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि मीडिया से मुखातिब हुए और यह बात कही। इसरो अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चांद की सतह पर भारतीय नागरिक के पहुंचने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। साथ ही भारत सन 2030 तक अंतरिक्ष में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन भी स्थापित कर लेगा।

# राज्य सरकारें सस्ती चिकित्सा देने में नाकाम: सुप्रीम कोर्ट

## कहा: इस स्थिति के चलते प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिला, केंद्र जरूरी गाइडलाइन बनाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत में कहा प्राइवेट अस्पतालों की फार्मेसी से महंगी दवाई खरीदने को किया जाता है मजबूर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि देश में राज्य सरकारें सस्ती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इस स्थिति के चलते प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए।

उच्चतम न्यायालय में एक याचिका लगाई गई थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। इसलिए ऐसे अस्पतालों पर नकेल कसी जाए। इसे रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने इस पर सुनवाई की। केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा कि मरीजों को अस्पताल की फार्मेसी से दवा खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं, ताकि मरीजों का शोषण न हो। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम याचिकाकर्ता की बात से सहमत हैं, लेकिन इसे कैसे नियंत्रित करें? कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा कि वे प्राइवेट अस्पतालों को कंट्रोल करें, जो मरीजों को अस्पताल की दुकान से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। खासकर वे दवाइयां जो किसी और जगह सस्ते में मिल जाती हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनाने को कहा, जिससे प्राइवेट अस्पताल आम लोगों का शोषण न कर सकें।



### ग्रीनपोलिस आवास परियोजना विवाद: शीर्ष कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को दी हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने की अनुमति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के गुरुग्राम की 'ग्रीनपोलिस आवास परियोजना' विवाद में याचिकाकर्ताओं (फ्लैट खरीदने वाले) को उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की अनुमति देने के साथ ही मंगलवार को मामले का निपटारा कर दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मुकेश कंवल (फ्लैट खरीदारों में शामिल) और अन्य की रिट याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ताओं को संबंधित उच्च न्यायालय में रिट याचिका या सिविल मुकदमा दायर करके कानून के तहत उचित उपाय का लाभ उठाने की स्वतंत्रता देने के साथ मामले का निपटारा किया। 'मुकेश कंवल बनाम हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम' का यह मामला शीर्ष अदालत के समक्ष 15 जनवरी 2024 को दाखिल किया गया।

### किसी को पाकिस्तानी कहना गलत, पर अपराध नहीं: शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** मियां-टियां या पाकिस्तानी कहना आईपीसी की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा अपराध नहीं बनता। उच्चतम न्यायालय ने अपने एक फैसले में यह टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने इस प्रावधान के तहत एक आरोपी को दोषमुक्त करते हुए कहा कि यह टिप्पणी, हालांकि अनुचित थी, लेकिन आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए जरूरी कानूनी बाध्यता को पूरा नहीं करती। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी हरि नंदन सिंह के खिलाफ मामला बंद करते हुए यह फैसला सुनाया। सिंह पर आरोप था कि उसने एक सरकारी कर्मचारी को उस समय पाकिस्तानी कहा था, जब वह अपना आधिकारिक कर्तव्य निभा रहे थे। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि नि:स्संदेह, दिए गए बयान सुनने में ठीक नहीं लगते हैं, लेकिन इससे सूचना देने वाले की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचती।

# आठ वर्षों में बदली यूपी की किस्मत: योगी

## देश की जीडीपी में प्रदेश की हिस्सेदारी 9.2 फीसदी हो चुकी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी दलों की सरकारों के उदासीन रवैये से संसाधनों से भरपूर होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार सुस्त रही वहीं 2017 में भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश में विकास का पहिया तेजी से घूमा है और देश की जीडीपी में प्रदेश की हिस्सेदारी 9.2 फीसदी हो चुकी है।

विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान श्री योगी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा राज्य और सबसे अधिक संसाधन होने के बावजूद 1950 से 2017 तक प्रदेश की जीएसटीपी 12.75 लाख करोड़ तक पहुंच सकी, जबकि 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर विश्वास जताया और पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की जीएसडीपी दोगुना से अधिक होकर 2024-25 में 27.51 लाख करोड़ होने जा रही है। देश की जीडीपी में 9.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश, देश के अंदर दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-2024 में देश की जीडीपी की वृद्धि दर 9.6 प्रतिशत है, जबकि उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 11.6 प्रतिशत रही है। 2016-2017 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय मात्र 52,671 रुपये थी, वर्ष 2023-2024 में 93,514 रुपये है। 2016-17 में कुल राजस्व प्राप्तियां 2 लाख 56 हजार करोड़ रुपये हुईं थीं। चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी माह तक ही 4 लाख 10 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हो चुका है। यह निरन्तर आगे बढ़ेगा। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। कर अपवंचन को रोका गया है। रेवेन्यू लीकेज को समाप्त किया गया है। बीते आठ वर्ष में एक भी नया टैक्स नहीं लगाया। -शेष पृष्ठ दो पर



# विधानसभा में गुटखा खाकर थूकने पर स्पीकर सतीश महाना नाराज



**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में मंगलवार को एक सदस्य के गुटखा खाकर थूकने पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विधानभवन को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सभी 403 सदस्यों की है।

विधानसभा के बजट सत्र में सदन की मंगलवार की कार्यवाही शुरू होते ही श्री महाना ने कहा कि सदन में एक माननीय सदस्य ने गुटखा खाकर गंदगी फैलाई है। सूचना मिलने पर मैंने वीडियो के जरिये उक्त सदस्य को गंदगी फैलाते देखा है। मैं सार्वजनिक रूप से उनका नाम नहीं लूंगा, मगर उक्त सदस्य का दायित्व है कि वह स्वयं आकर उनसे मिलें। नहीं मिलने की दशा में मैं खुद उन सदस्य को बुला लूंगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा को साफ रखने की जिम्मेदारी सिर्फ मेरी नहीं है बल्कि सभी 403 सदस्यों की है जो प्रदेश की 21 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए मेरी अपील है कि सभी सदन समेत समूचे विधानभवन को स्वच्छ रखने में सहयोग दें।

मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
कोहिनूर आर्ट ज्वैलर्स
एक अनमोल रिश्ता
• ONLY HALLMARK & HUID CERTIFIED GOLD JEWELLERY SHOWROOM
• LIFE TIME FREE SERVICE
KAJ
सोना, चांदी के जेवरातों के क्रेता व विक्रेता
68- Majra, Dehradun (Uttarakhand)
Mob- 7830677750, 7900900991

### बुलंदशहर में कार रजवाहे में गिरी, 4 मरे

**बुलंदशहर।** उप्र के बुलंदशहर जिले में कार के रजवाहे (बंबे) में गिर जाने से एक परिवार के चार सदस्यों की मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि मंगलवार भोर करीब पांच बजे यह हादसा उस समय हुआ जब अमरोहा के सदर तहसील क्षेत्र स्थित गांव नगला नसीर निवासी एक परिवार बुलंदशहर के ही सिकंदराबाद क्षेत्र स्थित नगला गांव में आहूत शादी समारोह में भाग लेने के बाद कार से अपने घर वापस लौट रहा था कि उनका वाहन गुलावठी थाना क्षेत्र के पितवास बम्बे के पास एक बालक को बचाने के प्रयास में पलट कर बम्बे में गिर गया। इस हादसे में निपेंद्र (45), हर्ष (10) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि निपेन्द्र के पुत्र वंश (16) और 15 वर्षीय वंशिका की जिला अस्पताल में मृत्यु हो गई। कार सवार पांचवें व्यक्ति 39 वर्षीय कन्हैया का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### औरंगजेब पर अबू आजमी ने बयान वापस लिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ से शुरू हुए विवाद के बाद अपना बयान वापस ले लिया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया है, लेकिन फिर भी मेरी बात से कोई आहत हुआ है, तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं। बीते दिन आजमी ने कहा था कि हमें गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए हैं। मैं उसे क्रूर शासक नहीं मानता। छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता और संपत्ति के लिए लड़ाई थी।

# सड़क हादसों में घायलों को मुफ्त इलाज इसी महीने से

■ डेढ़ लाख रुपये तक खर्च सरकार वहन करेगी
■ हरियाणा-पंजाब समेत छह राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट कामयाब रहा

**नई दिल्ली।** सड़क हादसों में घायलों को मार्च 2025 से डेढ़ लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। ये आदेश प्राइवेट हॉस्पिटल के लिए भी अनिवार्य होगा। देशभर में इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा।

एनएचएआई इसके लिए नोडल एजेंसी का काम करेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारी के मुताबिक, योजना के लिए मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 162 में पहले ही संशोधन हो चुका है। इस योजना को पूरी तरह से लागू करने से पहले बीते 5 महीनों में पुड्डूचेरी, असम, हरियाणा और पंजाब सहित छह राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया, जो सफल रहा। एनएचएआई ऑफिसर ने बताया कि घायल को पुलिस या कोई आम नागरिक या संस्था जैसे ही हॉस्पिटल पहुंचाएगी, उसका इलाज तुरंत शुरू हो जाएगा। इसके लिए कोई फीस भी जमा नहीं करनी होगी। घायलों के साथ चाहे परिजन हो या नहीं, हॉस्पिटल उसकी देखरेख करेंगे। प्राइवेट और सरकारी दोनों ही हॉस्पिटल को कैशलेस इलाज देना होगा।

# माधबी बुच को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ शेयर फ्रॉड मामले में सेबी की पूर्व चेयरपर्सन समेत छह अफसरों पर FIR दर्ज करने पर रोक

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच समेत 6 अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने के स्पेशल कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी।

बुच ने स्पेशल कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर जस्टिस एसजी डिगे ने सुनवाई की। हाईकोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। सभी पक्षों को सुनने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि न्यायाधीश ने डिटेल्स में जाए बिना और आवेदकों को उनकी भूमिका बताए बिना आदेश पारित कर दिया है। इसलिए आदेश पर रोक लगा दी गई है। मुंबई की एक स्पेशल एंटी-करप्शन कोर्ट ने शनिवार (1 मार्च 2025) को शेयर फ्रॉड से जुड़े मामले में एफआईआर का आदेश दिया था। यह आदेश स्पेशल जज एसई बांगर ने ठाणे बेस्ड जर्नलिस्ट सपन श्रीवास्तव की ओर से दायर याचिका पर दिया था। सपन ने स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी की लिस्टिंग में बड़े पैमाने पर फाइनेंशियल फ्रॉड और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था।

حج عمرہ و زیارات
IATA
बिस्मिल्लाह टूर एण्ड ट्रैवल्स (दधेड़ू वाले)
ISO 9001:2015 CERTIFIED COMPANY
हज, उमराह, ज़ियारत
25 अप्रैल 2025 उमरा टूर RS. 75,000/- 20 दिन
फुल रमजान उमरा पैकेज RS.1,20,000/-
मक्का होटल : 650 मीटर जोरत मानसिया और हुसैन मोद्दा सीमीलर
मदीना होटल: 800 मीटर पी0सी0 अल मदीना और अल फिरदौस सीमीलर
डाइरेक्ट फ्लाइट
होटल में रहना, खाना व ज़ियारत
मज़ीद जानकारी व बुकिंग के लिए राब्ता करें।
हाजी आलम - 9756508234
एयर टिकट, टूरिस्ट एण्ड बिजनेस वीज़ा के लिए सम्पर्क करें।
मुजफ्फरनगर ऑफिस: निकट सरवट गेट चौराहा, लताफत अली खान मार्किट, रूड़की रोड, मुजफ्फरनगर 0131-2644200, 7017145399, 8534039577
दिल्ली ऑफिस: 1-एफ, बिल्डिंग सेकण्ड फ्लोर, भरत नगर, न्यू फ्रैन्डस कॉलोनी, नई दिल्ली-110025 011-41251668, 9821106157
E-mail:bismillah786@gmail.com
www.bismillahtourandtravel.com info@bismillahtourandtravels.com

# मोदी ने किया पशु संरक्षण केंद्र वनतारा का उद्घाटन

जामनगर, वार्ता

पीएम ने जानवरों के लिए बनाई गई विश्वस्तरीय सुविधाओं का जायजा लिया



**पीएम नरेन्द्र मोदी** ने विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर गुजरात के जामनगर में स्थित पशु संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का उद्घाटन किया।

वनतारा वन्य जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित केंद्र है। प्रधानमंत्री ने तीन हजार एकड़ में फैले वनतारा में काफी वक्त बिताया, और वहां जानवरों के लिए बनाई गई विश्वस्तरीय सुविधाओं का जायजा लिया। प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की पहल पर वनतारा को बनाया गया है। वनतारा पहुंचने पर अंबानी परिवार ने पारंपरिक तरीके से प्रधानमंत्री का स्वागत किया। शंख ध्वनियों व मंत्रोच्चार और लोककलाकारों के गायन-वादन के बीच प्रधानमंत्री ने वनतारा का उद्घाटन किया। श्री मोदी ने परिसर में बने मंदिर में हुई पूजा-अर्चना में भी भाग लिया। वनतारा में जानवरों के लिए विशेष रूप से तैयार मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का मुआयना करने पहुंचे प्रधानमंत्री ने वहां विशेष चिकित्सीय उपकरणों जैसे डायग्नोस्टिक सूट में सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड और एंडोस्कोपी का लाइव प्रदर्शन देखा।

### मोदी ने सफेद शेर बाघ व गैंडा के शावकों को पिलाया दूध

**जामनगर।** पीएम मोदी ने विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर गुजरात के जामनगर स्थित पशु संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का शंख ध्वनियों, मंत्रोच्चार और लोक कलाकारों के गायन-वादन के बीच उद्घाटन किया और सफेद शेर, बाघ, गैंडा के शावकों को अपने हाथों से दूध पिलाया। वनतारा वन्य जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित केंद्र है। 'वनतारा' की ओर से विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी ने तीन हजार एकड़ में फैले वनतारा में काफी वक्त बिताया और वहां जानवरों के लिए बनाई गई विश्व स्तरीय सुविधाओं का जायजा लिया।

# यूपी में आठ आईपीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी सरकार ने आठ आईपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। आगरा के पुलिस आयुक्त को मेरठ भेजा है, जो लखनऊ में ही पुलिस अधीक्षक सतकर्ता अधिष्ठान के पद पर तैनात शगुन गौतम का पुलिस अधीक्षक एपीटीसी के पद पर सीतापुर तबादला किया गया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई अफसरों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन अधिकारियों में आईजी-डीआईजी रेंज के अधिकारी शामिल हैं। वाराणसी में तैनात 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी डा. एजिलरसन को ज्वाइंट पुलिस आयुक्त के पद से हटाकर अब पुलिस महानिरीक्षक यूपी-112 की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा लखनऊ के पुलिस उपमहा. निरीक्षक एटीएस मनोज कुमार सोनकर को उपमहानिरीक्षक पीएसी



■ **आगरा के पुलिस उपायुक्त को मेरठ भेजा, शगुन गौतम भेजी गईं सीतापुर**

वाराणसी भेजा गया है। राजेश कुमार सिंह को पुलिस उपमहानिरीक्षक कमिश्नरेट कानपुर नगर से संयुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी तैनात किया गया है। बलिया में वसूली मामले के बाद उपमहानिरीक्षक के पद से हटाए गए देवरंजन वर्मा, जो अभी तक प्रतीक्षारत थे, उन्हें अब पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में डीआईजी रूल मैनुअल के पद पर तैनाती दी गई है। कानपुर नगर पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात आशीष श्रीवास्तव को लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात श्रीमती अपर्णा गुप्ता को लखनऊ में पुलिस मुख्यालय में अधीक्षक के पद पर तैनाती दी गई है। इसी तरह आगरा कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात सूरज कुमार राय को मेरठ में सेनानायक छठीं वाहिनी पीएसी भेजा गया है। राज्य सरकार ने कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। तबादले में कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, आगरा और बलिया के आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार, आशीष श्रीवास्तव, मनोज कुमार सोनकर, श्रीमती अपर्णा गुप्ता, शगुन गौतम, डा. एजिलरसन, सूरज कुमार राय और देवरंजन वर्मा का नाम शामलि हैं।

# जातीय जनगणना पर विपक्ष का विधान परिषद से वाकआउट

## समाजवादी पार्टी ने लगाया कुलपतियों की नियुक्ति में भेदभाव बरतने का आरोप

**लखनऊ, वार्ता**

विधान परिषद में मंगलवार को समाजवादी पार्टी सदस्यों ने जातीय जनगणना की मांग को लेकर वाकआउट किया। उन्होंने विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति में जातीय समीकरणों का ध्यान न रखने और भेदभाव का आरोप लगाया। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि दलितों और पिछड़ों के हितों से समाजवादी पार्टी सदस्यों का कोई लेना देना नहीं है। अखिलेश चालीसा पढ़ना ही उनका एकमात्र उद्देश्य है।

समाजवादी पार्टी के आशुतोष सिन्हा ने कार्यस्थगन प्रस्ताव के जरिये मामला उठाते हुए कहा कि जातीय जनगणना न कराए जाने से सभी वर्गों में निराशा है। डा. मान सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश के 34 कुलपतियों में 11 क्षत्रिय, 11 ब्राह्मण, 4 वैश्य, दो कायस्थ, तीन ओबीसी और तीन एससी-एसटी हैं। शीर्ष 100 कार्पोरेट कंपनियों में आरक्षित वर्ग की भागीदारी शून्य है।



■ **सपा का दलितों व पिछड़ों से कोई लेना-देना नहीं: केशव मौर्य**

यही वजह है कि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी सदस्य किरणपाल कश्यप ने कहा कि आरक्षित वर्ग के साथ भेदभाव किया जा रहा है। भाजपा ने वर्ष 2017 का विधानसभा चुनाव केशव प्रसाद मौर्य का चेहरा आगे करके लड़ा था, लेकिन सीएम उन्हें नहीं बनाया। उन्होंने नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य की ओर इशारा करते हुए कहा कि उनका भविष्य भी जातीय जनगणना होने पर ही सुरक्षित रह सकेगा। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि न्यायपालिका से लेकर थानाध्यक्षों की तैनाती तक में आरक्षित वर्ग का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। कुलपतियों की तैनाती में भी आरक्षण का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। कहा गया था कि समाजवादी पार्टी शासन में एसडीएम के 56 के 56 पद यादव जाति के अभ्यर्थियों से भर दिए गए। सरकार यह सूची जारी करे। अगर सही होगा, तो वह समा. जवादी पार्टी के साथ-साथ सदन की सदस्यता से भी त्यागपत्र दे देंगे। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सामाजिक समीकरणों का शानदार गुलदस्ता है। भाजपा और वह खुद जातीय जनगणना के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन, वर्ष 2004 से 2014 तक जब केंद्र में समाजवादी पार्टी समर्थित यूपीए की सरकार थी, तब यह मामला क्यों नहीं उठाया। चौधरी चरण सिंह और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न हमारी सरकार ने दिया। मुलायम सिंह यादव को सम्मानित करने का काम किया। इस पर नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि भारत रत्न से पेट नहीं भरा करता और इसके बाद समाजवादी पार्टी के सभी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

### सपा के लोग अखिलेश को मुंगेरी लाल के सपने दिखा रहे

डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा के लोग पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को 2027 में सत्ता पाने के मुंगेरी लाल के सपने दिखा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और अन्य दलों के शासन में आरक्षित वर्ग का जो नुकसान हुआ है, भाजपा सरकार उसकी भरपाई करने का प्रयास कर रही है। जातीय जनगणना का विषय केंद्र का है। भाजपा के ही डा. जयपाल सिंह व्यस्त ने भारत रत्न को लेकर नेता प्रतिपक्ष की टिप्पणी को अपमानजनक बताया। कार्यस्थगन प्रस्ताव के जरिये ही निर्दल समूह के राजबहादुर सिंह चंदेल और डा. आकाश अग्रवाल ने 40 हजार बेसिक शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन की मांग उठाई।

## संक्षिप्त समाचार

### मद्रास, बॉम्बे हाईकोर्ट में आठ न्यायाधीशों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** सरकार ने मद्रास और बॉम्बे उच्च न्यायालयों में कुल आठ न्यायाधीशों की नियुक्ति की है जिनमें चार मद्रास उच्च न्यायालय और चार मुंबई उच्च न्यायालय के लिये हैं। विधि एवं न्याय मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इनमें मद्रास उच्च न्यायलय में नियुक्त चार और मुंबई उच्च न्यायालय में नियुक्त तीन न्यायाधीश इन न्यायालयों में अपर न्यायाधीश के रूप में कार्य कर रहे थे। इन्हें उनके वर्तमान न्यायालयों में स्थायी किया गया है। मुंबई न्यायालय में चौथी नियुक्ति अपर न्यायाधीय के पद के लिए है, जो आगामी अगस्त से एक वर्ष के लिए प्रभावी होगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु ने भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए इन उच्च न्यायालयों में स्थायी न्यायाधीश/अपर न्यायाधीश के रूप में नियुक्त की है। विज्ञप्ति के अनुसार मद्रास उच्च न्यायालय में जिन अपर न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश बनाया गया है, उनमें न्यायाधीश सर्वश्री रामासामी शक्तिवेल, पी. धनबल, चिन्नास्वामी कुमारप्पन और कंडासामी राजशेखर का नाम शामिल है। बॉम्बे उच्च न्यायालय में अपर न्यायाधीश सर्वश्री शैलेश प्रमोद ब्रह्मे, फिरदौस फिरोज पूनीवाला और जितेन्द्र शांतिलाल जैन को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति दी गई है।

### आरटीआई को कमजोर कर रही है मोदी सरकार: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर डेटा संरक्षण कानून के नाम पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उन लोगों के नाम सार्वजनिक किए जाने चाहिए जिन्होंने राशन कॉर्ड, मनरेगा तथा जन-कल्याण की योजनाओं में घोटाला किया है और सरकारी बैंकों से ऋण लेकर विदेश भागे हैं। खड़गे ने कहा कि एक तरफ़ गलत सूचना और भरमाने वाली सूचना देने में भारत पिछले वर्षों से शीर्ष स्थान पर आ रहा है, दूसरी तरफ़ मोदी सरकार पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार द्वारा लागू किए गए सूचना के अधिकार आरटीआई को डेटा संरक्षण क़ानून लाकर कमज़ोर करने पर तुली हुई है।

## सपा मुखिया अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा

# निवेश के नाम पर जनता को दिया धोखा

**लखनऊ, वार्ता**

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के झूठ और लूट की पोल लगातार खुल रही है। सरकार ने निवेश के नाम पर जनता को धोखा दिया। इनकी धोखाधड़ी लगातार सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना जांच पड़ताल के फर्जी कम्पनियों से एमओयू किया।

भाजपा सरकार ने इन्वेस्टर समिट के नाम पर लाखों करोड़ के निवेश का दावा किया, लेकिन जमीन पर कहीं निवेश नहीं दिखाई देता है। सरकार का झूठ का गुब्बारा अब हर दिन नए-नए रूप में दिखाई दे रहा है। सरकार बिना सोचें समझे झूठ का रिकार्ड बनाने के लिए जो जहां मिल गया उसे बुलाकर एमओयू कर लिया। अब एमओयू को लेकर जो जानका. रियां आ रही है वह बेहद गंभीर है। सरकार की नीयत को उजागर करती है। प्रदेश के 75 जिलों में डाटा सेंटर बनाने का जिम्मा लेने वाली ब्यू नाऊ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड और ब्यू नाऊ इंफ्राटेक फर्जी निकली। एमओयू की आड़ में मास्टर माइंड निवेशकों से हजारों करोड़ रुपये ठगकर विदेश भाग रहा था। इससे पहले भी खबरें आयी थी कि अमे. रिका के जिस विश्वविद्यालय के पास छात्र नहीं थे प्रदेश सरकार ने उसके साथ नॉलेज पार्क के नाम पर एमओयू कर लिया। यादव ने कहा कि इन्वेस्टर मीट में सरकार के तमाम निवेशक मेहमान दोबारा लौटे ही नहीं।

सरकार ने इन्वेस्टर मीट के नाम पर जनता की आंख में धूल झोंका, भाजपा सरकार बेईमानी की नीति पर चल रही है। ठगी और बेईमानी का धंधा जोरो पर है। भाजपा सरकार प्रदेश की जनता से असत्य बोलकर धोखा दे रही है। इसके फर्जी निवेशक भी वही कर रहे हैं। सरकार ने अपनी पीठ थपथपाने के लिए धोखेबाजों और ठगों को संरक्षण देते हुए तमाम झूठे एमओयू कर लिए हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार में एक भी उद्योग नहीं लगा और जो उद्योग पहले से लगे थे वे भी या तो बंद हो गए हैं या फिर बिक रहे है। किसी नौजवान को नौकरी नहीं मिल रही है।



■ **सरकार ने बिना जांच-पड़ताल के फर्जी कंपनियों से किया एमओयू जमीन पर दिखाई नहीं देता निवेश**

### डबल इंजन सरकारें बेटियों के लिए अभिशाप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकारों में बेटियों के साथ हर रोज अपराध हो रहे हैं और ज्यादा घटनाओं में भाजपा नेताओं के नाम आ रहे हैं, लेकिन सरकार ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बेटियों की सुरक्षा के वादे खोखले साबित हो रहे हैं। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री दावे तो बड़े-बड़े करते हैं, लेकिन सच क्या हैं यह पूरे देश के सामने है। देश में जहां भी भाजपा की 'डबल इंजन' की सरकारें हैं वह प्रदेश बेटियों के लिए अभिशाप साबित हो रहा है। हरियाणा, मध प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तराखंड, राजस्थान जहां देखो, बेटियों के साथ कई घिनौने अपराध हुए हैं और पुलिस इन मामलों में मूकदर्शक बनी हुई है।

## मुसलमानों के साथ सौतेला व्यवहार न्यायसंगत नहीं: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी मायावती ने केन्द्र और उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकारों पर मुसलमानो के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। सुश्री मायावती ने मंगलवार को कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, जहां सभी धर्मों को सम्मान दिया जाता है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों का पक्षपातपूर्ण रवैया चिंताजनक है। उन्होंने एक्स पर लिखा- भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है। ऐसे में केन्द्र व राज्य सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों के मानने वालों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए, किन्तु अब मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में भी जो सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है, यह न्यायसंगत नहीं। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि सभी धर्मों के पर्व-त्योहारों आदि को लेकर पाबन्दियां व छूट से सम्बंधित जो नियम-कानून हैं, उन्हें बिना पक्षपात एक जैसा लागू होना चाहिए, जो ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है। इससे समाज में शान्ति व आपसी सौहार्द बिगड़ना स्वाभाविक, जो अति-चिन्तनीय। सरकारें इस ओर जरूर ध्यान दें।

# बजरंग बली की गदा है डीबीटी: सीएम योगी

**लखनऊ, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) बजरंग बली की गदा है, जो बेईमानी व भ्रष्टाचार पर कठोर प्रहार कर रही है। विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान उन्होने कहा कि डीबीटी ने भ्रष्टाचार की कमर पर सबसे कठोर प्रहार किया है।

डीबीटी बजरंग बली की गदा है, जो बेईमानी व भ्रष्टाचार पर कठोर प्रहार कर रही है। डीबीटी में लाभार्थी का पैसा सीधे खाते में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2017-18 में 122.84 करोड़ का डिजिटल ट्रांजेक्शन था। 2024-25 में बढ़कर (दिसंबर 2024 तक) 1024. 41 करोड़ डिजिटल ट्रांजेक्शन यूपी से हुआ है। डिजिटल लेनदेन में यूपी देश में नंबर एक है। आधे से अधिक लेनदेन यूपीआई के माध्यम से हुए हैं। डिजिटल ट्रांजेक्शन यह दिखाता है कि डिजिटल बैंकिंग आसान हुई है। गांवों तक इंटरनेट, वाई-फाई की सुविधा मिली है। वित्तीय जागरूकता व उपक्रमों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में एक वर्ष में 9 करोड़ 8 लाख से अधिक लोगों तक एक लाख 11 हजार 637 करोड़ का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया है। डीबीटी ट्रांजेक्शन के कारण प्रदेश को 10 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है। सीएम ने बताया कि यूपी में अप्रैल 2000 से जून 2017 तक 3303 करोड़ रुपये का एफडीआई (फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट) आया था। 2017 से 2024 तक यूपी में 14 हजार 8 करोड़ रुपये से अधिक का एफडीआई आया है। यह बताता है कि प्रदेश सही दिशा में आगे बढ़ा है। योगी ने कहा कि बैंकिंग तंत्र अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। 2016-17 में यूपी में बैंकों में 12 लाख 75 हजार करोड़ रुपये जमा होते थे, जबकि 2024-25 में यह राशि 29 लाख 66 हजार करोड़ रुपये हो गई यानी सवा दो गुने से अधिक जमा हुए हैं। 2016-17 में प्रदेश का सीडी रेसियो मात्र 44.45 फीसदी था, जो बढ़कर आज 61 फीसदी पहुंचा है।



■ **बेईमानी व भ्रष्टाचार पर कर रही है कठोर प्रहार**

## अर्थ व्यापार

# सेंसेक्स नौ माह बाद 73 हजार अंक से नीचे

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका के मैक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगाने के बाद विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, मारुति, रिलायंस, टाटा मोटर्स और एनटीपीसी समेत 18 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज सेंसेक्स नौ महीने बाद 73 हजार अंक से नीचे बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 96.01 अंक टूटकर नौ महीने बाद 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 72,989.93 अंक पर आ गया। इससे पहले 04 जून 2024 को यह 72,079.05 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.65 अंक फिसलकर 22,082.65 अंक पर रह गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और



छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे बाजार को समर्थन मिला। मिडकैप 0.08 प्रतिशत बढ़कर 38,721.96 अंक और समॉलकैप 1. 28 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,325.88 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2221 में लिवाली जबकि 1737 में बिकवाली हुई, वहीं 128 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 22 में तेजी जबकि 28 में गिरावट रही। बीएसई के सात समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे सीडी 0.18, एफएमसीजी 0.40, आईटी 0. 77, दूरसंचार 0.45, ऑटो 1.13, टेक 0.86 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.96 प्रतिशत गिर गए। वहीं कमोडिटीज 0.62, ऊर्जा 0.62, हेल्थकेयर 0.60, इंडस्ट्रियल्स 1.29, बैंकिंग 0.51, कैपिटल गुड्स 1.41, तेल एवं गैस 1.10, पावर 0.65 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.04 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नकारात्मक रुझान रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 1.86, जापान का निक्केई 1.20 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.28 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.22 प्रतिशत की बढ़त रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 269 अंक लुढ़ककर 72,817.34 अंक पर खुला और भारी बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 72,633.54 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 73,033.18 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी वाला है बजट: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगले वित्त वर्ष के आम बजट को अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी वाला बताते हुए मंगलवार को कहा कि कई सेक्टर्स ऐसे हैं, जहां विशेषज्ञों ने भी जितनी अपेक्षाएं की थीं, उससे अधिक कदम सरकार ने उठाए हैं। मोदी ने मंगलवार को बजट के बाद की वेबिनार श्रृंखला की दूसरी कड़ी में लघु एवं मझौल उद्योग विनिर्माण निर्यात और परमाणु ऊर्जा मिशन जैसे विषयों पर चर्चा की। उन्होंने विनिर्माण और निर्यात पर इस बजट वेबिनार को हर दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ये बजट, हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट की सबसे खास बात रही, अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी। उन्होंने कहा कि आज दुनिया का हर देश, भारत के साथ अपनी आर्थिक भागीदारी को मजबूत करना चाहता है। देश के विनिर्माण क्षेत्र को इस भागीदारी का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाया और सुधारों की अपनी गति को और तेज किया।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों की गिरावट के प्रभाव से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 82 रिंगिट लुढ़ककर 4600 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.16 सेंट की तेजी के साथ 43.33 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर



टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850- 6950, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8000-8100 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल: 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 16116 रुपये, मूंगफली तेल 18462 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 15751 रुपये, पाम ऑयल 13553 रुपये और वनस्पति तेल 16336 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत...** उन्होंने 98 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 84 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने 48.1 ओवर में छह विकेट पर 267 रन बनाकर मैच जीता। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने 43 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी की और भारत को संभाला। श्रेयस हालांकि अर्धशतक लगाने से चूक गए और 62 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस के आउट होने के बावजूद कोहली क्रीज पर डटे रहे और भारत को जीत के करीब लेकर गए। कोहली शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन एडम जैम्पा की गेंद पर बड़ा शाट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। कोहली के आउट होने के बाद केएल राहुल और हार्दिक पांड्या ने मोर्चा संभाला। हार्दिक ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और भारत के जीत के बेहद करीब ले आए। जब टीम को जीत के लिए छह रन बनाने की जरूरत थी, तभी हार्दिक बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी की और 265 रन का टारगेट दिया। ऑस्ट्रेलिया से कप्तान स्टीव स्मिथ ने 73 और एलेक्स कैरी ने 61 रन बनाए। इंडियन बॉलर्स ने ऑस्ट्रेलिया को ऑलआउट कर दिया। मोहम्मद शमी ने 3, रवींद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए।

**आठ वर्षों...** प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की दरें देश में सबसे कम हैं, बावजूद इसके उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। यह सफलता रामराज्य की अवधारणा ही है। उन्होंने रामचरितमानस के एक दोहे का हवाला देते हुए कहा कि बरसत हरसत सब लखें, करसत लखे न कोय, तुलसी प्रजा सुभाग से, भूप भानु सो होय। अर्थात श्रीराम जी भरत जी से कहते हैं कि हमें प्रजा से कर ऐसे लेना चाहिए, जैसे सूर्य लेता है। जैसे सूर्य समुद्र, नदी, तालाब से पानी लेता है, लेकिन किसी को पता नहीं चलता, लेकिन जब वह बादलों के रूप में जरूरत की जगहों पर बरसता है, तो सबको पता चलता है, खासकर जब जरूरत की जगह पर बरसता है, तो सभी खुश हो जाते हैं। इसी प्रकार, सरकार को कर इस तरह से लेना चाहिए कि किसी को पता न चले, पीड़ा न हो, लेकिन जब उसी टैक्स का इस्तेमाल जनता के हित में खर्च हो, जैसे हाइवे बनें, पुल बनें, स्कूल-कॉलेज बनें, हॉस्पिटल बनें तो सबको पता चले। हमारी सरकार यही भाव लेकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश डिजिटल क्रांति का सर्वश्रेष्ठ उदहारण बन कर उभरा है। 2017-18 में यूपी में जहां 122.84 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हुए थे वहीं 2024-25 में दिसम्बर 2024 तक 1024.41 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हो चुके हैं। यूपी डिजिटल लेनदेन अपनाने में नंबर एक है। आधे से अधिक लेन देन यूपीआई से हुए। बैंकों की 20416 शाखाओं, 4,00,932 बैंक मित्र एवं बीसी सखी,18,747 एटीएम तथा 4,40,095 बैंकिंग केन्द्रों के माध्यम से बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। डीबीटी बजरंग बली की गदा है, जो भ्रष्टाचार और बेईमानी पर कठोर प्रहार कर रही है 11 विभागों की 207 योजनाओं की धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। इसमें 113 केन्द्रीय योजनाएं और 94 राज्य सेक्टर की योजनायें हैं। डीबीटी से 9 करोड़ 8 लाख से अधिक लोगों को एक लाख 11 हजार 637 करोड़ रुपये से भुगतान किया गया। डीबीटी ट्रांजेक्शन के कारण 10 हजार करोड़ की बचत की है।

### अधिकारियों की नीति और कार्यों का उद्देश्य सभी का विकास होना चाहिए: मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अधिकारियों से कहा है कि डेटा-संचालित प्रणालियां दक्षता बढ़ा सकती हैं, लेकिन वे सहानुभूति और अखंडता की जगह नहीं ले सकती इसीलिए उनकी नीतियों और कार्यों का उद्देश्य सभी के विकास, विशेष रूप से वंचित और कमजोर वर्गों का विकास होना चाहिए। श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में भारतीय राजस्व सेवा के 78वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों के रूप में वह यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे कि इस आवश्यक संसाधन को निष्पक्ष, प्रभावी और पारदर्शी तरीके से एकत्र किया जाए। उन्होंने कहा कि देश में बुनियादी ढांचा बढ़ रहा है, डिजिटल कनेक्टिविटी अंतराल को पाट रही है और आर्थिक अवसर पहले से कहीं अधिक सुलभ हैं। विकास को टिकाऊ और समावेशी बनाने के लिए, संसाधनों का प्रबंधन दक्षता तथा निष्पक्षता के साथ किया जाना चाहिए और नागरिकों को सिस्टम पर भरोसा करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनकी यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है कि सभी अपनी वैध क्षमता के अनुसार योगदान दे और लोगों के साथ सम्मान के साथ व्यवहार किया जाए। राष्ट्रपति ने कहा कि बदलते समय, बढ़ती अपेक्षाओं और सरकारी पहलों ने अधिक दक्षता, पारदर्शिता और सुविधा के एक नए युग की शुरुआत की है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# नाली के विवाद में किसान की पीटकर हत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नाली के विवाद में किसान की पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंच गये। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की तैयारी कर रही थी।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अगरौला कलां में ग्राम पंचायत द्वारा नाली का निर्माण करवाया जा रहा है। मंगलवार की दोपहर करीब 1:30 बजे नाली निर्माण के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। छीना झपटी में किसान मकसूद पुत्र तहसीन गश खाकर जमीन पर गिर गये। परिजन मकसूद आयु 42 वर्ष को अस्पताल ले गये। लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजन एवं ग्रामीण मकसूद के शव को कार में रखकर कोतवाली पहुंच गये। परिजन मकसूद की पीट-पीटकर हत्या किये जाने का आरोप लगाने लगे। उनका कहना था कि मृतक मकसूद के सर पर घूंसे मारे गये हैं। जिससे उनकी मौत हुई है। मकसूद की मौत होने से परिवार में को. हराम मच गया। मकसूद अपने पीछे चार बच्चे व पत्नी को छोड़ गये हैं। हालांकि बाद में परिजन मकसूद के शव को बिना कार्रवाई किये हुए घर ले जाना चाहते थे। पुलिस ने मकसूद की लाश को पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक के पिता तहसीन ने तीन लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जायेगी।

### परिजनों ने लगाया आरोप, शव पीएम को भेजा



## महिला को घायल करने में रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** महिला को तमंचे की बट मारकर घायल किये जाने के मामले में पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सोमवार को पुलिस नगर के मैंन बाजार में पुस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर महिला नीतू की कनपटी पर बाइक सवार युवक ने तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया था। जिससे वहां पर सनसनी फैल गई थी। व्यापारियों ने चौकी में पुलिस को तैनात किये जाने की मांग उठाई थी। पुलिस ने इस मामले में जोगिंदर रविंद्र व एक अज्ञात के खिलाफ मारपीट किये जाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# वकील के घर आग से चार लाख का नुकसान

### शार्ट सर्किट से हुआ हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शॉर्ट सर्किट होने के कारण अधिवक्ता के घर में लगी आग से घर का कीमती सामान 80 हजार की नगदी समेत करीब साढ़े 4 हजार रुपये का माल जलकर स्वाह हो गया। पड़ोसियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। नगर के मोहल्ला होली वाला में मंगलवार की दोपहर अधिवक्ता विपिन राणा के परिवार के लोग घर में नीचे बैठे हुए थे। इस दौरान दो मंजिला कमरे में अचानक धुआं उठने लगा। तब तक परिवार के लोग ऊपर पहुंचते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कुछ देर में अधिवक्ता के घर में पड़ोसियों की काफी भीड़ जमा हो गई। मोहल्ले के लोगों ने बाल्टी एवं अन्य उपकरणों से आग की लपटों पर पानी डालकर उसे शांत कर दिया। लेकिन तब तक आग घर में रखें बेड, टीवी, ड्रेसिंग, टेबल, इनवर्टर, बैटरा, कूलर, पंखा, कपड़े, आभूषण एवं 80 हजार की नगदी को जल चुकी थी। पीड़ित ने बताया कि आग लगने के उनके करीब साढ़े 4 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। अग्निशमन विभाग को भी सूचना दे दी गई थी। आग लगने के कारण हुए नुकसान से पीड़ित परिवार दुखी है। परिवार की महिलाओं के आंसू रोक से नहीं रुक पा रहे हैं।

## दुल्हे के चचेरे भाई पर दबंगों ने किया हमला

### शादी में कहासुनी होने पर वारदात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बिलासपुर में शादी समारोह में कहासुनी के बाद घर लौटने के बाद दबंगों ने दूल्हे के चचेरे भाई के साथ मारपीट की। मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के मोहल्ला छेबड़ा में रोहित कुमार का परिवार रहता है। एक मार्च को उनके तहेरे भाई करन की बारात बिलासपुर के धावनी गांव में गई थी। तभी, मोहल्ले के रहने वाले सोनू और अर्जुन से रवि कुमार की कहासुनी हो गई थी। इस दौरान मोहल्ले के लोगों ने समझ कर विवाद शांत कर दिया। लेकिन, जैसे ही बारात घर वापस आई, तभी सोनू ने रोहित और अर्जुन के साथ मिलकर गाली गलौज की। विरोध करने पर लाठी डंडों से बुरी तरह पीटा। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में सोनू, रोहित और अर्जुन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# दो लाख व कार के लिए विवाहिता को निकाला

### कोर्ट के आदेश पर छह के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज में दो लाख रुपये और कार की मांग पूरी नहीं कराने पर ससुराल में विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। पीड़िता ने जेठ और देवर पर अश्लील हरकते करने और ससुराल पक्ष के लोगों पर दवा खिलाकर गर्भपात कराने का आरोप भी लगाया है। इतना ही नहीं जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी की गई। मामले में कोर्ट के आदेश पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मैनपुरी जिले की निवासी एक युवती की शादी करीब पांच साल पहले नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक के साथ हुई थी। आरोप हैघ् कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। मायके से दो लाख रुपये और कार दिलाने का दबाव बनाते थे। मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता के साथ कई बार मारपीट तक की। इतना ही नहीं दो बार दवा खिलाकर गर्भपात कराया। 22 जुलाई 2024 की दोपहर ससुराल वालों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गनीमत रही विवाहिता बाल-बाल बच गई। शोर मचाने के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान ससुराल वाले विवाहिता को मारपीट करते हुए घर से बाहर ले आए। लोगों के समझाने पर भी जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने जेठ और देवर पर अश्लील हरकतें करने का आरोप भी लगाया है। मामले की शिकायत पुलिस से की तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा उसने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने कोर्ट के आदेश पर पति, ससुर, सास और ननद समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

### उपभोक्ता फोरम ने सुनाया फैसला

# बीमा कम्पनी पर पांच लाख का जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिला उपभोक्ता फोरम ने परिवाद पर सुनवाई के दौरान ने बीमा कंपनी को मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये नौ प्रतिशत की दर से भुगतान करने का आदेश दिया। इतना ही नहीं वाद व्यय के अलावा आर्थिक व मानसिक कष्ट क्षतिपूर्ति के लिए 10-10 हजार रुपये अलग से अदा करने होंगे।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर कलां निवासी स्व.भरत सिंह की पत्नी ने इस बाबत फोरम में 8 सितंबर 2020 को एक परिवाद दायर किया था। उनके बेटे सुभाष की 9 जून 2018 को एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी। सुभाष परिवार में एकमात्र कमाने वाला सदस्य था, उसके कंधों पूरे घर की जिम्मेदारी थी। उसके पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। सुभाष मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये के लिए बीमित था। लिहाजा, मां ने बीमा धनराशि के लिए घ्दि ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी में आवेदन किया था लेकिन बीमा कंपनी ने उसका आवेदन यह कहते हुए खारिज कर दिया घ्कि मृतक बीए का छात्र था और पूरे परिवार में अकेला कमाने वाला सदस्य नहीं था। बल्कि उसकी मां ही परिवार की मुघ्खिया एवं कमाने वाली थी। फोरम अध्यक्ष रमाशंकर सिंह व सदस्य अंजू रानी ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के उपरांत बीमा कंपनी को पांच लाख रुपये नौ प्रघ्तिशत ब्याज की दर से भुगतान करने, वाद व्यय, आर्थिक व मानसिक कष्ट के लिए 10-10 हजार रुपये अदा करने का आदेश दिया।

## युवक ने गृहस्वामी को दौड़ा दौड़ाकर पीटा

### घर में तांक झांक करने का विरोध पड़ा महंगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गैर जिले का युवक घर के सामने खड़े होकर ताक झांक कर रहा था। इस हरकत का विरोध करने पर उसने गृह स्वामी पर हमला कर दिया। बीच सड़क दौड़ाकर पीटते हुए खुलेआम जान से मारने की धमकी दी, लोगों ने गृहस्वामी को बमुश्किल बचाया। मामले में आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

यह घटना डिडौली थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा राजपूत की है। यहां पर किसान प्यारेलाल का परिवार रहता है। उनका आरोप है कि सोमवार शाम संभल जिले के बहजोई थाना क्षेत्र के गांव नादोश का रहने वाला सोमवीर उनके घर के सामने खड़े होकर ताक-झांक कर रहा था। विरोध करने पर उसने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बेरहमी के साथ पीटते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। शोर सुनकर भाई प्रहलाद और ग्राम प्रधान जयचंद आ गए, दोनों ने प्यारेलाल को बमुश्किल आरोपी से बचाया लेकिन इसके बावजूद वह हमला करता रहा और बाद में गांव से भाग गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में आरोपी सोमवीर के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# संजय के गिटार ने छात्रों को किया प्रोत्साहित

### जेएस कालेज में युवा महोत्सव का दूसरा दिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** युवा महोत्सव के दूसरे दिन संगीत, लोक नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जेएस हिन्दू पीजी कालेज में चल रहे युवा महोत्सव में प्राचार्य डा. वीर विरेन्द्र सिंह ने कहा कि कला कौशल नई स्फ्रूति का संचार है। संयोजक डा. अरविंद कुमार ने कहा कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से छिपी प्रतिभाएं बाहर आती हैं। नीति, धर्म अध्यात्म, इतिहास साहित्य परक श्लोको आदि पर विद्यार्थियों को श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। तबला वादन में तीन ताल, झप ताल, एक तालआदि की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। संजय अग्रवाल ने गिटार वादन से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इसके अलावा क्षेत्रीय नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, शिव तांडव, राधा कृष्ण आदि पर मनमोहक प्रस्तुति पेश की गयी। इस मौके पर डा. संजय जौहरी, डा. रश्मि गुप्ता, सिद्धार्थ अग्रवाल, विवेक नारायन, अभय आर्य, बीना रूस्तगी, डा. रीता ढिल्लो आदि मौजूद रहे।



# पालिका ने कूड़े से बढ़ाए आय के स्रोत

### स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी: ईओ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि कूड़े से आय के स्रोत पैदा करने के लिए इसकी बिक्री शुरू कर दी गयी है। स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत नगरीय निकायों में सूखा एवं गीला कूड़ा अलग अलग करके घरों से उठाने के निर्देश दिये गये थे। प्रत्येक वार्ड में कूड़े के लिए वाहन भी लगाये गये हैं। जिसमें गीला एवं सूखा कूड़ा अलग अलग डाला जाता है। गीले सूखे को डम्प साइड पर ले जाकर जैविक खाद बनायी जा रही है। जबकि सूखा कूड़ा एकत्र कर बहू उपयोगी बनाने का काम किया जा रहा है। प्रतिदिन उत्सर्जित होने वाले कूड़े के प्रथक करने के लिए मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सैंटर की स्थापना किये जाने के लिए सर्वप्रथम स्थान का चयन किया गया। पांच एमआरएफ सैंटर का निर्माण कराया गया। जिसके लिए विद्युत संयोजक लगाये गये। नगर पालिका क्षेत्र को साफ स्वच्छ बनाने के लिए पालिका द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है। जिसमें पालिका कर्मियों का योगदान भी सराहनीय है।

## बारात में शामिल युवकों ने कार में की तोड़फोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बारात की चढ़त में शामिल कुछ युवकों ने कार सवार के साथ मारपीट की और कार का शीशा और बोनट तोड़ दिया। कार स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने चार पांच अज्ञात हमलावरों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव रहमापुर खालसा निवासी विनय कुमार पुत्र प्रदीप सिंह अपनी स्कार्पियो कार से 03 मार्च की रात को करीब 11:30 बजे हापुड़ से एक दावत में शामिल होकर लौट रहे थे। अटारी गांव में सड़क पर स्थित शिव संगम होटल के सामने एक बारात की चढ़त हो रही थी। जब विनय कुमार ने अपनी कार को आगे निकालने के लिये हॉर्न आदि बजाया तो बारात में शामिल चार पांच युवकों ने कार को रोककर विनय कुमार के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की और कार का शीशा और बोनट तोड़ दिया। घटना से काफी देर तक हंगामे की स्थिति बन रही। विनय ने जैसे तैसे अपनी कार वहां से निकाली तो उसके बाद भी युवकों ने पीछा किया। पुलिस ने चार पांच अज्ञात हमलावरों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

**कार स्वामी के साथ भी की मारपीट**

# चाची से मारपीट में भतीजे पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवादाता मंडी धनौरा।** चाची के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने भतीजे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला अट्टा निवासी स्व. दुष्यंत सिंह की पत्नी सर्वेश देवी का आरोप है कि उनके जेठ का बेटा योगेश आए दिन उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देता है। तीन मार्च को भी उसने मारपीट करते हुए उनके घर में तोड़फोड़ कर दी। पीड़िता ने इस बाबत पुलिस स्तर पर शिकायत दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही



















## एक नजर

### पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल पक्ष ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने एसपी स्तर पर शिकायत दर्ज कराई है। क्षेत्र के गांव बिहापुरी निवासी रीना देवी की शादी दिसंबर 2023 में बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव सानीपुरा निवासी जागेश सैनी पुत्र जगपाल सैनी के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद दहेज की मांग पूरी नहीं कराने पर रीना को ससुराल पक्ष ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद से ही वह मायके में रह रही थी। पीड़िता के मुताबिक 10 फरवरी को वह अपने माता-पिता के साथ बछरायूं में बाजार करने गई थी। वहां मिले उसके पति जागेश, ससुर जसपाल, सास मुन्नी, ननद वर्षा व दो अज्ञात लोगों ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की तो पीड़िता ने एसपी स्तर पर शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने मामले में एसपी के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही

### शिक्षा के साथ बना रहे हुनरमंद



**शाह टाइम्स संवादाता उझारी।** कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत अम्बेडकर राजकीय इंटर कालेज में आबद्ध प्रशिक्षण हेतु मदीहा एजुकेशनल वैलफेयर सोसायटी द्वारा 105 विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ प्रशिक्षण दिये जाने हेतु लक्ष्य आवंटित किया गया है। डिप्टी कलेक्टर मसीहा नजम एवं जिला समन्वयक राहुल कृष्ण शर्मा द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। जिसमें श्री शर्मा ने बताया कि कौशल विकास मिशन द्वारा शिक्षा के साथ कौशल में दक्षकर हुनरमंद बनाने का काम किया जा रहा है। इससे आने वाली पीढ़ी को रोजगार के अवसर प्रदान होंगे। इस मौके पर मधुरानी, कृष्णा साहू, रामवीर, त्रिवेन्द्र कुमार, नाजिम अली, रियाज अहमद आदि मौजूद रहे।

# 45 दिन में पूरा करायें गौशालाओं का निर्माण

## डीएम ने ली गौवंश संरक्षण समिति की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि गंगेश्वरी व हसनपुर ब्लाक में बनने वाली गौशालाओं का निर्माण 45 दिन में पूरा किया जाये।

कलेकट्रेट सभागार में डीएम ने गौवंश संरक्षण एवं गौशाला क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक ली। जिसमें ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका आदि को निर्देश दिये गये कि गौशाला में गोवंश को किसी प्रकार की परेशानी न हो। चोकर, खली, पानी, भूसा आदि की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में होनी चाहिए। उन्होने कहा कि गोशाला में कोई भी पशु भूखा न रखे। जो चिकित्सक यहां विजिट करने जाते हैं वह अपनी आख्या लिखित में दें। पांच हेक्टेयर जमीन को चिन्हित कर खंड विकास अधिकारी उसमें हरे चारे के लिए घास की बुवाई करायें। डीएम ने कहा कि हसनपुर व गंगेश्वरी ब्लाक में गौशालाओं का निर्माण 45 दिन के अंदर पूरा किया जाना चाहिए। लापरवाही सहन नहीं की जायेगी। इस मौके पर एसडीएम सुधीर कुमार, धनौरा चन्द्रकांता, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आभा दत्त, डीपीआरओ पारूल सिसौदिया, ईओ डा. ब्रजेश कुमार आदि मौजूद रहे।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट सभागार में गौ संरक्षण समिति की बैठक लेतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स।

# एक सप्ताह में ज्वाईनिंग न कराई तो वेतन पर रोक

## डीआईओएस ने प्रधनाचार्यो को दिये नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** जिला विद्यालय निरीक्षक प्रधानाचार्यो को नोटिस जारी कर 60 आउट सोर्सिंग चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को ज्वाईनिंग कराने के आदेश दिये है। निर्देशों का पालन न करने पर विभागीय कार्रवाई के अलावा वेतन पर रोक भी लगाई जायेगी।

डीआईओएस ने बताया कि अशासकीय सहायत प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में आउट सोर्सिंग चतुर्थ श्रेणी 60 कर्मियों की सूची संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वारा जारी की गई थी। लेकिन इन विद्यालयों के प्रधानाचार्य इन कर्मियों को पदभार ग्रहण नहीं करा रहे है। इसकी शिकायतें लगातार मिल रही है। जिस पर डीआईओएस ने सख्त रूख अपनाया है। उन्होंने ऐसे सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को नोटिस जारी कर आदेश दिये है कि सप्ताह के अंदर सभी कर्मियों को पदभार ग्राहण कराये। यदि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बरती गई तो ऐसे प्रधानाचार्यो के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के अलावा वेतन पर रोक भी लगाई जायेगी।

# शादी समारोह से लौटते वक्त रजवाहे में पलटी कार, पिता पुत्र समेत चार की मौत

■ **घटना से परिजनों में मची चीख पुकार, एक साथ चार अर्थियां उठने से गांव में भी रहा गम का माहौल**

■ **बुलदंशहर में शादी में शामिल होकर गांव लौट रहे थे परिवार के सदस्य, तभी हुई दर्दनाक घटना**









**शाह टाइम्सब्यूरो,**

**अमरोहा।** बुलंदशहर में शादी समारोह से लौटते वक्त नहर में कार गिरने से हुए भीषण हादसे में पिता पुत्र सहित चार की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परि. जनों में कोहराम मच गया।

गांव में भी मातम जैसा माहौल रहा। जानकारी के अनुसार नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव नसीर नंगला में किसान स्व.मलखान सिंह का परिवार रहता है। उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा पवन भी पेशे से किसान है, जबकि छोटा बेटा निपेंद्र खेती करने के अलावा खाद और बीज की दुकान चलाता था।

निपेंद्र सिंह की पत्नी कौशल देवी के मामा की पोती की शादी बुलंदशहर के गांव नंगला काला में थी। सोमवार दोपहर निपेंद्र सिंह, अपनी पत्नी कौशल देवी बेटे वंश उर्फ कन्हैया और बड़े भाई पवन के बेटे हर्ष और बेटी वंशिका को साथ लेकर शादी में शामिल होने गए थे। मंगलवार सवेरे दुल्हन की विदाई के बाद सभी लोग ऑल्टो कार में सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार पितुवास के पास पहुंची, तभी अनियंत्रित होकर रजवाहे में पलट गई। हादसे में निपेंद्र सिंह, बेटा वंश, भतीजी वंशिका और भतीजे हर्ष की मौत हो गई जबकि निपेंद्र की पत्नी कौशल देवी गंभीर घायल हो गई। बुलंदशहर पुलिस ने जब हादसे की जानकारी मृतक निपेंद्र के बड़े भाई पवन यादव को दी तो गांव में कोहराम मच गया। पवन यादव तुरंत ही गांव के लोगों के साथ बुलंदशहर रवाना हो गए। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार शाम निपेंद्र, हर्ष, वंशिका और वंश के शव घर पहुंचे तो को. हराम मच गया। गांव में मातम पसर गया। इसके बाद घर से चार अर्थियां उठीं तो हर नजारा देख हर आंख नम हो गई। शाम में पवन यादव ने अपने ही खेत में चारों शवों का अंतिम संस्कार कर दिया।मृतक निपेंद्र के छोटे भाई पवन की तो पूरी दुनिया उजड़ गई। बेटा और बेटी की मौत तो हुई साथ में भाई और भतीजा भी साथ छोड़कर चले गए। पवन की पत्नी मंजू तो मानों सुधबुध खो बैठी। बच्चों को याद कर फफकती रही। हादसे की जानकारी मिलने के बाद एसडीएम और तहसीलदार भी गांव पहुंच गए थे। वहीं गांव के लोग पीड़ित परिवार के सदस्यों को ढ़ाढस बंधाकर समझा बुझा रहे थे, मगर एक साथ पिता पुत्र और दो अन्य बच्चों की मौत होने की घटना ने हर किसी को गमगीन करके रख दिया। जरा ही देर में एक हंसते खेलते परिवार को काल की नजर लग गई और ऐसा बड़ा हादसा हो गया।

## एक नजर

### धूमधाम से मनाया हिन्दू नववर्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सनातन जागरण मंच ने चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को हिंदू नव वर्ष के रूप में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। मंगलवार को आर्य समाज मंदिर में सनातन जागरण मंच की बैठक का आयोजन किया गया। गायत्री मंत्र के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्थापक दिनेश अग्रवाल ने कहा कि चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को हिंदू नव वर्ष के रूप में धूमधाम से मनाया जायेगा। बैठक में मौजूद लोगों ने इस सुझाव एक सुर में स्वागत किया। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब हसनपुर की महिला पदाधिकारियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष राकेश बंसल, मुकेश गुप्ता, संजय रस्तोगी, मनोज अग्रवाल, बंटी चौहान को भी पटका पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में सनातन जागरण मंच की समस्त कार्यकारी मौजूद रही।

### सिटिजन फीडबैक के लिए पोर्टल खुला

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** नगर पालिका अध्यक्ष शशी जैन ने बताया कि सिटिजन फीडबैक के लिये पोर्टल खुल गया है। सभी नागरिक अमरोहा नगर पालिका को नंबर वन बनाने के लिये अपना सहयोग दें।

# शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे कोई बच्चा

## ब्लाक में हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** खण्ड विकास अधिकारी नीरज गर्ग ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्री केन्द्रों पर बच्चों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा प्रदान करायें तथा तीन से छह वर्ष तक के बच्चों का नामांकन अधिक से अधिक करायें। ब्लाक सभागार में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ खंड विकास अधिकारी नीरज गर्ग ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कार्यकत्री एवं सहायिकाओं का आह्वान करते कहा कि तीन से छह साल तक के बच्चों का आंगनवाड़ी केन्द्रों पर अधिक से अधिक नामांकन कराया जाये तथा उन्हें गुणवत्तापूर्वक शिक्षा दी जाये। बच्चे देश का भविष्य हैं उन्होंने कहा कि हर बच्चे को पढ़ने का अधिकार है। सभी अभिभावकों से सम्पर्क करें। एडीओ पंचायत मदन सिंह ढिल्लो ने कहा कि केन्द्रों से बच्चों का नामांकन नजदीक के प्राइमरी स्कूल में होना चाहिए। बच्चों का शारीरिक, मान. सिक व भावात्मक विकास जरूरी है।

# विवाहिता ने लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** विवाहिता ने ससुरालयों पर दहेज के लिए प्रताड़ित और जेठ पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायती पत्र सौंपा। थाना पुलिस पर शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। युवती का आरा. प है कि ससुराल के पक्ष के लोग बतौर दहेज उससे 10 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। इसमें असमर्थता जताने पर उसे प्रताड़ित किया गया। इसी बीच उसने एक बेटी को जन्म दिया, जिसके बाद प्रताड़ना और भी बढ़ गई। पीड़िता का आरोप है कि बीती एक मार्च को उसके जेठ ने कमरे में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की। इस बाबत पुलिस ने उसकी तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं की। परेशान पीड़िता ने एसपी स्तर पर शिकायत कर जांच व कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने ऐसे किसी मामले की जानकारी से इंकार किया। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही

# पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के एक्शन प्लॉन के अन्तर्गत तथा जितेन्द्र कुमार सिन्हा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के निर्देशानुसार मंगलवार को सुनील कुमार अपर जिला जज/पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैरको में जाकर बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में जाना तथा चिकित्सालय का निरीक्षण कर रोगी बंदियों से उनकी वीमारी के वारे में हालचाल जाना साथ ही पाकशाला का भी निरीक्षण कर बंदियों के खाने के वारे में जानकारी ली गयी तथा साफ–सफाई के दिशा निर्देश दिये गये।

# सौम्या ने राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण करके नाम रोशन किया

■ **संविलियन विद्यालय में अध्ययनरत हैं छात्रा**



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव तिगरिया खादर संविलियन विद्यालय में कक्षा 8 की छात्रा कु. सौम्या ने राष्ट्रीय आय एवं शैक्षिक योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2024 में कठिन मेहनत करके सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर इंचार्ज अध्यापक डॉ.पृथी सिंह ने सभी छात्र–छात्राओं से कहा कि कुमारी सौम्या से प्रेरणा लें तथा जीवन में आने वाली परीक्षाओ में इसी तरह से परचम लहराए। स्टॉफ ने सौम्या को पुरस्कृत भी किया। पूर्व में भी हमारे विद्यालय के बच्चे इस परीक्षा में लगातार सफलता प्राप्त करते आ रहे हैं। इसलिए समस्त स्टाफ का भी आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर श्वेता सक्सैना, छवि सिंघल, सोनिका जावला, शिखा तोमर, सुधा रानी, रेखा रानी, संजीव कुमार एवं मंजू देवी आदि मौजूद रहे।

# रंजिशन खेत में खड़े यूकेलिप्टिस के पेड़ काटे

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** आदमपुर निवासी किसान थानसिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि लगभग 20 बर्ष पहले गांव शहबाजपुर ढोला के रकबे में जमीन खरीदी थी तथा 7 बीघा भूमि खरीद कर खेत के चारों तरफ यूकेलिप्टस के पेड़ लगा दिए थे और चकबंदी के दौरान चकबंदी अधिकारियों ने मेरे खेत में मोटी रकम लेकर नोएडा के रहने वाले एक व्यापारी का उड़ान चक लगा दिया था। जिसके बाद से मामला न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है। मंगलवार की सुबह लगभग 5 बजे खेत में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ों की काटने की सूचना मिली। इसके बाद वह मौके पर पहुंचे तो यूकेलिप्टस के लगभग दो दर्जन पेड़ों को काट कर जमीन पर गिरा दिए तथा जमीन पर कटे पड़े पेड़ों को जोड़कर लोग अपने ट्रैक्टर ट्राली लेकर भाग गए। काटकर जमीन पर गिराएं गए यूकेलिप्टस के पेड़ों की कीमत लगभग 3 लाख रुपए है। पेड़ काटने वाले व ठेकेदार के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगायी है।

### जीतू मुठभेड़ की मजिस्ट्रीयल जांच शुरू

**मेरठ।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. वी.के. सिंह ने बताया कि एसएसपी के पत्र के आधार पर थाना मुण्डाली क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ की उक्त घटना, जिसमें जीतू उर्फ जितेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश निवासी असौंदा, थाना असौंदा, जनपद झज्जर हरियाणा एक लाख का ईनामी अपराधी की मृत्यु हुई है, संबंधी घटनाक्रम की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु मजिस्ट्रेट नामित करने का अनुरोध किया गया है। जनपद मेरठ के थाना मुण्डाली क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ की उक्त घटना, जिसमें जीतू उर्फ जितेन्द्र हरियाणा की मृत्यु हुई है, की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट मेरठ को जांच अधिकारी नामित किया जाता है।

# मेडिकल कॉलेज में 37 करोड़ की लागत से बनेगा क्रिटिकल केयर ब्लॉक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** जनपद वासियों को बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नव स्थापित मेडिकल कॉलेज में नित्य नए आयाम स्थापित किया जा रहे हैं इसी क्रम में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज में 100 बेडेड क्रिटिकल करे ब्लॉक की स्थापना की अनुमति शासन ने दी है इस ब्लॉक की स्थापना आईटीआई के समीप स्थित सेवायोजन कार्यालय की भूमि पर होगी जिसका प्रस्ताव जिला अधिकारी द्वारा शासन को भेजा गया है जिसमें सेवायोजन की नजूल भूमि को चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग को हस्तांतरित किए जाने की अनुरोध किया गया है मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉक्टर संगीता अनेजा ने बताया कि लगभग 4420 वर्ग मीटर भूमि में स्थापित होने वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक में अनुमानित 37 करोड रुपए की लागत आने की संभावना है उन्होंने बताया कि इस यूनिट के स्थापना होने से क्रिटिकल बीमारियों के मरीज को बेहतर लाभ मिल सकेगा। अधिक जानकारी देते हुए संजय सिंह गंगवार गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि जनपद मुख्यालय पर नव स्थापित मेडिकल कॉलेज में 37 करोड़ की लागत से बनने वाली क्रिटिकल केयर यूनिट से जनपद वासियों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगे। क्रिटिकल केयर यूनिट की स्थापना के लिए उन्होंने पूर्व में शासन को प्रस्ताव भेजा था जिस पर शासन ने अनुमति प्रदान की है। इससे मरीज को विशेषज्ञ चिकित्सा द्वारा चिकित्सा उपलब्ध कराने में उल्लेखनीय सफलता मिल सकेगी।

# इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी शाखा के द्वारा ब्रह्माकुमारी पूरनपुर के साथ मिलकर चलाया गया नशा मुक्ति अभियान

**पूरनपुर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी पीलीभीत शाखा के द्वारा ब्रह्माकुमारी पूरनपुर के साथ मिलकर नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। संस्था के जिला अवैतनिक सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया ब्रह्म कुमारी पूरनपुर के सहयोग से ग्राम रघुनाथपुर में कंपोजिट विद्यालय में जाकर नशा मुक्ति वैन के माध्यम से स्कूल के बच्चों एवं ग्रामीण लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। ब्रह्माकुमारी से रीमा दीदी ने लोगों को नशे की कुरीतियों के बारे में बताया एलसीडी के माध्यम से फिल्म एवं चित्र दिखाकर नशे के होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई एवं नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी से रीमा, सोनम, शिवम विद्यालय के प्रधानाचार्य ऋषि सक्सेना, रेड क्रॉस के सचिव कौशलेंद्र भदोरिया एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# नए निर्माण कार्य में पुरानी ईंट के भ्रष्टाचार पर प्लास्टर का पर्दा



## गांव मोहम्मदपुर पटी में पुरानी ईंट से चल रहा नया निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा/मंडी धनौरा।** विकास खंड अधिकारियों की नाक के नीचे स्टेट हाइवे किनारे गांव मोहम्दपुर पट्टी में हो रहे सड़क के निर्माण कार्य में चल रहा गोरखधंधा जिले के आलाधिकारियों की सख्ती के बाद भी थमा नहीं है। विभागीय अधिकारी व ठेकेदारों की मिलीभगत से इसमें दीवार की चिनाई में नई के स्थान पर पुरानी ईंट व प्लास्टर में भ्रष्टाचार का लेप लगाकर खेल किया जा रहा है। पुरानी ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर इसके प्लास्टर में भ्रष्टाचार का लेप कर अपनी इस कारस्तानी को छुपाया जा रहा है। इस बारे में विभागीय अधिकारी अभी भी मौन बने हुए हैं। स्टेट हाइवे किनारे ब्लॉक व तहसील मुख्यालय से करीब एक किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर पट्टी में इंटरलाकिंग सड़क का निर्माण कराया जा रहा हैं। यहां वर्ष 2012–13 में बनी खड़ंजे की सड़क को उखाड़ कर नया निर्माण किया जा रहा है लेकिन यहां इंटरलाकिंग सड़क के दोनों तरफ करीब एक–एक फुट की दीवार कर नाली का निर्माण किया जा रहा हैं यहां खड़ंजे की पुरानी ईंटो का प्रयोग किया जा रहा हैं। ग्रामीणों का आरोप हैं कि निर्माण में सड़क के दोनों तरफ बनी दीवार व नाली निर्माण में खड़ंजे की पुरानी ईंटो को लगाकर उसपर भ्रष्टाचार का प्लास्टर किया जा रहा हैं। वही खंड विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार ने कहा कि मनरेगा के काम में पुरानी ईंट को गिट्टी के लिए इस्तेमालकिया गया।



### क्या बोले मनरेगा योजना के जिम्मेदार अधिकारी

**मंडी धनौरा।** विकासखंड की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर पट्टी में इंटरलॉकिंग के साथ कराए जा रहे निर्माण कार्य में नाली निर्माण में पुरानी ईट लगाने का मामला संज्ञान में आया है इस मामले की जांच कराई जाएगी जांच के बाद जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**अमरेंद्र प्रतापसिंह, परियोजना निदेशक मनरेगा, अमरोहा**

### मनरेगा पोर्टल पर 60 हजार का एटीओ भी लगाया गया हैं

**मंडी धनौरा।** ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर पट्टी में नेमकुमार के घर से राजेंद्र के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य कराया जा रहा है जिसमें 11 फरवरी से 25 फरवरी तक 237 रुपये प्रति हाजिरी 130 हजारी का लगभग 30 हजार व रोहतास के घर से रघुवीर के घर तक 11 फरवरी 25 से 25 फरवरी 25 तक 237 रुपये प्रति हाजिरी 135 हाजिरी का करीब 31 हजार का एफटीओ लग गया हैं।

### डीएम की सख्ती के भी चल रहा गुणवत्ता से खेल

**मंडी धनौरा।** जनपद की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स जीरो टॉलरेंस की नीति को लेकर बेहद सख्त हैं। लेकिन उसके बाद भी ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यों में जमकर खेल किया जा रहा है, बीते दिन गांव अहरौला माफी में बना रहे आंगनबाड़ी केंद्र में घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने का मामला सामने आया था और अब ताजा मामला मोहम्मदपुर पट्टी गांव का है यहां तो भ्रष्टाचार का खुला खेल किया जा रहा है। नए निर्माण कार्य में पुरानी सड़क की ईट ही उखाड़ कर दोबारा लगा दी जा रही है।

### वर्षा 2012–13 में बने खड़ंजे की ईंटो पर फिर से हो रहा भ्रष्टाचार का प्लास्टर

eMh èkukjkA विकासखंड की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर पट्टी में राज्य वित्त योजना के अंतर्गत कार्यादारी संस्था क्षेत्र पंचायत द्वारा गांव मोहम्मदपुर पट्टी में धनोरा गजरौला मार्ग से ऋषिपाल के घर के पास तक मिटटी खड़ंजे का निर्माण कार्य हुआ था। लेकिन अब मनरेगा योजना के तहत इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिन ईंटों को 2012 में लगाया गया था उन्ही ईटों से नाली का नया निर्माण फिर से कराया जा रहा है।

### ईटों के साथ अधिकारियों की भी खुल रही पोल

**मंडी धनौरा।** गांव मोहम्मदपुर पट्टी में पुरानी ईटों पर प्लास्टर का नया लेप करने के साथ जहां भ्रष्टाचार की पोल खुली तो अधिकारियों की भी हकीकत सामने आ रही है। सड़क निर्माण का काम तेजी से चल रहा है पुरानी ईटों पर प्लास्टर भी रफ्तार के साथ किया जा रहा है लेकिन किसी अधिकारी ने मौके पर जाकर निरीक्षण करने की जहमत नहीं उठाई।

# दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला, पुलिस से लगाई गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** थाना क्षेत्र के गांव बेहटाजवी में एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल वालों पर बेरहमी से मारपीट कर जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।

पीड़िता निशा पुत्री सोमद अली ने पुलिस को बताया कि उनके ससुराल वाले आए दिन दहेज के लिए उसे तरह-तरह से प्रताड़ित करते हैं। रात्रि के वक्त ससुराल वालों ने दहेज की मांग करते हुए जमकर मारपीट की और जान से मारने की कोशिश की। जिसके बाद पीड़िता ने उक्त घटना की सूचना अपने मायके वालों को दी। जिसके बाद मायके वाले आ गए और पीड़िता ने अपने मायके वालों के साथ थाना पहुंचकर पुलिस को घटना की पूरी जानकारी देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता के पिता सोमद अली ने बताया 2021 में उन्होंने अपनी पुत्री का विवाह क्षेत्र के बेहटाजवी गांव में मुस्लिम रीति रिवाज के मुताबिक किया और अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज भी दिया। परंतु ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं है और उनकी पुत्री से दहेज की मांग कर तरह-तरह से प्रताड़ित कर रहे हैं। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पदोन्नत दरोगा चंद्र शेखर सिंह को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित



**धर्मेंद्र कुमार दीक्षित, शाह टाइम्स**

**आसफपुर।** बीते मंगलवार को बदायूं जिले के अंतर्गत थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र की पुलिस चौकी आसफपुर पर तैनात हेड कांस्टेबल की उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति हुई है। इस अवसर पर नव पदोन्नत उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह को बदायूं जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर आमंत्रित कर बैज लगाकर सम्मानित किया। पदोन्नत दरोगा चंद्र शेखर सिंह सन 1994 में कांस्टेबल के पद पर भर्ती हुए थे। कर्मठी चन्द्र शेखर सिंह को उनकी अति उत्कृष्ट सेवा के लिए गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अति उत्कृष्ट सेवा के लिए पदक मिल चुका है। अब शासनादेश पर कर्मठी चन्द्र शेखर सिंह ने बीते मंगलवार को उपरिनिक्षक की कुर्सी संभाल ली है।पदोन्नत चन्द्र शेखर सिंह का कहना है कि अपने कार्यक्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

# पंडित सुभाष दुबे की स्मृति में काव्य संध्या का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मोहन कालोनी में शिक्षक सुभाष दुबे की स्मृति में काव्य संध्या का आयोजन उनके निज निवास पर डां गीतम सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में रमन मिश्रा जिला पूर्ति अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रणंजय सिंह जेलर रहे और साथ ही जिला प्रचारक विशाल जी उपस्थिति रहें। पंडित सुभाष दुबे स्मृति सम्मान 2025 कवि जयवीर चंद्रवंशी को दिया गया। डां गीतम सिंह ने काव्य पाठ करते हुए कहा कि -आसमां नाराज हमसे और धरती है खफा इसलिए वातावरण भी हो गया है वेवफा कवि कामेश पाठक ने कहा- आदर्श शिक्षकों के गुण जिनके चांद सितारे गायेंगे, सुभाष दुबे जी युगों तक याद हमेशा आयेंगे, बिल्सी से पधारे विष्णु असावा ने पढ़ा- है परिवार आपका प्यारा और प्यार ही पलता है, एक कहे तो सबका ही पश्चिम से सूर्य निकलता है। कवि पवन शंखधार ने कहा कि- पिता रत्न की खान है पिता से बड़ा ना कोय पिता की जो पूजा करें सदा सुखी वो होय बिल्सी ओजस्वी जौहरी ने पढ़ा- अब जीवन में काले बादल घिरे हुए रहते हैं दिनकर बन तुम इस जीवन के सारे तम हरते थे। उज्जवल वशिष्ठ ने गीत पढ़ा- कुछ लोगों ने सीता पर भी झूठे दोष लगाए, प्रभु राम से स्वयं युद्ध को राम के बेटे आए। संचालन करते हुए कवि षट्वदन शंखधार ने कहा - शब्दों के पर्वत हरगिज ना ढहते है, हम कब यह इतिहास के पन्ने कहते हैं काव्य पुत्र तो मरकर भी इस दुनिया में गीत गजल छंदों में जिंदा रहते हैं। जयवीर चंद्रवंशी ने पढ़ा- धन- दौलत को जोड़कर, करते रहे फरेब। रखा यहीं रह जाएगा, नहीं कफन में जेब।। इस अवसर पर प्रदीप दुबे ने सभी कवियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में संदीप दुबे, हर्षवर्धन दुबे,राखी दुबे, विनय दुबे, रूपराम, महाराज सिंह, दिलीप कुमार, रमेश चंद्र शंखधार आदि लोग मौजूद रहे।

# परिवहन प्रवर्तन अधिकारी ने पकड़ी ओवर लोडिंग गाड़ियां

## 80 हजार का जुर्माना वसूला , 6 ब्लैक स्पॉट का जायजा लिया






**कामिल खान**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं ।** बिसौली क्षेत्र में- तेज गति व ओवर लोडिंग भरे वाहनों पर नकेल कसने के ख्याल से बीते मंगलवार को तड़के बदायूं जिले के तेज तर्रार सरकार के आदेशों का पालन करने वाले ए आर टी ओ अंबरीश कुमार ने आज दोपहर औचक निरीक्षण के दौरान एक ओवर लोडिंग गाड़ी को अपनी गिरफ्त में ले लिया जिससे 50 हजार रुपए का जुर्माना बतौर वसूल किया गया व बिसौली क्षेत्र में एक अवैध गाड़ी से 30 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया। दौरान जिले के परिवहन प्रवर्तन अधिकारी ने बिसौली क्षेत्र के मदन जुड़ी , वजी. रगंज में मीना ढाबा , रहेडिया चौकी व थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव गनगोली , मुड़िया धुरेकी व सिसरका आदि ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया।

# बदायूं में आधार बनवाने एवं संशोधन के लिए संचालित हैं 219 केंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आधार अनुश्रवण पंजीकरण एवं अपडेशन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए।

आधार कार्ड बनवाने व विभिन्न कारणो से उसमें संशोधन व अपडेशन कराने के लिए संचालित 219 केंद्रों का प्रचार प्रसार करने के लिए कहा।

उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक आधार सेवा केंद्र भी बनाने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने बताया कि आधार बनवाने के लिए विभिन्न विभाग व बैंक रजिस्ट्रार के रूप में नामित है, जिनमें सरकारी व प्राइवेट बैंक, इंडियन पोस्ट, इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक्स, बेसिक शिक्षा व स्पोर्ट्स, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, बीएसएनल वेस्ट, जन सेवा केंद्र ई गवर्नेंस और स्वास्थ्य विभाग हैं। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का जीरो से 05 वर्ष की आयु में आधार कार्ड बन रहा है।

उन्हें 05 वर्ष से 07 वर्ष के बीच तक 15 से 17 वर्ष के बीच अपने आधार का आवश्यक रूप से बायोमैट्रिक अपडेट करवाना चाहिए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा का 01, जन सेवा केंद्र बैंक बीसी के 70, जन सेवा केंद्र ई गवर्नेंस के 02, फिनो पेमेंट्स बैंक का 01, स्वास्थ्य विभाग के 10, इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक के 99, भारतीय स्टेट बैंक का 01, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के 03, बेसिक शिक्षा भारत के 21, यूनियन बैंक आफ इंडिया के 02, डाक विभाग के 07, बीएसएनल वेस्ट के 02 केंद्र संचालित है।

किस आधार केंद्र में क्या-क्या कार्य हो सकते हैं इसकी पूरी सूची जनपद की एन0 आई0 सी0 की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा तथा यूआइडीएआइ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# महाबोधि मंदिर बौद्ध धर्म की पवित्र धरोहर है: रामेश्वर शाक्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** प्रदेश शाक्य मौर्य कुशवाहा सैनी माली महासभा उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में बौद्धों ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम राशि कृष्णा को सौंपा। उन्होंने कहा महाबोधि मंदिर बौद्ध धर्म की पवित्र धरोहर है।

इसे गैर बौद्धों के नियंत्रण से मुक्त करना हमारा अधिकार है। हम चाहते हैं कि सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से ले और हमारी मांगों को पूरा करें। जिलाध्यक्ष रामेश्वर शाक्य ने कहा भारत में मंदिर, मस्जिद व अन्य धर्म स्थानों के संचालन के लिए अपना ट्रस्ट है और अपने धर्म की आस्था के साथ नीति नियमों के अनुसार उनका संचालन करते हैं। तो फिर बौद्धों के लिए अलग नियम/कानून क्यूं। इस अवसर पर रामेश्वर शाक्य, एड भूपसिंह, कृपाशंकर बौद्ध, मुकेश चंद्र शाक्य, सुरेश चंद्र शाक्य, डालचंद्र शाक्य, केसी शाक्य, देवकी नंदन शाक्य, दृगपाल शाक्य, पूज्य भंते आनन्द विनय शील भंते सत्याज्यिति रवि मौर्य धर्मेंद्र शाक्य प्रेमपाल शाक्य आदि मौजूद रहे।

# सिद्ध बाबा इंटर कालेज में हाईस्कूल विज्ञान व इंटर अर्थशास्त्र की परीक्षा शांतिपूर्ण हुई सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में आज प्रथम पाली में हाईस्कूल विज्ञान व द्वितीय पाली में अर्थशास्त्र की परीक्षा सीसीटी कैमरों की निगरानी में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। परीक्षा प्रभारी राजकुमार शर्मा के अनुसार प्रथम पाली में हाईस्कूल विज्ञान में पंजीकृत 563 में से 36 अनुपस्थित रहे ,द्वितीय पाली में इंटर अर्थ शास्त्र विषय में पंजीकृत 55 में से 03 अनुपस्थित रहे। इससे पहले नीरज चौहान, प्रवीण मिश्रा,विपलव भारती रामोतार मोरी ने छात्रों की तलाशी ली। केंद्र व्यवस्थापक नरेश चन्द, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक अफजाल खान व स्टेटिक मजिस्ट्रेट रामसमुझ वर्मा सहकारिता विभाग ने कहा है कि शासन की मंशानुसार अच्छे माहौल में निष्पक्ष,नकलविहीन चल रही है।

# रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा 53 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई बसई में मंगलवार को हाईस्कूल विज्ञान एवं इंटरमीडिएट अर्थशास्त्र की परीक्षा सीसीटीवी केमरों की कड़ी निगरानी में शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व आंतरिक सचल दल सदस्य सुधाकर शर्मा, कामेन्द्र सिंह, रेनू कुमारी द्वारा छात्र -छात्राओं की सघन तलाशी लेने के बाद ही उन्हें कमरों में भेजा गया। परीक्षा प्रभारी हरदीप सिंह के अनुसार सुबह की पाली में हाईस्कूल विज्ञान में 419 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 48 ने परीक्षा छोड़ी। वहीं दूसरी पाली में इंटर अर्थशास्त्र में 121 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 5 ने परीक्षा छोड़ी। दोनों पालियों में मिलाकर 53 परीक्षार्थी परीक्षा से गैरहाजिर रहे। केन्द्र व्यवस्थापक डॉ घनश्याम दास ने परीक्षार्थियों से एकाग्रचित होकर सकारात्मक मानसिकता के साथ परीक्षा देने को कहा। केन्द्र पर बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक राम विलास, स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदेश कुमार अवर अभियन्ता सिंचाई विभाग, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमित पाराशरी आदि उपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्र पर भारी पुलिस बल की भी तैनात रहा।

# डॉ. क्रांति कुमार और हेमेंद्र गौतम बने बसपा के जिला प्रभारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बहुजन समाज पार्टी के बरेली स्थित मंडल कार्यालय पर मंडलीय बैठक हुई। इसमें जिलास्तरीय संगठन में फेरबदल किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय महासचिव व बरेली, मुरादाबाद व अलीगढ़ के मंडल प्रभारी मुनकाद अली रहे। साथ ही बरेली मंडल प्रभारी राजवीर सिंह गौतम व जयपाल सिंह भी बैठक में शामिल रहे। इनकी देखरेख में जिला कमेटी का चयन किया गया। संगठन में डॉ. क्रांति कुमार व हेमेंद्र गौतम को जिला प्रभारी बनाया गया। आरपी त्यागी को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा जमशेद अली को उपाध्यक्ष, मनोज कश्यप को महासर्. चव, केके उपाध्याय को कोषाध्यक्ष, जगदीश सरन को सचिव, राजेश सागर व अशोक कुमार सागर को जिला कार्यकारिणी सदस्य, मधुरवाला को जिला संयोजक बामसेफ व ध्यानपाल को जिला संयोजक बीबीएफ बनाया गया है।

# एडीजे ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार शिव कुमारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को जनपद के जिला कारागार बदायूँ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ऐसे निरूद्ध बन्दी जो दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436क से अच्छादित है तथा अपनी आधी सजा से अधिक समय व्यतीत कर चुके हैं।



उससे सम्बन्धित बंदियों की सूची व इनकी रिहाई के सन्दर्भ में किये गये कार्यवाही उपलब्ध कराये जाने हेतु अधीक्षक जिला कारागार को निर्देशित किया गया जिला कारागार बदायूं में पाकशाला एवं समस्त बैरिकों का निरीक्षण किया तथा निरन्तर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों की समस्याओं को सुना गया, उनके विधिक सहायता के बारे में पूछताछ की गयी तथा उनको विधिक सहायता हेतु।

जागरूक भी किया गया। इसी क्रम में नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बन्दियों को दवा उपलब्ध कराने, एवं महिला कैदियों से एक-एक कर पूछताछ की गयी इसी कम में महिला कैदियों के साथ रह रहे उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया गया साथ ही जिला कारागार में स्थित चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया गया चिकित्सालय में भर्ती बन्दियों से पूछताछ की गयी। इसके अतिरिक्त 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मुकद्दमा दायर होने से पूर्व प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं। इसी कम में निरीक्षण के दौरान कारागार में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं, संजीव कुमार, चीफ एल० ए०डी०सी०, ब्रहमा नन्दन गौतम, डिप्टी चीफ एल० ए० डी०सी०, सत्यवीर सिंह, अर्स्टोट एल ०ए० डी०सी०, राकेश कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, अर्स्टोट एल० ए० डी० सी०, कुमारी कशिश सक्सेना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, कुंवर रणंजय सिंह, उपक. ारापाल मो० खालिद, चिकित्साधिकारी, डॉ० प्रेमपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# डीपाल जूनियर हाईस्कूल जरीफपुर गढ़िया में प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** डीपाल जूनियर हाईस्कूल जरीफपुर गढ़िया में कार्यक्रम आयोजित कर पिछले दिनों हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य धर्मेश शर्मा ने पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इससे छात्र छात्राओं में उत्साह बढ़ता है। साथ ही और बेहतर करने की ललक पैदा होती है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों विद्यालय में सामान्य ज्ञान, भाषण, स्पैलाथान, निबंध, मेंहदी, मोमबत्ती सजाओ, रंगोली, ड्रांइग, कार्ड मेकिंग, फैंसी ड्रेस और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कोमल, आशीष रतन शाक्य, इंद्रजीत, आयुष शाक्य, राखी, आराध्या, रोशनी, उपेन्द्र, गौरव, अनमोल,आकांक्षा, अमित, शिवम, हरिबाबू, जयशिखा, अंजली, सादमा बी, पूजा, नेहा, अनन्या, गोपी, गुंजन, निशा, अनुराधा, चांदनी, दलवीर, प्रियंका, उपमा, अपेक्षा, रिपेश, निशांत, गंगादेव, उपासना, संजीव, मितांश, राशि, सक्षम आदि छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में धर्मेश शर्मा, रामनिवास, हरिराज, मुकेश बाबू, प्रेमपाल सिंह, राजपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पिंकी शाक्य, प्रियंका राय, रिचा सक्सेना, विपिन कुमार, कपिल शर्मा, पंकज भारती, रितु यादव आदि का विशेष सहयोग रहा।

# नवागत सीओ संजीव कुमार ने संभाला चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** बिसौली में तैनात पुलिस क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार को एसएसपी डा.ब्रजेश कुमार सिंह ने एक बार फिर से बिल्सी सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी है।

जबकि महाकुंभ से वापस आए सीओ सुनील कुमार को फिर से बिसौली भेजा गया है। संजीव कुमार ने मंगलवार की दोपहर उन्होनें यहां कार्यालय पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वह मूलत: दिल्ली के रहने वाले है। उन्होने कहा कि शासन की मंशा के अनुरुप जनता की समस्याओं का समय पर निराकरण करना ही उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र में अपराधों को कंट्रोल करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

उन्होने कहा कि क्षेत्र में अभियान चलाकर अपराधियों को पकड़कर शीघ्र जेल भेजा जाएगा। ताकि क्षेत्र में कोई भी आपराधिक घटनाएं न होने पाएं। इस मौके पर अखिलेश कुमार, मंजीत कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। बताते है कि विगत अगस्त माह में यहां एक माह के लिए तैनाती रह चुकी है।

# गिरजा शंकर यादव ने किया हाई स्कूल बोर्ड परीक्षाओं का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव ने इलाहाबाद बोर्ड के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

परीक्षा केंद्र से संबंधित समस्त स्टाफ को परीक्षा सकुशल व नकल विहीन संपन्न करने के लिए दिशा निर्देश दिए। मंगलवार को नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मदन लाल इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में चल रही बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था को चेक किया। इस दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट/वन क्षेत्राधिकारी मनोज पाल सिंह, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक महावीर प्रसाद, प्रिंसिपल अवंतिका सिंह, प्रिंसिपल नरेंद्र कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

# 18 मार्च तक करें पराविधिक स्वयंसेवक हेतु आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तृतीय ने जानकारी देते बताया कि आम जनमानस को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद व तहसील स्तर पर पराविधिक स्वयंसेवक के रूप में कार्य करने के इच्छुक स्थानीय व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनपद मुख्यालय हेतु 20 व जनपद की प्रत्येक तहसील के लिए चार-चार पराविधिक स्वयंसेवक हेतु आवेदन आमंत्रित किया जा रहे है। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए तथा वह स्थानीय व्यक्ति होना चाहिए। आवेदक अपने आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय बदायूं में 18 मार्च 2025 तक सीधे या पंजीकृत डाक के माध्यम से भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक को साक्षर होना चाहिए तथा मैट्रीकुलेट अभ्यर्थी को अधिमानता दी जाएगी। अधिक जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय बदायूं से ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि पराविधिक स्वयंसेवकगण की नियुक्ति हेतु शिक्षक (सेवानिवृत्त शिक्षकों सहित), सेवा. निवृत्त शासकीय कर्मचारीगण एवं वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्य परास्नातक के छात्र एवं शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, चिकित्सक व फिजीशियन, छात्र एवं विधि छात्र (उनके अधिवक्ता पंजीकृत होने तक) आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त गैर-राजनैतिक, सेवा-उन्मुख गैर-शासकीय संगठनों एवं क्लबों के सदस्य, महिला पड़ौस समूह, मैत्री संघम और अन्य स्वयं सहायता समूहों (हाशिए पर एवं नि:शक्त समूहों सहित) के सदस्यगण, कारागार में लम्बी अवधि की सजा काट रहे अच्छा व्यवहार करने वाले शिक्षित बन्दीगण, ऐसे अन्य व्यक्ति जिसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा तहसील विधिक सेवा समिति पराविधिक स्वयंसेवक

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
कामिल खान ब्यूरो चीफ
दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221
Email: mkkhan741@gmail-com

# 31 मार्च तक करें ओबीसी शादी अनुदान हेतु आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्प संख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) की शादी अनुदान योजनान्तर्गत जनपद बदायूँ को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 362.60 लाख का आवंटन जारी किया गया है, जिसके सापेक्ष 1813 पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाना है। अब तक जनपद में उप जिलाधिकरी व खण्ड विकास अधिकारी के स्तर से स्वीकृति के उपरान्त एवं जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त जनपद बदायूँ में 1563 पात्र आवेदकों को लाभान्वित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि यह योजना पूर्णतया ऑनलाईन संचालित है तथा आगामी 31 मार्च 2025 तक निरन्तर संचालित रहेगी। योजनान्तर्गत प्रदान की जाने वाली धनराशि रू0 20000/- प्रति लाभार्थी एवं अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी हेतु अनुमन्य है। आवेदन हेतु पात्रता के अन्तर्गत शादी की तिथि को कन्या की उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की उम्र 21 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है। आवेदक की वार्षिक आय शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में समान रूप से अधिकतम रू0 100000/- (रूपये एक लाख) निर्धारित है। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र पुत्री की शादी तय होने पर शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व से एवं शादी होने के 90 दिन बाद तक बेवसाइट https%@ @shadi-anudan- upsdc-gov-पद पर ऑनलाईन करके समस्त आवश्यक अभिलेखों के साथ सम्बन्धित उप जिलाधिकरी व खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। अगले वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 में होने वाली शादी का आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे।

# पुलिस टीम ने मुठभेड़ में इनामी बदमाश पकड़ा

■ साथी हुआ फरार, पुलिस जुटी तलाश में

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस टीम ने इनामी बदमाश शेर सिंह उर्फ शेरा पुत्र अर्जुन सिंह निवासी वारीनंगला कैंट बरेली को मुठभेड़ में दबोच लिया। जबकि इसका साथी राहुल शर्मा उर्फ टीनू पुत्र राजेंद निवासी खलीलपुर सीबीगंज बरेली मौका पाकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं क्षेत्राधिकारी हाईवे के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक फतेहगंज पश्चिमी एवं थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अपराध व अपराधियों के विरुद्ध अभियान के सिलसिले मे मुखबिर की सूचना पर



लूट व चोरी के दो मुल्जिम जिनके कुछ साथी इज्जतनगर पुलिस व भुता पुलिस ने पकडे है उन्हीं के समूह के दो व्यक्ति पैदल एएनए कॉलेज रोड वाले रास्ते से हाईवे की तरफ जा रहे है तथा जिनके पास तमंचा चाकू है। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी मय हमराह एसआई योगेश कुमार एसआई पंकज कुमार व कांस्टेबल मोहम्मद इरशाद सरवर मय सरकारी वाहन मय चालक हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार तथा एसआई बलवीर सिंह मय प्राइवेट वाहन एसआई यूटी पुनीत मेहरा कांस्टेबल मोहित कुमार व मोहित चौधरी थाना क्षेत्र के ग्राम अगरास से एएनए वाले मार्ग पर पहुंचे तथा सरकारी वाहन की लाईट बन्द कर ली जैसे ही प्रभारी निरीक्षक एएनए इन्स्टीट्यूट से आगे पहुंचे तो सामने दो व्यक्ति आपस में एक दूसरे से बात करते हुये जा रहे है मुखबिर खास द्वारा इशारा करके बताया कि यह जो दो व्यक्ति जा रहे है इन्हीं के द्वारा लूट की घटना की गयी थी। जैसे ही हमारी गाडी आगे बढ़ी तभी सामने चल रहे व्यक्तियों ने पीछे मुड़कर देखा और अपने साथी से चिल्लाते हुये कहा कि पीछे से पुलिस आ गयी है। दोनों व्यक्तियो ने पुलिस पार्टी की तरफ फायर किया और एएनए मार्ग से रबड फेक्ट्री को जाने वाले मार्ग की ओर भागने लगे।

पुलिस वाले भी तत्काल अपनी अपनी गाडियो से उतर कर आड लेकर बदमाश को ललकारते हुए कहा कि रुक जाओ तुम घिर चुके हो चिल्लाकर उन्हें रुकने को कहा लेकिन नहीं रुके और फिर हम पर फायर किया जिससे हम पुलिस वाले बाल बाल बच्चे तथा सिखलाये हुए तरीके से अपने आप को बचाया कि तभी प्रभारी निरीक्षक ने अपनी सरकारी पिस्टल से भागते हुए बदमाश को गिरफ्तार करने के उद्देश से उनके वाईटल पार्ट को बचाते हुए दो फायर किये तभी उनमें से एक बदमाश कराहता हुआ नीचे जमीन पर गिर पड़ा तथा दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की तरफ भाग गया जिसका हम पुलिस वालो द्वारा पकडने का काफी प्रयास किया गया लेकिन पकड़ में नहीं आया।

घायल बदमाश को समय करीब तीन बजकर 53 मिनट पर पकड़ लिया। नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली तो उसने अपना नाम शेर सिंह उर्फ शेरा पुत्र अर्जुन सिंह निवासी ग्राम बारीनंगला थाना कैन्ट जिला बरेली बताया जामा तलाशी मे एक अदद तमन्चा 315 बोर व तमन्चे की नाल में फंसा एक खोका कारतूस व पहने पैन्ट की दाहिनी जेब से एक कारतूस जिन्दा 315 बोर तथा जेब से कुल 28300 रुपये बरामद हुये व दो कान की बाली पीली धातु लाल सफेद पारदर्शी डिब्बे मे रखी हुआ बरामद हुई इस प्रकरण में अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। और पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# आठ साल की फरहीन ने रखा पहला रोजा, किया अल्लाह का शुक्र अदा

■ फरहीन के रोजा रखने पर रिश्तेदारों व परिचितों ने की हौसला अफजाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** रमजान के मुबारक माह में बच्चे भी बड़-चढ़कर रोजे रख रहे हैं। रोजे रखने के साथ-साथ बच्चे नमाज अदा कर कुरआन पाक की तिलावत भी कर रहे हैं।



मूल रूप से तहसील बहेड़ी के गांव कुंडरा कोठी निवासी इकवाल अहमद की आठ साल की पुत्री फरहीन ने मंगलवार को रमजान माह में अपना पहला रोजा रखा। रोजा रखने के साथ-साथ उसने पांचों वक्त की नमाज अदा की। तहसील बहेड़ी के गांव कुंडरा कोठी निवासी इकवाल अहमद की आठ साल की पुत्री फरहीन ने रमजान माह में अपना पहला रोजा रखा। फरहीन के रोजा रखने पर उसकी मां साजिदा बेगम और पिता इकवाल अहमद सहित रिश्तेदारों व परिचितों ने उसकी हौसला अफजाई की। रोजा रखने के साथ-साथ फरहीन ने पांचों वक्त की नमाज अदा की, और इफ्तार का वक्त होने पर परिजनों के साथ रोजा इफ्तार किया। यहां यह बता दें कि फरहीन के वालिद इकवाल अहमद परिवार के साथ दिल्ली के मोहन गार्डन में रहकर काम करते हैं। फरहीन के बड़े भाई मोहम्मद अजमल ने कुरान हिफ्ज कर लिया है। हौसला अफजाई करने वालों में मुख्य रूप से शकील अहमद, मुश्ताक अहमद, इरफान अहमद, अली अहमद, मोहम्मद इरफान मुनीम, मोहम्मद शुऐब, मोहम्मद सोहिल, रियाज अहमद, मोहम्मद अफजल, मोहम्मद अशरफ, मोहम्मद अनस, मोहम्मद तौहीद आदि शामिल रहे।

# तकवा और परहेजगारी की मिसाल थीं सय्यदा फातिमा जहरा: अहसन मियां

■ दरगाह पर रोजा इफ्तार का किया गया एहतिमाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** मुकद्दस रमजान माह में इस्लाम की एक अजीम हस्ती पैगम्बर-ए-इस्लाम की प्यारी बेटी, चौथे खलीफा हजरत मौला अली की जौजा (पत्नी) और शहीद-ए-आजम हजरत इमाम हुसैन की वालिदा हजरत सय्यदा फातिमा जहरा रदियल्लाह अन्हा का तीन रमजान को विसाल हुआ था। इस मौके पर आज सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां के निवास पर महफिल का एहतिमाम दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती में तिलावत-ए-कुरान से हुआ।

सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने खिराज पेश करते हुए सीरत मुबारका पर रोशनी डालते हुए कहा कि आपको सब्र, तकवा और परहेजगारी के लिए जाना जाता है।



आपकी जिंदगी मुस्लिम ख्वातीनों (महिलाओं) के लिए बेहतरीन मिसाल है। आप गरीबों, यतीमों, बेवाओं, मिस्कीनों और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा आगे रही। इस्लाम की खातिर आपका पूरा का पूरा घर कर्बला के मैदान में अल्लाह की राह में कुर्बान हो गया। मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने कहा कि अल्लाह के रसूल ने इरशाद फरमाया कि फातिमा मेरे जिगर का टुकड़ा हैं, जिसने उन्हें तकलीफ दी, उसने मुझे तकलीफ दी। महिलाएं हजरत फातिमा जहरा की जिंदगी पर अमल करते हुए इस्लाम के मुताबिक अपनी जिदंगी गुजारें। आपने अल्लाह की राह में सब कुछ कुर्बान करने का पैगाम दिया। दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि आखिर में फातिहा के बाद खुसूसी दुआ सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने की। 6 बजकर 18 मिनट पर रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। एक ही दस्तरख्वान पर सज्जादानशीन के साथ सभी ने इफ्तार किया।

इस मौके पर मौलाना जाहिद रजा, मौलाना बशीर उल कादरी, अल्हाज मोहसिन हसन खघन, शाहिद नूरी, नासिर कुरैशी, परवेज नूरी, अजमल नूरी, औरंगजेब नूरी, ताहिर अल्वी, हाजी जावेद खान, मंजूर रजा, मुजाहिद बेग, हाजी शकील, जावेद खान, कामरान खान, निजाम बंटी शान रजा, नाजिम रजा, अब्दुल माजिद खान, शान रजा, इशरत नूरी, जोहिब रजा, साजिद नूरी, नईम रजा, सय्यद माजिद, इरशाद रजा, तनवीर रजा, सबलू अल्वी, आरिफ रजा, आल नबी, काशिफ रजा, यूनुस गद्दी, मो. हसिन रजा, सुहैल रजा, शाद रजा, अरबाज रजा, तारिक सईद, मुस्तकीम रजा, अजमल रजा, समी खान, गौहर खान, साकिब रजा, आदिल रजा आदि लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम ने सरकारी अस्पताल का किया निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहेड़ी का निरीक्षण के दौरान गंदगी देख एसडीएम ने नाराजगी जताई। मंगलवार को एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। मौके पर गंदगी मिली, शौचालय भी गंदे पाए गए। डॉक्टर निजी मेडिकल स्टोरों से दवाई लाने के लिए पर्ची लिख रहे थे। पुरुष वार्ड में डॉक्टर के आने का कोई भी रजिस्टर में अंकन नहीं था।

तमाम खामियों को देख एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अमित को कार्य शैली में सुधार लाने के आदेश दिए। इस पूरे निरीक्षण की एक रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई है।

## एक नजर

# शादी का झांसा देकर युवक ने युवती से बनाए शारीरिक संबंध

शाह टाइम्स संवाददाता

**शादी करने से मना करने पर युवती ने दर्ज कराया मुकदमा**

**बहेड़ी।** एक युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जब उसने युवक से शादी करने के लिये कहा तो उसने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक व उसके परिवार के तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना बहेड़ी के ग्राम हरहरपुर डूंडा शुमाली निवासी एक युवती का कहना है कि पड़ोस के ही एक युवक सोहेल पुत्र तौफीक ने शादी का झांसा देकर उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। इसके बाद युवक ने शादी करने का झांसा देकर उसके साथ काफी बार शारीरिक सम्बन्ध बनाये। जब उसने युवक से शादी करने के लिये कहा तो वह टाल मटोल करता रहा, और बाद में फिर युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया। आरोप है कि शादी के लिये कहने पर युवक व उसके घर वालों ने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने सोहेल उम्र 23 वर्ष, तौसीफ उम्र 26 वर्ष पुत्र तौफीक, तौफीक पुत्र हवीव अहमद, हाजरा पत्नी तौफीक निवासीगण ग्राम हरहरपुर डून्डा शुमाली थाना बहेड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नैट पीजी पास कर रिछा सीएचसी के इंचार्ज डॉक्टर जलीस अहमद बने जनरल सर्जन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली जिला अस्पताल जनरल सर्जरी की सीट मिली, सीएचसी का चार्ज छोड़ा**

**बहेड़ी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) रिछा के इंचार्ज पद पर तैनात डॉक्टर जलीस अहमद ने नैट पीजी पास कर ली है। उनकी तैनाती बरेली में ही जिला अस्पताल की जनरल सर्जरी की सीट पर हुई है। नया ओहदा मिलने के बाद उन्होंने सीएचसी का चार्ज छोड़ दिया है। आंवला सीएचसी अधीक्षक को रिछा सीएचसी इंचार्ज का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

पीलीभीत जिले के कस्बा अमरिया निवासी जलीस अहमद की तैनाती रिछा सीएचसी पर चार वर्ष पहले हुई थी, डेढ़ माह पहले सीएचसी इंचार्ज रहे डा. शुऐब खान के तबादले के बाद उन्हें सीएचसी इंचार्ज बनाया गया था। वह काफी समय से नैट पीजी की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने इसकी परीक्षा दी थी, जिसमें उनका चयन हो गया है।

जिला अस्पताल में दो सीट जनरल सर्जरी की होती हैं। जिनमें एक आल इंडिया और एक स्टेट से होती है। डा. जलीस अहमद का नैट पीजी पास करने के बाद स्टेट वाली सीट पर चयन हुआ है। उन्हें बरेली जिला ही मिला है। उन्होंने पुराना पद छोड़कर जिला अस्पताल जाकर नए पद पर ज्वाइन कर लिया है। अब डॉक्टर जलीस अहमद एमबीबीएस एमएस (जनरल सर्जन) कहलाएंगे। उनके चयन पर सीएचसी के डा. एके वर्मा, डा. अजीत प्रज्ञ, डा. गजेन्द्र नबरियाल, डा. सुमय्या खानम, डा.एके रघुवंशी के अलावा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने बधाई दी है। सीएमओ डा. विश्राम सिंह ने अग्रिम आदेशों तक आंवला सीएचसी के अधीक्षक डा. शशांक रतनघ यादव को रिछा सीएचसी इंचार्ज का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है। डा. जलीस अहमद के चार्ज छोड़ने के बाद यहीं तैनात डा. एके रघुवंशी काम देख रहे थे।

**इधर** सीएचसी रिछा पर इंचार्ज रहे डा. जलीस अहमद और डा. एके रघुवंशी के प्रयास से एक्सरे की सुविधा शुरू हो गई है। मंगलवार को यहां पहला एक्सरा हुआ। यहां एक्सरे की मांग काफी समय से की जा रही थी

# रमजान, होली व ईद के त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

■ त्यौहारों को लेकर बिजली, पानी, रोड आदि की समस्या को जारी किए नंबर
■ स्वेच्छता से जुमे की नमाज का समय परिवर्तित करने और जुलूसों को जल्दी किए का लिया निर्णय
■ सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन के माध्यम से कराया जाएगा सर्वे
■ छतों पर रखें ईट-पत्थरों की कराई जाएगी जांच



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक डा. राकेश सिंह, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की उपस्थिति में मंगलवार को होली, रमजान तथा ईद के त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में पीस कमेटी की बैठक पुलिस लाइन के रविंद्रालय सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने सर्व प्रथम होली और जुमे की नमाज एक ही दिन होने पर बरेली जनपद के लोगों द्वारा स्वेच्छा से जुमे की नमाज का समय थोड़ा देर से करने और इसी दिन निकाले जाने वाले जुलूसों का समय थोड़ा जल्दी किए जाने जिससे दोनों ही कार्य सकुशल सम्पन्न हो कि भूरी-भूरी सराहना की, और कहा कि उक्त सराहनीय प्रयास का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे प्रदेश स्तर पर शांति और सौहार्द की नजीर बने।

उन्होंने पीस कमेटी के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा और आपका यही उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति माहौल खराब न कर सके। पीस कमेटी के लोगों का डबल रोल है, आप हमारी बातें आम जनमानस तक पहुंचाने का और उनकी बातें पुलिस प्रशासन तक लाने का कार्य करते हैं। आपके माध्यम से लोगों तक यह संदेश पहुंचे कि जो लोग सहयोगी हैं उनके सहयोग में हम भी खड़े हुए हैं, और जो गलत मंसूबे पाले हुए हैं उन तक भी यह संदेश पहुंचे कि उनके मंसूबे पूरे नहीं होने दिए जाएंगे। निर्देश दिए गए कि डीजे की आवाज इनती न रखें कि वहां रहने वाले लोगों को असुविधा या अश्लील गाने या सौहार्द बिगाड़ने वाले गानों को न बजाया जाए। होलिका दहन के लिए लोग जा रहे होंगे और तारावीह करके लोग आ रहे होंगे, ऐसे समय पर कोई समस्या उत्पन्न न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने कहा कि आगामी त्यौहारों को अच्छी प्रकार से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा तैयारी की गयी है। आप लोगों के द्वारा भी सहयोग व समझदारी भी प्रदर्शित की जा रही है यह बहुत अच्छी बात है। जो लोग रंग खेलना चाहते हैं उसी के साथ खेलें, हानिकारक रंग, कीचड़ आदि का प्रयोग न करें। अगर गलती से रंग पड़ जाता है तो किसी दुर्भावना से नहीं, तो इसे सामान्य तरीके से लेना चाहिए।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक डा. राकेश सिंह ने कहा कि आप लोगों का सहयोग और सामंजस्य बहुत अमूल्य है, जिसके माध्यम से समस्त त्यौहार सकुशल सम्पन्न होंगे। उन्होंने बताया कि जुलूस सुरक्षा समिति बनायी जाएगी, जिसमें स्थानीय लोग शामिल होंगे। सोशल मीडिया पर 24 घण्टे पैनी नजर रखी जा रही है, गलत पोस्ट करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

बैठक में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कहा कि आप लोगों द्वारा स्वेच्छा से नमाज के समय में परिवर्तन का जो निर्णय लिया है वह निसंदेह सराहनीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि आज जो समस्याएं बतायी गयी हैं उनका यथाशीघ्र निस्तारण कराया जाएगा। पूर्व की बैठक में भी आई समस्याओं का निस्तारण कराया गया है, आगे भी यदि कोई समस्या हो तो 0581-2422202 व 0581-2428180 पर जानकारी दे सकते हैं।

बैठक में निर्देश दिए गए कि उक्त समयावधि में दमकल/अग्निशमन विभाग सक्रिय रहे तथा पानी की सप्लाई भी सक्रिय रहे। गौशालाओं के केयर टेकर त्यौहार के समय वहीं पर निवास करें, जिससे कोई अप्रिय घटना न होने पाए। यदि कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़ने का प्रयास करता है तो कानूनी कार्यवाही के साथ ही विकास सम्बन्धी योजनाओं की पात्रता की जांच करायी जाएगी, और अपात्र पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि जनपद में 2866 स्थानों पर होलिका दहन तथा 69 जुलूस आयोजित होंगे, जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी जुलूस सुरक्षा समिति के सदस्यों को दी गयी है। अतिसंवेदनशील होलिकाओं में 12 मार्च से ही पुलिस व्यवस्था रहेगी। ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराया जाएगा, जिसमें छतों पर रखें ईट-पत्थरों की जांच की जाएगी यदि कहीं किसी की छत पर ईट-पत्थर रखें हो तो अभी से हटा लें। बैठक में दरगाह आला हजरत के प्रतिनिधि जावेद हाजी, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक देहात, पुलिस अधीक्षक यातायात, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, संभ्रांत नागरिकगण, पीस कमेटी के सदस्य सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# खंभे से टकराई बारातियों की कार

## युवक की मौत, पांच घायल, घर में मच गया कोहराम



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बहेड़ी से बारातियों को लेकर लौट रही कार नैनीताल हाइवे पर जादौंपुर के पास खंभे से टकरा गई, जिससे छह बराती गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान पीपलसाना चौधरी निवासी 27 वर्षीय शिवम कुमार की मौत हो गई। उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया।

भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव पीपलसाना चौधरी निवासी मोहन लाल के बेटे अनिल कुमार की शादी थी। सोमवार शाम को पीपलसाना चौधरी से बारात बहेड़ी के गांव भूड़ा गई थी। दावत व जयमाला कार्यक्रम के बाद बारातियों को लेकर एक कार रात करीब 12 बजे वहां से निकली। नैनीताल हाइवे पर जादौंपुर के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर लगे स्ट्रीट लाइट के खंभे से टकरा गई।

हादसे में शिवम कुमार, राकेश कुमार, कार चालक अन्नू, छत्रपाल, रवि, विकास गुप्ता घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निजी एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान शिवम की मौत हो गई। पुलिस ने कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शिवम तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। शिवम की 25 मार्च 2023 को शादी हुई थी। पत्नी निकिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डीएम ने जन सुनवाई के दौरान सुनीं जनसमस्याएं



■ संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के वास्तविक निस्तारण करने के सम्बन्ध में दिए आवश्यक निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने मंगलवार को प्रत्येक दिवस की भांति कलेक्ट्रेट कार्यालय में जन सुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना, और सम्बंधित अधिकारियों को शिकायतों का वास्तविक निस्तारण करने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए।

जन समस्याओं को समस्त सम्बंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आमजन की शिकायतों को सुनकर शत प्रतिशत उनका निराकरण किया जाये।

डीएम ने जन सुनवाई के दौरान कहा कि जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान जो भी शिकायतें आ रही हैं, उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं, और इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये की शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट होना चाहिए।

# बरेली में गरजा प्रशासन का बुलडोजर

शाह टाइम्स संवाददाता



**खोखे और होर्डिंग्स ले गई नगर निगम की टीम**

**बरेली।** बरेली में नगर निगम की अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। मंगलवार को नगर निगम की टीम ने सेटेलाइट बस अड्डे के पास बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाया। टीम ने सड़क किनारे बने अवैध खोखे और होर्डिंग्स को हटाकर जब्त कर लिया, जिससे दुकानदारों में खलबली मची रही। जैसे ही नगर निगम की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची, वहां अवैध रूप से ठेले और खोखे लगाए दुकानदार भागने लगे। कई दुकानदारों का सामान जब्त कर लिया गया, जबकि कई खोखों को बुलडोजर की मदद से हटाकर नगर निगम की गाड़ी में भर लिया गया। इसके अलावा, दुकानों और होटलों के बाहर लगे अवैध होर्डिंग्स को भी जब्त कर लिया गया। सेटेलाइट बस अड्डे के आसपास लंबे समय से जाम की समस्या बनी हुई थी। सड़क किनारे लगे ठेले और खोखों के कारण राहगीरों को निकलने में परेशानी हो रही थी। नगर निगम की इस कार्रवाई के बाद लोगों को जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। कार्रवाई के दौरान नगर निगम की टीम ने दुकानदारों और ठेले-खोखे वालों को सख्त चेतावनी दी कि यदि दोबारा अवैध निर्माण किया गया, तो फिर से बुलडोजर चलेगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सेटेलाइट बस अड्डे के पास शराब की दुकानों की भरमार होने के कारण यह इलाका शराबियों का अड्डा बन गया था। लोग शराब खरीदकर खुलेआम सड़क किनारे ठेलों पर पीते थे, जिससे भीड़ और जाम की स्थिति बनी रहती थी। साथ ही, नॉनवेज ठेलों और धूम्रपान के खोखों पर शराब सेवन से माहौल खराब हो रहा था। नगर निगम की इस कार्रवाई से राहगीरों को राहत मिलेगी और सार्वजनिक स्थानों पर अव्यवस्था कम होगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मल्हपुर सबराह विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मल्हपुर सबराह विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा/15वां वित्त आयोग (अनटाइड/टाइड फण्ड) की धनराशि से ग्राम पंचायत में समुदाय के लिए खाद्यान्न भण्डारण निर्माण कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु सीमेंट, बजरफुट, ईंट की रोड़ी, बजरी, बारीक रेता, प्रथम श्रेणी की ईंट, मिट्टी, पन्नी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-19.02.2025 को समय 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-20.02.2025 को समय दोपहर 2:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | ग्राम पंचायत में समुदाय के लिए खाद्यान्न भण्डारण निर्माण | 893000.00 |

**महेन्द्र पाल** (प्रधान) **ओमेंद्र कुमार** (सचिव)


# जिला विकास अधिकारी के कार्यालय से पदोन्नति की पत्रावलियां गायब

■ डीडीओ दफ्तर का प्रधान सहायक निलंबित
■ करीब 19 साल पहले हुई पदोन्नति की थी फाइल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** करीब 19 साल पहले हुई पदोन्नति की फाइल गायब होने के मामले में डीडीओ (जिला विकास अधिकारी) के दफ्तर के प्रधान सहायक हरीश गंगवार को सीडीओ जगप्रवेश ने निलंबित कर दिया गया है। प्रधान सहायक से स्पष्टीकरण लेने के बाद संतुष्ट नहीं होने पर कार्रवाई की गई।

बताया जाता है कि 2006 में विभाग में तीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति कर उन्हें तृतीय श्रेणी कर्मचारी बनाया गया था। उस वक्त यह काम हरीश गंगवार देख रहे थे।

जनवरी 2025 में भोजीपुरा ब्लॉक के पत्रवाहक नदीम अहमद की ओर से नियमों का हवाला देते हुए पदोन्नति की मांग की गई। इस पर 2006 में किस तरह से तीन कर्मचारियों की पदोन्नति की गई थी, यह जानने के लिए कि उन पत्रावलियों की मांग की गई, लेकिन काफी खोजबीन के बाद पत्रावली नहीं मिल सकी।

पत्रावली गायब होने का मामला सीडीओ के संज्ञान में पहुंचा। उन्होंने इससे संबंधित कई लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

प्रधान सहायक हरीश गंगवार की ओर से दिए गए जवाब से अधिकारी संतुष्ट नहीं हुए। प्रथम दृष्टया प्रधान सहायक को ही जिम्मेदार माना गया। इसके बाद सीडीओ ने प्रधान सहायक को निलंबित कर दिया।


**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर फोटोग्राफर की मौत

## शादी में फोटोग्राफी कर बाइक से अपने गांव लौट रहा था युवक, अचानक हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना खेकडा क्षेत्र की एनबीसीसी कॉलोनी में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर मंगलवार को सुबह करीब पांच बजे किसी अज्ञात वाहन ने शादी से लौट रहे एक फोटोग्राफर की बाइक में टक्कर मार दी जिससे फोटोग्राफर की मौकें पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। मृतक की पहचान गांव बासौली निवासी विजय के रूप हुई। पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस दुर्घटना करने वाले वाहन चालक का पता लगा रही है।

थाना रमाला क्षेत्र के गांव बासौली निवासी सुरेंद्र का 25 वर्षीय पुत्र विजय फोटोग्राफी का कार्य करता था। गत सोमवार की रात वह गाजियाबद एक शादी में फोटोग्राफी



मृतक विजय का फाइल फोटो

करने के लिए गया था। बताया गया है कि मंगलवार को वह शादी समारोह से बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। सुबह करीब 5 बजे जब वह दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एनबीसीसी कालौनी के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लए भेजा। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान विजय पुत्र सुरेंद्र निवासी बासौली के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। युवक की मौत की खबर सुनकर परिवार में शोक की लहर दौड गई। पुलिस वाहन चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# धारदार हथियार से हमला कर पति-पत्नी को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर के मौहल्ला केतीपुरा में पडोसियों ने धारदार हथियारों से हमला कर पति-पत्नी को घायल कर दिया। पीडित ने इस संबंध में आरोपियों के विरूद्ध कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।



नगर के मौहल्ला केतीपुरा निवासी हासिन के अनुसार उसके पडोसी उसके परिवार के साथ रंजिश रखते हैं और कई बार उनके साथ मारपीट भी कर चुके हैं। उसने बताया कि मंगलवार को पडौसियों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर उसे व उसकी पत्नी को घायल कर दिया। पीडित ने इस संबंध में आरोपियों के विरूद्ध कोतवाली में तहरीर दी है और कार्रवाई की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने की जिला संयुक्त चिकित्सालय शासी निकाय की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मंगलवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय की शासी निकाय की बैठक की अध्यक्षता की और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। बैठक में अस्पताल की सुविधाओं, स्टाफ की उपलब्धता और मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को आवश्यक संसाधन सुनिश्चित करने और मरीजों को सुचारू चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.एस के चौधरी सामान्य सदस्य आदि उपस्थित रहे।



# जिला जज, डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद न्यायाधीश संजय कुमार मलिक, जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय ने मंगलवार को जिला कारागार बागपत का निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने महिला बैरक में निरुद्ध महिला कैदियों, चिकित्सालय एवं पाकशाला (रसोई घर) हाई सिक्योरिटी निरीक्षण किये। जिला जज व जिलाधिकारी ने महिला बैरक का निरीक्षण के दौरान निरुद्ध महिला कैदियों से खानपान व समस्याओं के बारे में जानकारी लिए एवं शहृदय भावना से निरूध महिला कैदियों से वार्ता कर उनका हाल चाल जाना। उन्होंने कहा जिनके पास सरकारी वकील नहीं है उन्हें सरकारी वकील दिया जाए इसके लिए प्रार्थना पत्र भिजवाएं। उन्होंने अस्पताल वार्ड का निरीक्षण किया एवं कैदियों से उनके स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं निर्देशित किया कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करते रहें। तत्पश्चात उन्होंने पाकशाला का निरीक्षण किया जहां मीनू के हिसाब से भोजन पाया गया। जिला जज व जिला. धिकारी ने जेल अधीक्षक से कहा कि कैदियों को भोजन, नाश्ता प्रतिदिन मीनू के अनुसार शुद्धता के साथ दिया जाए इसमें कोई अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर अपर जिला जज शिवकुमार व सहित जेल अधीक्षक व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## एक नजर

### विवाहिता ने मायके वालों पर लगाया धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रेमी के साथ विवाह करने पर विवाहिता के मायके वाले प्रेमी युगल को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। विवाहिता का कहना है कि उसके मायके वाले उसके पति व ससुरालियों के विरूद्ध कभी भी कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। विवाहिता ने एसपी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए मामयके वालों से अपने पति व ससुरालियों की सुरक्षा कराने की गुहार लगाई है।

थाना बालैनी क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती का अपने ही पडौसी युवक के साथ काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के अनुसार उसने अपनी मर्जी से बिना किसी दबाव के अपने प्रेमी के साथ 15 जुलाई 2024 को कोर्ट मैरिज कर ली थी। उसने बगताया कि शादी के बाद से ही वह पति-पत्नी के रूप में अपना दाम्पत्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं। विवाहिता के अनुसार उसके भाई व अन्य मायके वाले शादी से खुश नही हैं और उसके पति व ससुरालियों को जान से मारने की धामकी दे रहे हैं। विवाहिता का कहना है कि उसके मायके वालों से उसके पति व ससुरालियों कों जान का खतरा बना हुआ है। विवाहिता ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए अपने पति व ससुरालियों की सुरक्षा कराने की गुहार लगाई है।

### कबड्डी चैंपियनशिप के फाइनल में गोरखपुर ने बागपत को 5 प्वाइंट से पछाडा

**शाह टाइम्स संवादाता**

**बड़ौत।** युवा कल्याण विभाग प्रान्तीय रक्षक दल महानिदेशालय व खेल संघ द्वारा 2 मार्च से चल रही झांसी के भानी देवी गोयल इंटर कॉलेज में स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप में बागपत की जूनियर बालिका वर्ग ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एड विशेष तोमर द्वारा बताया गया कि, झांसी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गोरखपुर और मेरठ मण्डल के बागपत जिले का हुआ, जिसमें गोरखपुर 33 प्वाइंट और बागपत 28 प्वाइंट बना पायी। इस तरह गोरखपुर ने 5 प्वाइंट के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया और बागपत ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बागपत टीम कैप्टन तनु त्यागी का अच्छा प्रदर्शन रहा तथा कु. पायल, रिया, परी, प्रीति, वर्षा, साक्षी, मीनाक्षी का भी अच्छा प्रदर्शन रहा। टीम की सभी बालिका वर्ग की खिलाड़ी नगर की शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी गुड मंडी में अभ्यास करती हैं, जिसको मेडल ट्राफी और प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया। विजेता खिलाड़ियों को नरेंद्र सिंह जिला कबड्डी सचिव बागपत और युवा कल्याण विभाग अधिकारी वैश्विक डबास, क्षेत्रीय युवा कल्याण विभाग अधिकारी अंकित कुमार, हरीश मिश्रा, सोनू कुमार आदि के द्वारा शुभकामनाएं दीं गई।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयं सेविकाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवादाता**

**बड़ौत।** नगर के जनता वेदिक कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के पाँचवे दिन की शुरुआत जनता वैदिक कॉलेज के खेल मैदान में स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वच्छता अभियान से की गई जिसमें उन्होंने सारे प्लास्टिक,पॉलीथिन बैग्स, कपड़े,कांच की बोतल,कागज एवं अन्य चीजों को एकत्रित कर कूड़ेदान मे फेका। वहां उपस्थित व्यायाम शिक्षक डा.अनंत कुमार एवं कार्यक्रम अधिकारी श्वेता अग्रवाल ने सारी स्वयंसेविकाएं को सहारणीय काम की प्रशंसा करते हुए खुद के लिए तालियां बजवाई। कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम अधिकारी श्वेता अग्रवाल द्वारा अगले दिन के शिविर की कार्ययोजना पर प्रकाश डालकर एवं स्वयंसेविकाओं को अगले चरण के लिए उत्साहित करके किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मनोज कुमार का सहारणीय योगदान रहा।

### होली के बाद शहर में जोरशोर से शुरू होगा अतिक्रमण विरोधी अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अनुरोध पर तथा आपसी सहमति के चलते अतिक्रमण विरोधी अभियान होली पर्व के बाद चलाने का लिया गया निर्णय। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की एसडीएम, सीओ, इस्पेक्टर बड़ौत एवं ईओ बड़ौत द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में अतिक्रमण संबंधित मीटिंग में जिला अध्यक्ष व्यापारी नेता भूपेश बब्बर द्वारा अधिकारियों से कहा गया कि, आगामी त्यौहारों को देखते हुए अतिक्रमण अभियान न चलाया जाए। बताया गया कि, इस प्रस्ताव पर एसडीएम व सीओ ने आश्वासन दिया कि, अतिक्रमण अभियान होली के पश्चात चलाया जाएगा ।व्यापारी नेता भूपेश बब्बर ने कहा कि, बाजार में एक व्हाइट पट्टी सड़कों पर लगानी चाहिए, जिसमें सभी व्यापारियों की सीमा निश्चित हो सके और आपस में तालमेल शासन प्रशासन के साथ बना रहे ,इससे किसी भी व्यापारी को परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा। जिला अध्यक्ष व्यापारी नेता भूपेश बब्बर ने ईओ नगर पालिका से कहा, पार्किंग के लिए जगह निर्धारित करें, जिससे बाजार में जाम की समस्या का निदान हो सके। अश्वासन दिया कि जल्द ही बड़ौत में पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

# माहे रमजान में बाजार हुए गुलजार, जमकर हुई खरीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में माहे रमजान के साथ बाजार हुए गुलजार जमकर हुई खरीदारी फलों की दुकान पर महंगे बिक रहे हैं। रोजमर्रा की तरह इस्तेमाल होने वाले फल फ्रूट माहे रमजान में जमकर खरीदे जा रहे हैं।

फल फ्रूट फुस वाली मस्जिद के निकट बाजार को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया है। बाजार के अंदर इस समय फल फ्रूट पर भी तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। रमजान के समय रोजेदारों को फल खरीदते वक्त एक बार सोचना पड़ रहा है। तरह-तरह की खजूर बाजार में भारी कीमतों में बिक रही है जिससे लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। रमजान के महीने में फलों पर 20फिसदी तक हुई महंगाई से रोजेदार भी परेशान है। रोजेदार खजूर को रोजा खोलने में बड़े चाव के साथ इस्तेमाल करते हैं। रोजेदारों को सबसे बड़ा तोहफा खजूर है क्योंकि खजूर से ही रोजा खोला जाता है

इस समय बाजार में अलग-अलग खजूर के दाम 150 रुपए से लेकर 250 तक हो गए हैं। इस समय फलों की कीमतों में उछाल आ रहा है। रमजान माह व होली माह में महंगाई का दौरा अक्सर देखा जाता है। हिंदू मुस्लिम का त्यौहार एक साथ होने से बाजार में समय महंगाई की डबल मार झेलने को मजबूर है नागरिक रमजान माह में रोज होते हैं व हिंदू रीति रिवाज के अनुसार होली की कोथली भाई बहनों के यहां लेकर जाते है।



# हथियार के साथ हुआ महिला का फोटो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र में हथियारो के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला थमने का नाम नही ले रहा है। ऐसा लग रहे है जैसे यह एक फैशन कुछ लोग समझने लगे है। उनको पुलिस प्रशासन का कोई डर भह नही है, जिसके चलते कुछ लोग हथियारो के साथ फोटो वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर अपना रूतबा कायम करनी की सोच के जिसके चलते फोटो वायरल करते है। अब कुछ महिला भी पुरुषो से पिचे रहने का नाम नही ले रही है। ऐसा ही कुछ एक फोटो मे दिखाई दे रहा है जहा पर एक महिला हाथो मे बंदूक लिए हुए उसका प्रदर्शन कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने सख्त आदेश दे रखे है कि कोई भी व्यक्ति जिले मे अवैध हथियार व लाइसेंस हथियार का प्रदर्शन ना करे यदि ऐसा कोई करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कि जाएगी। उसके बाद भी यह शिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है।



मिली जानकारी के अनुसार हथियार के साथ छपरौली क्षेत्र में एक शादी में दूल्हे द्वारा जयमाला के दौरान पिस्टल लहराया गया और महिला द्वारा बंदूक का प्रदर्शन किया गया, जिनके फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। वायरल फोटो वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। फोटो वीडियो छपरौली क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। वीडियो क्षेत्र के किस गांव कि है इसकी जानकारी प्राप्त नही हो पाई है। छपरौली थाना अध्यक्ष का कहना है कि मामले की जांच चल रही है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# बैठक में भाजपाईयों ने समर्पण निधि अभियान पर किया मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने कहा कि पार्टी की रीढ़ कार्यकर्ता होते हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी ही संगठन को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि जो मंडल अध्यक्ष या पदाधिकारी लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहेंगे, उन्हें पदमुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा भाजपा कोई कंपनी नहीं है और मैं कोई सीईओ नहीं। हम सब कार्यकर्ता हैं, जो पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए एकजुट होकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा जो लोग संगठन के प्रति समर्पित नहीं हैं, उन्हें जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। भाजपा में केवल कर्मठ और अनुशासित कार्यकर्ताओं को ही स्थान मिलेगा। बैठक में समर्पण निधि अभियान को लेकर विशेष चर्चा हुई। वेदपाल उपाध्याय ने कहा भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रहित और समाज सेवा के लिए समर्पित एक विचारधारा है। यह अभियान हमें सेवा, समर्पण और संगठन की भावना को और अधिक मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया इस अभियान का उद्देश्य संगठन को आर्थिक रूप से मजबूत करना है, जिसमें कार्यकर्ता और समर्थक अपना योगदान देंगे। जिला महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक बिजेंद्र शर्मा एडवोकेट ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर हर वर्ष पार्टी द्वारा समर्पण निधि एकत्रित करने अभियान चलाया है। जिसको लेकर इस वर्ष भी संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व के निर्देशानुसार समर्पण निधि एकत्रित की जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने की अपील की। संचालन जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष संदीप वशिष्ठ, सह संयोजक रविन्द्र आर्य, मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रधान, प्रभात तोमर, सुधीर त्यागी, संदीप यादव, विकास आदि मौजूद रहे।



# कार्यवाहक सीडीपीओ ने किया औचक निरीक्षण, मिली खामियाँ

**शाह टाइम्स संवादाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के लूंब गांव निवासी मनीष चौहान ने बताया कि उन्होने जनसुनवाई पोर्टल पर लगभग बीते दस दिन पहले शिकायत की थी कि उनके गांव लूम्ब के प्राथमिक विद्यालय नम्बर एक मे बने आंगनवाड़ी केंद्र में बिजली व शौचालय कि व्यवस्था नही है ।

मंगलवार को कार्यवाहक सीडीपीओ छपरौली सीमा ने लूम गांव पहुंच कर आंगनवाड़ी केंद्रो का निरीक्षण किया। जहा पर उनको कि गई शिकायत के तहत खामिया मिली प्राइमरी पाठशाला नंबर एक में बने आंगनवाड़ी केंद्र मे न तो बिजली की व्यवस्था थी और न हीं सम्पन्न रूप से शौचालय मिला। आंगनवाड़ी केंद्र मे खामिया देखकर कार्यवाहक सीडीपीओ ने ग्राम सचिव को तुरंत खामिया का संसोधन कराने के निर्देश दिए। छपरौली कार्यवाहक सीमा सीडीपीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि लूम गांव निवासी मनीष चौहान ने कुछ बिंदुओं पर शिकायत की थी जिसका निरीक्षण करने के लिए वह लूंम गांव में आई जिन बिंदुओ पर शिकायत मिली थी। उनका संसोधन जल्द करा दिया जाएगा।




# निवाड़ा में लगे गंदगी के ढेर, युवाओं का सफाई अभियान जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को ग्राम निवाड़ा में युवा कल्याण विभाग से संबद्ध युवक मंगल दल निवाड़ा द्वारा रमजान माह को ध्यान में रखते हुए निरन्तर वृहद सफाई अभियान जारी है। इस सफाई अभियान को सफल बनाने के लिए युवाओं ने मिलकर धन राशि एकत्रित की और गांव के युवा श्रमदान भी कर रहे हैं। लेकिन ग्राम निवाड़ा में चहुंओर लगे गंदगी के ढेर खत्म होने का नाम नहीं ले रहे हैं।

युवक मंगल दल निवाड़ा के अध्यक्ष इनाम उल हसन और सदस्य मोहसिन, फिरोज, शामी चौहान इत्यादि ने ग्रामीणों को सफाई के प्रति जागरूक किया और उन्हें सफाई के महत्व के बारे में बताया। सामूहिक सफाई अभियान में खुशनुमियां, फिरोज, शाकिब, मोहसिन, सलमान, रिहान, राकेश, अमन, रिहान, शामी चौहान, अफरीदी, परवेज चौधरी, सारिक, शोएब हैदर, सनव्वर, डा.यामीन इत्यादि मौजूद रहे। युवक मंगल दल सचिव चौधरी ताहिर ने बताया कि यह वृहद सफाई अभियान रमजान के पवित्र महीने में चलाए जाने के लिए युवाओं की एक अहम पेशकश है। इस सफाई अभियान का उद्देश्य ग्राम को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। और लोगों को सफाई के महत्व से अवगत कराना है। इस अवसर पर युवक मंगल दल निवाड़ा के अध्यक्ष इनाम उल हसन ने कहा कि युवाओं के इस सामूहिक सफाई अभियान का उद्देश्य ग्राम को स्वच्छ और सुंदर बनाना है और हमें उम्मीद है कि इस सफाई अभियान से हम अपने इस उद्देश्य को प्राप्त कर सकेंगे।



# टीएससी यूथ क्लब के युवा डिजिटल कृषि मिशन में निभा रहे अहम भूमिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिनौली क्षेत्र के गांव में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की इकाई नेहरू युवा केन्द्र बागपत से सम्बद्ध टीएससी यूथ क्लब, बिनौली के युवाओं ने भारत सरकार के डिजिटल कृषि मिशन में सक्रिय भागीदारी निभाने का बीड़ा उठाया है। टीएससी यूथ क्लब के सभी सदस्यों ने माय भारत पोर्टल के माध्यम से कृषि विभाग द्वारा आयोजित अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम में पंजीकरण कराया, जिसमें युवाओं द्वारा 30 मार्च तक अपने गांव के किसानों की फार्मर रजिस्ट्री निःशुल्क एवं स्वैच्छिक आधार पर की जाएगी। सफलतापूर्वक कार्य पूर्ण करने पर युवाओं को भारत सरकार के माय भारत पोर्टल पर अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

टीएससी यूथ क्लब के अध्यक्ष और नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक अमीर खान के नेतृत्व में युवाओं को फार्मर रजिस्ट्री के लिए फार्मर सहायक एप का प्रशिक्षण भी दिया गया। अमीर खान ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गाँव के प्रत्येक किसान को डिजिटल कृषि मिशन से जोड़ना और उनकी फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करना है जिसमें युवा बेहद रुचि ले रहे है। इस पहल से न केवल युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागेगी बल्कि किसानों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सकेगा। इसके लिए प्रशिक्षित युवा अगले 15 दिनों तक गाँव में डोर टू डोर अभियान चलाएंगे और किसानों की शत-प्रतिशत रजिस्ट्री सुनिश्चित करेंगे। इस अभियान के दौरान सलमान, नीरज, सोनू, उस्मान, आकिब, साकीब, आफताब, सोइन, पुष्पेंद्र आदि युवा सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।



**सूचना**

मेरी सहखातेदारी की कृषि भूमि है जिसमें मेरा नाम सोहनबीर सिंह पुत्र ओमप्रकाश दर्ज हो गया है, जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम सोहनवीर पुत्र ओमप्रकाश दर्ज है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

सोहनवीर पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम नंगला, तहसील बड़ौत, जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सुमित कुमार चौहान व उसकी पत्नि अंशू से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

आनन्द कुमार चौहान पुत्र पीतम सिंह निवासी ग्राम रमाला, थाना रमाला तहसील बडौत जनपद बागपत।

# रामपुर सांसद दो दिन झारखण्ड दौरे पर

## समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं से की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने अपने प्रेस को जारी अपने बयान में बताया कि सांसद मा. मोहिबुल्लाह नदवी जी व बदायू क्षेत्र के सांसद आदित्य यादव को झारखण्ड राज्य का प्रभारी बनाया गया है। मोहिबुल्लाह नदवी व उनके साथ सांसद आदित्य यादव दो दिवसीय दिनांक 03.03.3025 एवं 04.03.2025 को झारखण्ड दौरे पर गये और झारखण्ड में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव व अन्य पदाधिकारियों ने मोहिबुल्लाह नदवी व उनके साथ सांसद आदित्य यादव का जोरदार स्वागत किया तथा उन्होंने झारखण्ड में पार्टी को मजबूत करने के लिए पदाधिकारियों के साथ मीटिंग की तथा पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिलेश यादव की जन नीतियों को आम जन तक पहुंचाने के लिए आवहन किया साथ ही उनके कार्यकाल में किये गये कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कायकर्ताओं को भविष्य में भी समाजवादी पार्टी से जुड़े व पार्टी के हित में कार्य एवं सेवा करते रहने की अपील की तथा कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ लेवल पर सदस्य बनाकर पार्टी को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह जानकारी सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के मीडिया प्रभारी/लीगल एडवाईजर महबूब अली पाशा एडवोकेट ने दी।




# ओवररेट बेची जा रही शराब को लेकर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

## डीएम से की सेल्समैन के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** मुरादाबाद मार्ग स्थित ठेका देशी शराब की दुकान पर ओवर रेट और ब्लैकबाजी में बिक्री को लेकर क्षेत्रवासियों में आबकारी विभाग के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी से ओवर रेट पर बेची जा रही शराब को प्रतिबंधित करने की मांग की है। नगर के मुरादाबाद बाजपुर मार्ग स्थित ठेका देशी शराब और अंग्रेजी शराब की दुकान पर ब्लैक बाजी और ओवर रेट में शराब बेची जा रही है जिससे क्षेत्रवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शिकायत है कि सेल्समैन मनमानी रेटों पर शराब बेचता है शराब की दुकान के आसपास ठेलों और खोखो पर भी शराब ओवर रेट में बेची जाती है। कई बार इस मामले की शिकायत आबकारी विभाग से की जा चुकी है और लोग ओवररेट बचने के विरोध में शराब की दुकान पर हंगामा कर चुके हैं। लेकिन आबकारी विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता है जिससे क्षेत्रीय लोगों में आबकारी विभाग के खिलाफ आक्रोश पनपना लगा है। ग्रामीण रामस्वरूप, संजय सिंह, नरेश कुमार, बिर्जलाल, मुकुंदरम, हरीश कुमार, विजय सिंह, रामपाल आदि ने जिलाधिकारी से ओवर रेट बेची जा रही शराब को लेकर सेल्समैन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



# रामपुर में यूनियन बैंक कैशियर ने ग्राहक से की अभद्रता

**कस्टमर मां और बेटे से मैनेजर के सामने की हाथपाई, वीडियो बनाने से रोक, बैंक से धक्के देकर निकाला**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर में यूनियन बैंक के कैशियर ने कस्टमर से जमकर अभद्रता की। कस्टमर मां और उसके बेटे से मैनेजर के सामने हाथपाई की। अभद्रता का वीडियो बनाने से रोका। साथ ही बैंक से धक्के देकर बाहर निकाल दिया।

जिले के सिविल लाइंस में राम रहीम पुल के पास यूनियन बैंक है। यूनियन बैंक में नाजमा खान का अकाउंट है। उन्हें बैंक से करीब 5 लाख रुपए निकालने थे। उम्र ज्यादा होने के चलते उन्होंने अपने बेटे को साथ ले लिया। बैंक से रुपए निकालने के दौरान बैंक कैशियर मनोज कुमार ने अपना आपा खो दिया और मां बेटे से बतमीजी की। इसकी शिकायत नाजमा जब बैंक मैनेजर के रूम में पहुंचीं तो मनोज कुमार वहां भी आ गए और गुस्से से आग बबूला दिखाई दिए। इस दौरान अपने साथ अभद्रता का बेटे ने वीडियो बनाया तो कैशियर ने मोबाइल छीन लिया और दोनों को बैंक से धक्के देकर बाहर निकाल दिया। कैशियर मनोज कुमार की दबंगई बैंक मैनेजर समेत सभी लोग मूक दर्शक बने देखते रहे। बैंक कैशियर मनोज कुमार की अक्सर अभद्रता को लेकर शिकायत होती है। पीड़ित परिवार ने कैशियर पर मनमाने ढंग से काम करने का आरोप लगाया। बैंक मैनेजर अब मामले पर लीपापोती करने में जुटे हैं। मामले में बैंक मैनेजर उच्च अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करने की बात कर रहे हैं।



मनोज कुमार बैंक कर्मचारी

> उक्त प्रकरण के मामले में एलडीएम को जॉच के लिए निर्देशित किया है अगर मामला सत्य पाया गया तो उक्त कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।
>
> **जोगिन्दर सिंह**
> **जिलाधिकारी रामपुर**

# साइबर ठगो ने लगाया 40 हजार का चूना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को साइबर ठगी का व्यक्ति हुआ शिकार, कॉल कर पहले भेजा पैसे आने का मैसेज उसके बाद कर दिया खाता खाली।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के चंदपुरा सलिस निवासी नन्हे बाबू को किसी नंबर से कॉल आई। जिस पर उसने उनके खाते में 15 हजार रुपए भेजने को कहा जिसे पर नन्हे बाबू को 10 हजार रुपए का मैसेज आया। जिसके बाद साइबर ठग ने उनको दुबारा कॉल कर कहा कि 5 हजार रुपए और भेज रहा हूँ। और उसने 50 हजार का उनके फोन पर मैसेज भेजा। और कहा कि गलती से 5 हजार की जगह 50 हजार पहुंच गए हैं, आप मुझे बाकी के पैसे वापस भेज दो। जिस लर नन्हे बाबू ने ठग को 40 हजार रुपए भेज दिए। देखने की बात यह हैं कि ठग सिर्फ पैसों का मैसेज ही भेज रहा था न कि कोई पैसे।

# पुलिस ने वारंटी गिरफ्तार कर की कार्यवाही





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मंगलवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी कुलदीप सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी पूरन सिंह पुत्र चेतराम निवासी मोहल्ला चक स्वार को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ.नि. सुग्रीव सिंह का. संदीप कुमार आदि रहे।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद /रामपुर।** मंगलवार को शाहाबाद कोतवाली के ढकिया चौकी इंचार्ज मनोज कुमार चौधरी ने अपने सहयोगी पुलिसकर्मियों हेड कांस्टेबल गिरिन्द सिंह, हेड कांस्टेबल बालकिशोर, आरक्षी चालक मुकेश कुमार के साथ ग्राम मधुकर थाना शाहबाद जिला रामपुर के रहने वाले फरार चल रहे चोखे उर्फ लोकेंद्र उर्फ लोकेश पुत्र प्रेमचंद जाटव को उसके मकान से गिरफ्तार किया और विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया।

# हर दिव्यांग बच्चा जुड़े शिक्षा की मुख्यधारा से: खण्ड शिक्षा अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** खण्ड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र सुनील कुमार सक्सेना महोदय जी के कुशल मार्ग निर्देशन में आज दिनांक 03-03-2025 को समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अभिभावक परामर्श एवं जागरूकता अभियान के तृतीय/अंतिम का कार्यक्रम का आयोजन कम्पोजिट विद्यालय बगीचा एमना के परिसर में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदय ने कहां हर दिव्यांग बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ना चाहिए, इसलिए सरकार की मंशा के अनुसार समेकित शिक्षा के अन्तर्गत हर दिव्यांग बच्चा विभिन्न संसाधनों की सहायता से शिक्षा प्राप्त करें।

# पुलिस ने किया एक वारंटी को गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर एक नफर वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मिलक रामपुर के नेतृत्व में थाना मिलक पुलिस द्वारा मंगलवार को एक नफर वारण्टी अभियुक्त सुरेश पुत्र रामचरन निवासी ग्राम सिंगरा थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद संख्या 1098/19 मुकदमा अपराध संख्या 268/19 धारा 60 (1) आबकारी अधिनियम न्यायालय अपर सिविल जज प्रवर वर्ग द्वितीय रामपुर नियत दिनांक 12.03.2025 को खुद के मस्कन ग्राम सिंगरा से समय करीब 14.30 बजे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# एसडीएम ने किया नाहल नदी भूमि के सीमांकन कार्य का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश के बाद तहसील क्षेत्र में गुजरने वाली नहाल नदी का सीमांकन का कार्य शुरू हो गया है आज उप जिलाधिकारी ने सीमांकन कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया तहसील मिलक के कुल 28 ग्राम पंचायतों में नाहल नदी के सीमांकन का कार्य किया जा रहा है नदी के अतिक्रमित रकबे को राजस्व विभाग एवं विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से सीमांकन कर कब्जामुक्त कराया जा रहा है।

कुल 28 ग्राम पंचायतों में कार्य होना है। आज उप जिलाधिकारी मिलक सुनील कुमार द्वारा मिलक मोहम्मद बक्श, नंगला उदई, निस्वी, धनेली पूर्वी आदि ग्राम में लेखपालों के द्वारा किए जा रहे सीमांकन कार्य का निरीक्षण किया गया।

उप जिलाधिकारी मिलक ने अधीनस्थों को सीमांकन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय राजस्व निरीक्षक लेखपाल तथा रोजगार सेवक आदि कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



# नगर के रौरा कला जीरो पॉइंट पर बनेगा फ्लाईओवर: दीक्षा गंगवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नेशनल हाईवे रौरा कला जीरो पॉइंट पर बढ़ रही दुर्घटनाओं के मध्य नजर दीक्षा गंगवार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मिलक ने जन हित में जिला अधिकारी रामपुर को रौरा कला जीरो पॉइंट पर फ्लाई ओवर बनवाने का प्रस्ताव दिया था। जिसे जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए शासन को भेज दिया और शासन ने इसे मंजूर कर लिया। इससे मिलक की जनता को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा दुर्घटनाओं में कमी आएगी मैं मिलक की जनता की तरफ से जिलाधिकारी रामपुर का आभार प्रकट करती हूं कि उन्होंने फ्लाई ओवर के प्रस्ताव को शासन में भेज कर स्वीकृत कराकर यह बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। मैं जिलाधिकारी का आभार प्रकट करती हूं।



दीक्षा गंगवार चेयरमैन नगर पालिका परिषद मिलक

# डीएम के आदेश के बाद तालाब की साफ सफाई का कार्य हुआ शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** कुछ दिनों पहले जिलाधिकारी जोगिन्द्र सिंह ने तहसील शाहबाद क्षेत्र ग्राम हिम्मतपुर में स्थित तालाब का निरीक्षण किया। तालाब गंदगी से अटा पड़ा था। जिस पर जिलाधिकारी जोगिन्द्र सिंह ने नाराजगी जाहिर की। और उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय एंव बीडीओ को तालाब की साफ सफाई के निर्देश दिए थे।

जिलाधिकारी जोगिन्द्र सिंह की सख्ती के बाद ग्राम हिम्मतपुर के तालाब की जेसीबी के द्वारा साफ सफाई का कार्य कराया जा रहा हैं।

## आवश्यक सूचना

मकान संख्या- 229 स्थित आवास विकास कॉलोनी योजना संख्या-1 दुर्बल आय वर्ग रामपुर नईम उद्दीन पुत्र मोई उद्दीन निवासी भोजपुर मुरादाबाद को आवास विकास परिषद द्वारा वर्ष 1984 में आवंटित किया गया था मनोहर लाल आदि मकान को छीनने का प्रयास कर रहे हैं जिस संबंध में न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन रामपुर में वाद संख्या 235/2024 नईम उद्दीन बनाम मनोहरलाल आदि विचाराधीन है कोई भी व्यक्ति/संस्था उक्त मकान को क्रय न करें अन्यथा स्वयं उत्तरदायी होगी।

**नईम उददीन।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-26 में उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहा कम्पोजिट ब्लॉक मिलक के चार छात्र/छात्राओं का चयन हुआ है।

चयनित चारों छात्र/छात्राओं में नितिन पुत्र रामभजन, संजू पुत्री रामप्रसाद, सचिन पुत्र नोनीराम तथा सेहजल पुत्री वीरेंद्र कुमार शामिल हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी ब्लॉक मिलक अशोक कुमार ने सभी चयनित छात्र/छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को पुरस्कार स्वरूप प्रत्येक छात्र को 500 रुपये नकद धनराशि तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। साथ ही इंचार्ज प्रधानाध्यापक पृथ्वी सिंह व ए.आर.पी. होमेन्द्र देव, प्रभाकर गौतम तथा सहायक अध्यापक उर्वशी सिंह ने छात्रों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी, मिलक अशोक कुमार ने विद्यालय के सभी छात्रों को संबोधित कर इस परीक्षा के महत्त्व को बताया तथा इसमें सफल होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की भी सराहना की। अभिभावकों द्वारा भी विद्यालय वातावरण एवं शैक्षिक गुणवत्ता की प्रशंसा की गई। इससे पूर्व में भी राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2024-25 तथा 2023-24 में भी कंपोजिट विद्यालय लोहा के दो-दो छात्रों का चयन हुआ है।

इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक पृथ्वी सिंह, उर्वशी सिंह,समीना खातून, राशिद, ऋत शर्मा,अंजूव अभिभावकगण मौजूद रहे।




# अनियंत्रित होकर दुकान में घुसा टैंकर 5 बकरी की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** अनियंत्रित होकर दुकान में घुसा टैंकर, टैंकर के नीचे दबने से पांच बकरियों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टैंकर को लिया कब्जे में लिया।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात्रि 10 बजे आंवला की तरफ से आ रहा टैंकर अनियंत्रित होकर टांडा में रोड पर बनी दुकान में घुस गया। जिससे दुकान में बंधी 15 बकरियों में से 5 बकरी की मौके पर मौत हो गई और 10 बकरी घायल हो गई। आवाज सुनते ही दुकान मालिक मौसम खा परिवार के लोग के साथ घर से बाहर निकालकर देखा तो यह दृश्य देखकर दंग रह गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। और पुलिस ने टैंकर को हिरासत में लिया।



### कम्पोजिट विद्यालय में छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** विकासखंड सैदनगर के कंपोजिट विद्यालय ढक्का हाजी नगर में प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय आय और योग्यता आधरित छात्रवृत्ति परीक्षा पास करने वाली कक्षा 8 की छात्रा नीरज कुमारी को विद्यालय के प्रधानाध्यापक और राज्य अध्यापक पुरस्कार शिक्षक दीपक पुंडीर ने सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित लिखित परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 8 की नीरज कुमारी द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा 6 की मिस्बाह और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 7 के निर्मल को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया । विद्यालय स्तर पर आयोजित सुलेख प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक प्रथम , द्वितीय और तृतीय स्थान निर्मल , सनिब अली और नीरज कुमारी ने प्राप्त किया तथा प्राथमिक स्तर पर कक्षा तीन से पांच में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान रश्मि , अंकुश और अलीशा भी ने प्राप्त किया। कक्षा 1 से 2 के मध्य आयोजित सुलेख प्रतियोगिता में कक्षा एक में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान फूल बी, हिफ्ज नूर और ईरम तथा कक्षा 2 में प्रथम , द्वितीय और तृतीय स्थान अक्सा , समद और इकरा में प्राप्त किया। छात्राओं को विद्यालय की तरफ से प्रमाण पत्र और स्टेशनरी देकर सम्मानित किया गया ।

# कार्यालय नगर पंचायत मसवासी जनपद-रामपुर

**पत्रांकः**-894/**न.प.म.**/2024-25 **दिनांकः**- 04.03.2025

## अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत मसवासी (रामपुर) निम्न मरम्मत वॉल पेन्टिंग व अन्य विविध कार्य करना चाहती है व दर आमंत्रित करती है। निविदा मूल्य नकद या निकाय के खाता संख्या 13480100005210 बैंक ऑफ बड़ौदा मसवासी आईएफएससी कोड- BARB0MASWAS पर ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इच्छुक फर्म व व्यक्ति प्रकाशन की दिनांक से दिनांक 10.03.2025 समय 12:00 बजे तक अपनी निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 10.03.2025 को निविदा 2:00 बजे खोली जायेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| S.No | Name of work | Total estimated cost (In Rupees) | Bid Security (EMD) (In Rupees) | Cost of Bid document Including 18% GST (In Rupees) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | नगर पंचायत मसवासी में विभिन्न वार्डों में स्थित सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालयों पर मरम्मत का कार्य। | 4,95000 | 9900 | 118 |
| 2 | नगर पंचायत मसवासी में विभिन्न वार्डों में स्थित सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालयों व सार्वजनिक स्थलों पर वॉल पेंटिंग का कार्य | ---- | ----- | 118 |
| 3 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 गार्बेज फ्री सिटी में स्टार रैंक हेतु स्टीकर फ्लेक्सी आदि का कार्य। | ---- | ----- | 118 |
| 4 | नगर पंचायत मसवासी में विभिन्न वार्डों में स्थित सार्वजनिक/सामुदायिक शौचायलयों पर सेनेटरी पैड बेंडिंग मशीन, इंसीनरेटर, फीडबैक मशीन आदि। (सूची) | ---- | ----- | 118 |
| 5 | कार्यालय प्रयोगार्थ सामग्री। (सूची) | ---- | ----- | 118 |
| 6 | होम कम्पोस्टर | ---- | ----- | 118 |
| 7 | कान्हा गौशाला, एमआरएफ सेन्टर, कार्यालय परिसर सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालयों व नल कूपों पर विद्युतीकरण आदि। (सूची) | ---- | ----- | 118 |

नोटः-उपरोक्त से सम्बन्धित अधिक जानकारी/शर्तें, सूची किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**(अधिशासी अधिकारी)**
**नगर पंचायत मसवासी (रामपुर)**

**(अध्यक्ष)**
**नगर पंचायत मसवासी (रामपुर)**

# जिले में राजकीय चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर रोक के लिए डीएम की अध्यक्षता में सतर्कता समिति का गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिले के सरकारी चिकित्सालयों में कार्यरत चिकित्सक अब निजी प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे। शासन के निर्देश पर जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पांच अधिकारियों की समिति का गठन किया गया है। इस समिति में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और अभिसूचना इकाई के निरीक्षक शामिल हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकारी चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस पर निर्बंधन नियमावली में दी गई व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले में सतर्कता समिति का गठन किया गया है।

सतर्कता समिति के उद्देश्यों को प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।



रामपुर। बैठक में दिशा निर्देश देते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं साथ में एसपी रामपुर।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद के राजकीय चिकित्सकों को निर्देशित कर दिया गया है कि कोई भी चिकित्सक निजी प्रैक्टिस करता हुआ यदि पाया जाता है तो उसके विरुद्ध जनपद स्तरीय सतर्कता समिति द्वारा कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी और इसके लिए संबंधित चिकित्सक ही पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे। उन्होंने बताया कि राजकीय चिकित्सकों से निजी प्रैक्टिस न करने के संबंध में जरूरी शपथ पत्र भी प्राप्त कर लिया गया है। राजकीय चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर प्रभावी रोकथाम के लिए अभिसूचना इकाई को भी सक्रिय कर दिया गया है, जो राजकीय चिकित्सकों के संबंध में यदि कोई निजी प्रैक्टिस का प्रकरण पाया जाता है तो उसके साक्ष्य सहित पूरे प्रकरण को समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

# जिले में 15 अप्रैल, 2025 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** यूपी एवं सीबीएससी बोर्ड के अंतर्गत संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं और विभिन्न त्यौहारों होली, ईद-उल-फितर, रामनवमी, डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती सहित अन्य त्योहारों के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान ने जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 लागू की है। एडीएम (प्रशासन) ने बताया कि जनपद में लोक व्यवस्था, कानून एवं शांति व्यवस्था तथा जनव्यवस्थायें बनाए रखने के लिए धारा 163 लगाई गई है। जिसे 15 अप्रैल, 2025 तक लागू किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जनपद में ड्यूटी पर तैनात शासकीय कर्मचारियों/अधिकारियों और अन्य ऐसे कर्मियों, जो शासकीय अस्त्र-शस्त्र धारण करने हेतु अधिकृत हैं, उन्हे छोड़कर कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक रूप से अस्त्र-शस्त्र बिना अनुमति के अपने पास नहीं रखेगा न ही प्रदर्शन करेगा। किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्ति ऐसे व्यक्तियों के समूह के साथ सम्मिलित नहीं होगा, जिसका उद्देश्य किसी नियम विरूद्ध गतिविधि में भाग लेना हो। इस अवधि के मध्य पड़ने वाले त्यौहारों पर किसी प्रकार की नई परम्परा प्रारम्भ नहीं की जायेगी। कोई भी व्यक्ति / संगठन आवागमन के साधन जैसे रेल, सड़क यातायात, विद्युत व्यवस्था, जल आपूर्ति जैसी महत्वपूर्ण जनहित की सेवाओं में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न नहीं करेगा। किसी भी व्यक्ति/संगठन/समूह/सम्प्रदाय/धार्मिक व राजनैतिक दल द्वारा बिना अनुमति प्राप्त किए जनपद में कोई भी जुलूस, धरना प्रदर्शन, घेराव, पदयात्रा, वाद-विवाद, नारेबाजी इत्यादि नहीं की जाएगी।धरना-प्रदर्शनों / जुलूसों / आन्दोलनों/सार्वजनिक कार्यक्रमों के सम्बन्ध में केन्द्र सरकार/राज्य सरकार अथवा स्थानीय प्रशासन से जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियम-2011 के अंतर्गत तंबाकू एवं निकोटिन युक्त पान मसाला, गुटका का निर्माण, भंडारण व विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम-2006 एवं खाद्य सुरक्षा मानक विनियम-2011 में निहित प्रावधानों के विपरीत अवैध बूचड़खानों का संचालन अवैध रूप से खुले में मीट, मांस, मछली आदि का काटना व विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने बताया कि सिंगलयूज प्लास्टिक और थर्माकॉल के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जाएगी। आम जनमानस को प्लास्टिक फ्री त्योहार मनाए जाने हेतु प्रेरित किया जाए।

# किशोरी का अपहरण करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने शौच को गई किशोरी का वहला फुसलाकर अपहरण करने के मामले में पुलिस ने किशोरी को बरामद करते हुए आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पास्को एक्ट और एससी एसटी की धारा तरमीम की है भद्रसैन पुत्र राजाराम निवासी ग्राम सिहारी थाना मिलक जनपद रामपुर की लिखित तहरीर के आधार पर विपक्षी राजपाल पुत्र बुद्धसैन निवासी ग्राम सिहारी थाना मिलक जनपद रामपुर द्वारा वादिनी की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में थाना मिलक पर मुकदमा अपराध संख्या 71/2025 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया किया । मुकदमा उपरोक्त की विवेचना म.उ.नि. ज्योति द्वारा सम्पादित की जा रही है।



मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित पीडिता पुत्री भद्रसैन निवासी ग्राम सिहारी थाना मिलक जनपद रामपुर को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 27.02.2025 से बरामद किया गया। अभियुक्त राजपाल पुत्र बुद्धसैन निवासी ग्राम सिहारी थाना मिलक जनपद रामपुर को मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को बिलासपुर पुल कस्बा मिलक के नीचे थाना मिलक जनपद रामपुर से समय करीब 11.40 बजे पर गिरफ्तार किया गया । मुकदमा उपरोक्त में धारा 64 (2)ड बीएनएस व = पोक्सो एक्ट व 3(2)(अ) SC/ST एक्ट की वृद्धि की गयी। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना क्षेत्राधिकारी मिलक द्वारा की जा रही है । मुकदमा उपरोक्त की अग्रिम विवेचना मुकदमा अपराध संख्या 71/2025 धारा 137(2)/64(2)ड बीएनएस व = पोक्सो एक्ट व 3(2)(अ) SC/ST एक्ट में सम्पादित की जायेगी ।

## बारातियों की कार ट्रक से टकराई, 6 घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में बारातियों की कार ट्रक से टकरा गई। हादसे मैं कर में सवार सभी बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के दिलपुरा से एक युवक की बारात शहजादनगर थाना क्षेत्र के लाखन खेड़ा गांव जा रही थी। रात करीब 10 बजे बारातियों से भरी एक कार किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसे की सूचना पुलिस को मिली तो हड़कंप मच गया। आनन फानन में उप निरीक्षक विकास राजपूत घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने गाड़ी में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाला। इस दौरान राहगीरों ने एंबुलेंस को फोन कर मौके पर बुला लिया। राहगीरों की मदद से पुलिस ने सभी घायलों विष्णु, आकाश, अबधेश, डालचंद, जीतू और चालक समीर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल 4 बारातियों को हायर सेंटर मुरादाबाद रेफर कर दिया। उधर हादसे का सबब बना वाहन मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

# पूर्ति विभाग कर रहा किसानों का उत्पीड़न: संजोर अली पाशा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन तोमर के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सनजोर अली पाशा तहसील मिलक में एक शिकायत पत्र एसडीएम मिलक को सौंपा जिसमें जिला पूर्ति अधिकारी और मिलक पूर्ति निरीक्षक प्रधानों के और डिपो होल्डरों के साथ मिलकर किसानों का उत्पीड़न कर रहे हैं। चार और साढ़े चार किलो राशन बांटने का सिलसिला चल रहा है जिसकी शिकायत किसान लगातार दे रहे हैं। शिकायत मिलने पर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सन्जोर अली पाशा ने जब डिपो होल्डरों से बात की तो उन्होंने कहा कि हमें सप्लाई इंस्पेक्टर मिलक को राशन कार्ड की गिनती के हिसाब से पैसे देना पढ़ते हैं यदि हम पैसे नहीं देते हैं तो हम पर दबाव बनाया जाता है और इसीलिए हमें कम राशन बताकर पूर्ति करना पड़ती है। पूर्ति विभाग का रवैया ठीक हो जाए हम पूरा राशन बाटेंगे। इसी संबंध में एक शिकायत्री पत्र एसडीएम मिलक को उनके स्टेनो के माध्यम से सौंपा गया। शिकायत पत्र में कहा गया है कि जितने अन्त्योदय राशन कार्ड पैसे लेकर गांव में बनाए गए हैं उनका सर्वे कराया जाए, जो पीड़ित हैं उनके बनना चाहिए, जो अवैध तरीके से बने राशन कार्ड हैं उनका सर्वे कराकर उन्हें काटा जाए। सप्लाई इंस्पेक्टर मिलक राजीव कुमार को चाहिए कि सरकार के आदेशों का पालन करें और मुख्यमंत्री के आदेशों के पालन करते हुए किसी का उत्पीड़न नहीं करें। किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ऐसे भ्रष्टाचारी अधिकारी जो तहसीलों में उत्पीड़न कर रहे हैं इनके ऑफिसों की घेरा. बंदी की जाएगी भाकियू किसान यूनियन तोमर बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि इस पर सुनवाई नहीं की गई तो मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे कई बार मिलक सप्लाई इंस्पेक्टर राजीव कुमार को फोन किया तो वह सीधा पीड़ितों की बात कॉल पर लेकर डिपो होल्डर से करते हैं और उनको धमकाते हैं तुम्हारा राशन कार्ड काट दूंगा जितना मिलता है उतना लेकर चले जाओ राशन कार्ड काटने और बनाने का काम अवैध तरीके से कर रहे हैं जिसकी शिकायतें हमें मिलती हैं यदि इस पर संज्ञान नहीं लिया गया तो किसान यूनियन तोमर आंदोलन के लिए बाध्य रहेगा। शिकायत कर्ताओं में डॉक्टर कमरुद्दीन, जयराम, भूपेंद्र मौर्य, सुम्भेरी लाल, बृजलाल, जगदीश सागर, सुरेंद्र सिंह आदि लोग शामिल हैं।



मिलक। प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंप मौके पर मौजूद किसान।

# अपनी मांगों को लेकर वकीलों का धरना जारी

■ चेंबर तोड़कर विटनेस शेड बनाने का हो रहा विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मंगलवार को रामपुर बार एसोसिएशन व लॉयर्स एसोसिएशन रामपुर के अधिवक्ताओ ने बार एसोसिएशन के सामने जो वकीलों के चौंबर्स तोड़े जाने के विरोध में सभी अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के सामने मंगलवार को भी धरना जारी रखा और एक ज्ञापन मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट दिल्ली को जरिये जिलाधिकारी रामपुर को सौंपा।

धरना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू व लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सिराज अहमद के नेतृत्व में चला। धरने में महासचिव ठा. कौशलेन्द्र, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रईस अहमद एडवोकेट, फारूक अहमद, दिलशाद हसन, मो. शैजी खां, सय्यद आमिर मियां, रोहित राठौर,अरविन्द कुमार सैनी, पूर्व अध्यक्ष ठाकुर पृथ्वी भान सिंह, श्याम लाल जमीर रिजवी, हर्ष गुप्ता, अकबर अली, दलजीत सिंह राणा, संजीव यादव, रिजवान अली, राम सिंह लोधी, सतीश चन्द्र, प्रकाश मसीह, मोहित मेहरोत्रा, प्रकाश मसीह, मान सिंह, नरेश चन्द्र लोधी,आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।



रामपुर। चैम्बर तोड़ने के विरोध में धरना प्रदर्शन करते अधिवक्तागण । छाया: शाह टाइम्स

# रामपुर से दिल्ली के जंतर मंतर पार्क में धरने में शामिल हुए बैंक कर्मी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के राष्ट्रीय आवाहन पर सोमवार को दिल्ली के जंतर मंतर पार्क में पूरे देश के लगभग 5000 सभी बैंकों के बैंक कर्मचारी और अधिकारी अपनी पांच सूत्रीय मांग फाइव डे बैंकिंग लागू की जाए। बैंक में आउटसोर्सिंग बंद की जाए अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई किया जाए आदि मांग को को लेकर एक विशाल राष्ट्रीय धरना और प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में देश के सभी राज्यों के बैंक कर्मचारी अधिकारी पूरी जोश के साथ शामिल हुए उपरोक्त जानकारी दिल्ली के जंतर मंतर धरना स्थल से फोन पर जानकारी देते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन बरेली परिक्षेत्र के क्षेत्र 6 रामपुर के क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने बताया की दिल्ली के जंतर मंतर पार्क में स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन पटना पटना बिहार के जनरल सेक्रेटरी राजू सिंह तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री कामरेड डॉक्टर डीके सिंह के नेतृत्व में पूरे लखनऊ गोरखपुर बनारस कानपुर बरेली मुरादाबाद रामपुर सहित सभी जनपद के संगठन के बहादुर सिपाहियों ने इंडियन बैंक एसोसिएशन तथा भारत सरकार के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया तथा धरना देकर चेतावनी दी कि हमारी मांगों को सरकार गंभीरता से विचार कर स्वीकार नहीं करती है तो हमें विवश होकर होकर 24 व 25 मार्च को 2025 को पूरे देश में सभी बैंकों में पूर्णता हड़ताल रहेगी।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन से बरेली परिक्षेत्र के उप महामंत्री काम नबीन्द कुमार के कुशल नेतृत्व में सहायक महामंत्री दिनकर राव बरेली रामपुर मुरादाबाद चंदौसी बिजनौर से सभी संगठन के पदाधिकारी ने भाग लिया जिसमें मुख्य रूप से विकास कुमार राजेंद्र शर्मा कुलदीप सिंह गिरेंद्र अग्रवाल चंदौसीसहित परविंदर सिंह सहित संगठन के काफी पदाधिकारी ने भाग लिया आज के इस धरना प्रदर्शन में मुख्य विशेषताएं रही के उत्तर प्रदेश बंगाल बिहार दिल्ली पंजाब हरियाणा मुंबई कोल. काता सेबी अनेक महिला कर्मियों ने भी जोर-शोर के साथ अपना प्रदर्शन और धरना दिया।



# सरकारी जमीन पर डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाने की सूचना पर पहुंची पुलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**शाहबाद/रामपुर।** शाहबाद थाना क्षेत्र गुलड़िया गांव में कुछ लोगों ने सोमवार रात डा. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति लगा दी। मंगलवार की सुबह किसी ने इसकी सूचना जिलाधिकारी रामपुर को दी। सूचना मिलते ही मंगलवार दोपहर को तहसीलदार और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। जहां लोगो से बातचीत कर मूर्ति हटाने के निर्देश दिए। बता दें कि मामला सोमवार रात का है। शाहबाद क्षेत्र के गुलड़िया गांव में कुछ लोगों ने बिना परमिशन सरकारी जमीन पर डा. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति लगा दी। मंगलवार की सुबह किसी ने इसकी सूचना जिलाधिकारी रामपुर को दी। सूचना पर तहसीलदार और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत मौके पर पहुंचे। जहां लोगो से दोनों अधिकारियों ने बातचीत की और मूर्ति हटाने की बात कही। मूर्ति हटाने की बात पर कुछ लोगो ने कहा कि कुछ दिनों पहले गांव में ही बाला जी की मूर्ति की स्थापना की गई हैं, उसे भी हटवाया जाए। जिस पर मौके पर जाकर देखा गया तो दोनों ही मूर्ति सरकारी जमीन पर लगी पाई गई। जिस पर अधिकारियों ने दोनों पक्षों से एक दिन का समय देते हुए मूर्ति हटाने को कहा और कहा कि अगर मूर्ति नही हटाई गई तो दोनों पक्ष के लोगो पर कार्यवाही की जाएगी।

# भारत की स्वतंत्रता और विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करने में जगदीश्वर निगम की थी महत्वपूर्ण भूमिका : नवेद मियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां को मोंटेनेग्रो की मानद महावाणिज्यदूत डॉ जेनिस दरबारी और उनकी बहन राज दरबारी ने अपने नाना पर लिखी गई पुस्तक द रियल स्टोरी: द एडमिनिस्ट्रेटर जगदीश्वर निगम (आई.सी.एस.) बनाम ब्रिटिश राज 19 अगस्त 1942श भेंट की। पुस्तक में ब्रिटिश साम्राज्य के कई रहस्यों और छिपे हुए तथ्यों को उजागर किया गया है। नई दिल्ली स्थित मोंटेनेग्रो वाणिज्य दूतावास में नवेद मियां और डॉ जेनिस दरबारी व राज दरबारी के बीच पुस्तक को लेकर लंबी बातचीत हुई। पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने बताया कि इस पुस्तक के रूप में जगदीश्वर निगम की दोनों पोतियों जेनिस दरबारी और राज दरबारी ने अपनी मां शीला दरबारी के साथ ऐतिहासिक तथ्यों को संकलित करने का सराहनीय कार्य किया है। नवेद मियां ने बताया कि 1942 में बलिया के जिला कलेक्टर के रूप में जगदीश्वर निगम ने उन परिस्थितियों का नेतृत्व किया जिनके कारण स्वतंत्रता की घोषणा हुई। उन्होंने ब्रिटिश आदेशों की अवहेलना की, राजनीतिक कैदियों को रिहा किया और भारत की स्वतंत्रता और विश्व शांति की आवश्यकता का मार्ग प्रशस्त किया। नवेद मियां ने बताया कि 1923 बैच के आईसीएस अधिकारी जगदीश्वर निगम ने एक नौकरशाह के रूप में असाधारण साहस और त्वरित सोच का परिचय दिया। निगम का बचपन से ही सपना भारत के लोगों को न्याय दिलाना था और उन्होंने भारतीय इतिहास की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1942 में बलिया के जिला कलेक्टर के रूप में श्री निगम ने उन परिस्थितियों को अंजाम दिया, जिसके कारण स्वतंत्रता की घोषणा हुई। उन्होंने ब्रिटिश आदेशों की अवहेलना करते हुए 40,000 लोगों की सभा की अनुमति दी और बंदूकें जमा करने का ऐतिहासिक आदेश लिखा। इसके अलावा उन्होंने राजनीतिक कैदियों को हिरासत में रखने के आदेश के बावजूद बिना शर्त रिहा कर दिया। इस पुस्तक को नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने सराहा है। उन्होंने जगदीश्वर निगम के भारत छोड़ो आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने और उनकी जीवनी आमजन तक पुस्तक के रूप में पहुंचाने के लिए उनके परिवार को बधाई दी है।







मोंटेनेग्रो की मानद महावाणिज्यदूत डॉ जेनिस दरबारी और उनकी बहन राज दरबारी ने अपने नाना पर लिखी गई पुस्तक द रियल स्टोरी: द एडमिनिस्ट्रेटर जगदीश्वर निगम (आई.सी.एस.) बनाम ब्रिटिश राज 19 अगस्त 1942 नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां को भेंट की

# नियम तोड़ने वाले 14 पर ट्रैफिक पुलिस ने की कार्यवाही



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** मंगवार को ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया। शाहबाद के बिलारी रोड पर टी एस आई अजय तेवतिया द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जिसमें दो पहिया वाहन व चार पहिया वाहन के चालान काटे गए। टी एस आई अजय तेवतिया ने बताया कि बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट व शराब के नशे में वाहन चला रहे व बुलेट में मोडिफाइड साइलेंसर लगा कर चल रहे 14 वाहनों के चालान किए। साथ ही यातायात नियमों के बारे में भी समझाया गया।कार्यवाही के बाद वाहन चालकों को चेतावनी भी दी गई कि दुबारा नशे की हालत में, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाते हुए पकड़े गए तो कठोर कार्यवाही भी की जाएगी।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स में समाचार एवं विज्ञापन खोया पाया, सम्बंध विच्छेद, नाम परिवर्तन आदि सूचनाओं के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
ब्यूरो चीफ रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का दूसरा गेट रामपुर
सम्पर्क सूत्र :-9720093014



# भारतीय गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को 264 के स्कोर पर समेटा

## मोहम्मद शमी ने तीन विकेट, वरुण और जडेजा ने दो-दो विकेट लिए

**दुबई, वार्ता।** मोहम्मद शमी (तीन विकेट) वरुण चक्रवर्ती और रवींद्र जडेजा (दो-दो) विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने मंगलवार को चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 49.3 ओवर में 264 के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने चार रन के स्कोर पर कूपर कॉनोली (शून्य) का विकेट गवां दिया। कूपर कॉनोली को मोहम्मद शमी ने आउट किया। इसके बाद कप्तान स्टीव स्मिथ ने ट्रैविस हेड के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। नौवें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने ट्रेविस हेड को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। ट्रेविस हेड ने 33 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रनों की पारी खेली। मार्नस लाबुशेन (29) को पगबाधा आउटकर रवींद्र जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया। जॉश इंग्लिस (11) भी जडेजा का शिकार बने। शतक की ओर बढ़ रहे स्टीव स्मिथ को मोहम्मद शमी ने 37वें ओवर में बोल्ड आउट किया। स्टीव स्मिथ ने 96 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से (73) रनों की पारी खेली। ग्लेन मैक्सवेल (सात) को अक्षर पटेल ने बोल्ड किया। बेन ड्वारश्विस (19) को चक्रवर्ती ने आउट किया। एलेक्स कैरी को श्रेयस अय्यर ने रनआउट किया। एलेक्स कैरी ने 57 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। नेथन एलिस (10) को शमी ने नौवें विकेट के रूप में आउट किया। आखिरी ओवर करने आये हार्दिक पंड्या ने एडम जम्पा (सात) रन को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया की पारी का 264 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत की ओर से मोहम्मद शमी को तीन विकेट मिले। रवींद्र जडेजा, हार्दिक पंड्या और वरूण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिए। अक्षर पटेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



### संक्षिप्त खेल समाचार

#### बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में 6659 खेल मैदान का हुआ शिलान्यास: मंत्री

**पटना, वार्ता।** बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने आज विधानसभा में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 6659 खेल मैदानों का शिलान्यास पहले ही किया जा चुका है। श्री कुमार ने मंगलवार को विधानसभा में भोजनावकाश से पहले अलग-अलग सदस्यों द्वारा खेल मैदानों से संबंधित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन खेल मैदानों के निर्माण की आधारशिला पहले ही रख दी है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार प्राथमिकता के आधार पर भूमि की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल मैदानों का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने और खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के उद्देश्य से की जा रही है।

#### लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित हुए ऋषभ पंत

**मैड्रिड, वार्ता।** भारतीय विकेटकीपर एवं बल्लेबाज ऋषभ पंत को कार दुर्घटना के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी पर खेल की दुनिया के प्रतिष्ठित लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स पुरस्कार 2025 के लिए नामांकित खिलाड़ियों का चयन विश्व के खेल मीडिया द्वारा मतदान के बाद किया गया। इस पुरस्कार की यह 25वीं वर्षगांठ है और यह समारोह 21 अप्रैल स्पेन की राजत्रानी मैड्रिड होगा। इसी दिन पुरस्कार विजेताओं के नाम की घोषणा की जायेगी। सचिन तेंदुलकर एकमात्र भारतीय हैं, जिन्हें लॉरियस अवॉर्ड में सम्मानित किया गया है। उन्होंने लॉरियस स्पोर्टिंग मोमेंट अवार्ड द्ध2000-2020ऋ जीता था। कमबैक ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए खेल की दुनिया के कई दिग्गज नामित हुए हैं।

# पूर्व स्पिनर पद्माकर शिवलकर का निधन

**■ शिवलकर भारत के लिए कभी नहीं खेले, लेकिन उनकी गिनती घरेलू क्रिकेटर में होती है**

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई के महान स्पिनर पद्माकर शिवलकर का उम्र संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया। शिवलकर ने 84 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली।

वह भारत के लिए कभी नहीं खेले, लेकिन उनकी गिनती घरेलू क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में होती थी। शिवलकर को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा 2017 में सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शिवलकर ने 1961-62 से 1987-88 के बीच कुल 124 प्रथम श्रेणी मैचों में हिस्सा लिया और 19.69 की औसत से 589 विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर ने 22 साल की उम्र में रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया और 48 साल की उम्र तक खेलना जारी रखा। उन्होंने भारत की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में 361 विकेट लिए जिसमें 11 बार मैच में 10 विकेट लेना शामिल हैं।

शिवलकर ने 12 लिस्ट ए मैचों 16 विकेट लिए है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, मुंबई क्रिकेट ने आज एक सच्चे दिग्गज को खो दिया है। पद्माकर शिवल. कर सर का खेल में योगदान, खासकर अब तक के सबसे बेहत. रीन स्पिनरों में से एक के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। मुंबई क्रिकेट पर उनका समर्पण, कौशल और प्रभाव अद्वितीय है।

# विराट कोहली ने तोड़ा एक और महारिकॉर्ड, बन गए नंबर-1

**■ कोहली के नाम भारत की तरफ से सबसे ज्यादा इंटरनेशनल कैच लेने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया**

**दुबई, वार्ता।** विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में बल्ला छुए बिना एक बड़ा रिकॉर्ड कायम कर दिया है।

विराट ने एक बड़ा रिकॉर्ड फील्डिंग के दौरान बनाया है। टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज के नाम अब भारत की तरफ से सबसे ज्यादा इंटरनेशनल कैच लेने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहम मैच में विराट ने ये बड़ी उपलब्धि हासिल करके इतिहास रच दिया है। विराट कोहली ने सेमीफाइनल जैसे बड़े मैच में ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉश इंग्लिस का एक कैच लेते ही इतिहास रच दिया। रवींद्र जडेजा की गेंद पर विराट ने एक आसान सा कैच लेकर वर्ल्ड क्रिकेट में फिर से धूम मचा दी। विराट के नाम अब सभी फॉर्मेट में मिलाकर 335' कैच हो चुके हैं। वो भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले फील्डर बन चुके हैं। इस मामले में विराट राहुल द्रविड़ से आगे निकल चुके हैं। विराट ने अपने 549वें मैच में ये ऐतिहासिक कारनामा किया है।

हाल ही में विराट वनडे में भारत के लिए सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर साबित हुए थे जबकि अब वो सभी फॉर्मेट में ये कारनामा करने वाले भारतीय प्लेयर हैं। राहुल द्रविड़ की बात करें तो उन्होंने अपने करियर में कुल 504 इंटरनेशनल मैच खेले थे और कुल 334 कैच लपके थे। गौरतलब है कि राहुल द्रविड़ ने स्कॉटलैंड के लिए भी क्रिकेट खेला था। ये दिग्गज भारतीय खिलाड़ी स्कॉटलैंड के लिए साल 2003 के वनडे विश्व कप में उतरा था। विराट कोहली 301वां वनडे खेल रहे हैं और इस मामले में उन्होंने युवराज सिंह की बराबरी कर ली है। युवराज ने भी इतने ही वनडे खेले थे। विराट ने इस फॉर्मेट में 159' कैच पकड़ लिए हैं। हाल ही में उन्होंने अजहरुद्दीन का भारत की तरफ से वनडे में सबसे ज्यादा कैच (156) लेने का रिकॉर्ड ब्रेक किया था। टेस्ट क्रिकेट की बात करें तो विराट कोहली ने इस फॉर्मेट में 123 मुकाबले खेले हैं और 210 पारियों में 121 कैच लिए। इसके अलावा कोहली ने 125 टी-20 इंटरनेशनल मैचों की 117 पारियों में 54 कैच लिए थे।

# भारत करेगा दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी

**■ इस चैंपियनशिप में 16 देशों के एथलीट भाग लेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत 29 मार्च से शुरू होने वाली दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और योगा. सन भारत के सहयोग से 29 से 31 मार्च तक इंदिरा गांधी एरिना में दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप आयोजित किये जाने घोषणा की।

एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ संगठन के समर्थन प्राप्त इस चैंपियनशिप में 16 देशों के एथलीट भाग लेंगे। चैंपियनशिप का उद्देश्य अपनी समृद्ध विरासत और गहरे सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुये योगासन को एक खेल के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बढ़ावा देना है और योगासन को विश्व स्तर पर एक खेल के रूप में बढ़ावा देना और ओलंपिक में प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में शामिल करने की दिशा में एक रोडमैप बनाना है। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने योग की वैश्विक यात्रा को लेकर कहाकि भारत, योग की जन्मस्थली होने के नाते, दूसरी एशियाई योगासन चैम्पियनशिप की मेजबानी करते हुए अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा है। यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारे प्राचीन योगिक ज्ञान के आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल में रूपांतरित होने का उत्सव है। हम योगासन को एक वैश्विक खेल अनुशासन के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, यह चैम्पियनशिप उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके जरिये हम न केवल योगासन के अद्भुत कौशल को प्रदर्शित कर रहे हैं, बल्कि इसके शारीरिक और मान. सिक रूप से जीवन को रूपांतरित करने की शक्ति को भी उजागर कर रहे हैं। मुझे भरोसा है कि यह चैम्पियनशिप अत्यंत सफल होगी और भारत के नेतृत्व में विश्वभर में समग्र कल्याण और संतुलित जीवन के सिद्धांतों को एक नई दिशा प्रदान करेगी। इस अवसर पर एशियाई योगासन के अध्यक्ष डॉ-संजय मालपानी ने कहाकि दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप योगासन को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल के रूप में स्थापित करने के हमारे मिशन में एक निर्णायक क्षण है। हम आधुनिक एथलेटिक उत्कृष्टता के साथ परंपरा का मिश्रण देख रहे हैं। यह चैंपियनशिप इस बात का सबूत है कि योगासन सिर्फ एक अभ्यास नहीं है, बल्कि एक प्रतिस्पर्धी खेल है, जो सटीकता, सहनशक्ति और कलात्मकता की मांग करता है।

# न्यूजीलैंड दौरे के लिए पाकिस्तान टीम टी-20 से बाबर आजम रिजवान हुए बाहर



**● सलमान आगा को टी-20 कप्तान नियुक्त किया गया, इसके अलावा टीम में शादाब खान की वापसी हुई उन्हें उपकप्तान बनाया**

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के साथ होने वाली पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए कप्तान मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम को टीम से बाहर कर दिया है। चयनकर्ताओं ने चैंपियंस ट्रॉफी से पाकिस्तान के निराशा. जनक प्रदर्शन बाद न्यूजीलैंड दौरे के लिए घोषित टीम में कई बदलाव किये है। जिसके तहत रिजवान और बाबर आजम को पाकिस्तान की टी-20 टीम से बाहर कर दिया है। सलमान आगा को टी-20 कप्तानी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा टीम में शादाब खान की वापसी हुई है उन्हें उप-कप्तान बनाया गया है। हालांकि एकदिवसीय श्रृंखला के लिए मोहम्मद रिजवान की कप्तानी बरकरार रखी गई। लेकिन शाहीन अफरीदी को बाहर कर दिया गया है। घरेलू टी-20 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले 27 वर्षीय बड़े हिटर बल्लेबाज अब्दुल समद टीम में शामिल किया गया हैं। क्वेटा ग्लैडिएटर्स के बल्लेबाज ओमैर यूसुफ को टीम में जगह दी है। एकदिवसीय टीम में अफरीदी को बाहर करने के अलावा कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है। वह दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में एकदिवसीय सीरीज में पाकिस्तान के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। रिजवान एकदिवसीय टीम के कप्तान बने रहेंगे और बाबर को भी टीम में बरकरार रखा गया हैं। अब्दुल्ला शफीक टीम में वापसी हुई हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अकिफ जावेद को एकदिवसीय टीम में पहली बार चुना गया है जबकि सुफियान मुकीम की भी वापसी हुई है। पाकिस्तान 16 मार्च से न्यूजीलैंड में पांच टी-20 मैच खेलेगा और उसके बाद तीन एकदिवसीय मैच की सीरीज होगी। न्यूजीलैंड दौरे के लिए घोषित पाकिस्तान टी-20 टीम: हसन नवाज, ओमैर यूसुफ, मोहम्मद हारिस, अब्दुल समद, सलमान आगा (कप्तान), इरफान नियाजी, खुशदिल शाह, शादाब खान, अब्बास अफरीदी, जहांदाद खान, मोहम्मद अली, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, सुफियान मुकीम, अबरार अहमद और उस्मान खान।



# चोटिल मारक्रम के कवर के लिए दक्षिण अफ्रीका ने लिंडे को बुलाया



**■ मारक्रम को इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी और इसके बाद वे बाहर हो गए**

**लाहौर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने चोटिल एडन मारक्रम के कवर के रूप में बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे चैंपियंस ट्रॉफी के शेष मैचों के लिए टीम में शामिल किया है। मार्करम को इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी और इसके बाद मैच के बाकी समय मैदान से बाहर रहे। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल के लिए उनकी उपलब्धता निर्धारित करने के लिए मंगलवार शाम को प्रशिक्षण के दौरान उनका फिटनेस टेस्ट होगा।लिंडे मंगलवार शाम को दक्षिण अफ्रीका के शिविर में शामिल होंगे। आईसीसी की स्पर्धा तकनीकी समिति के द्वारा इस बदलाव की पुष्टि के बाद वह आधिकारिक तौर पर मारक्रम की जगह नहीं लेंगे। लिंडे ने हाल ही में एसए के 11 मैचों में 153.33 की स्ट्राइक रेट से 161 रन बनाए और 6.29 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए। इसके अलावा उन्होंने वन-डे चैलेंज डिवीजन वन में वेस्टर्न प्रोविंस के लिए खेलते हुए मैच मैचों में 106 रन बनाए और चार विकेट लिए।

# बीसीसीआई के बड़े अफसर पाकिस्तान जाएंगे

**चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल से पहले अचानक लिया गया ये फैसला**

**मुंबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अचानक एक चैंकाने वाला फैसला लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला समेत कई बड़े अधिकारी पाकिस्तान का दौरा करने वाले हैं।

वे 5 मार्च को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में दक्षिण अफीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मैच को देखने के लिए जाएंगे। सूत्रों ने राजीव शुक्ला के पाकिस्तान जाने का दावा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने शुक्ला को अपना प्रतिनिधि चुना है। उनके साथ कुछ अन्य अधिकारी भी पड़ोसी देश जाएंगे और दो दिन बिताने के बाद सभी 6 मार्च को वापस भारत लौट आएंगे। हालांकि, इस दौरान बोर्ड के अध्यक्ष रोजर बिन्नी उनके साथ नहीं होंगे। सूत्र ने कहा, 'हां, शुक्ला चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में हिस्सा लेने के लिए लाहौर जा रहे हैं।' भारतीय बोर्ड का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब उसने टीम इंडिया के खिलाड़ियों को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया था। इसके बाद मेजबान पाकिस्तान को मजबूरी में भारत के सभी मैच दुबई में शेडड्यूल करने पड़े। लेकिन बोर्ड ने अपने अधिकारियों को भेजने के लिए हां कर दी है। इससे पहले अगस्त 2023 में राजीव शुक्ला और बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी पाकिस्तान का दौरा कर चुके हैं।

# रोहित शर्मा के समर्थन में उतरे सुनील गावस्कर

**नई दिल्ली, वार्ता।** कांग्रेस प्रवक्ताके रोहित शर्मा की फिटनेस और कप्तानी पर सवाल उठाए जाने के बाद कई क्रिकेटरों और राजनेताओं ने भारतीय कप्तान का समर्थन किया था और अब पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखी। गावस्कर ने भी रोहित का समर्थन किया और कहा कि दुबले-पतले लड़के मॉडलिंग के लिए होते हैं और क्रिकेट में शारीरिक आकार नहीं, बल्कि मानसिक ताकत मायने रखती है। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद ने रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के मैच के दौरान सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया था। इस पोस्ट में कांग्रेस नेता ने लिखा कि श्रोहित शर्मा एक मोटे खिलाड़ी हैं! उन्हें अपना वजन कम करने की जरूरत है। बेशक वह भारत के अब तक के सबसे बेअसर कप्तान हैं।श इसके बाद विवाद काफी बढ़ गया और कांग्रेस प्रवक्ता की काफी आलोचना की गई जिसके बाद उन्हें एक्स से अपनी पोस्ट हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा। कांग्रेस ने भी शमा की टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया और उनसे पोस्ट डिलीट करने का अनुरोध किया। गावस्कर ने याद दिलाया कि मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान को भी बॉडी शेमिंग (शरीर को लेकर आलोचना) का सामना करना पड़ा।

# नाजुक दौर में दुनिया

इस समय दुनिया बेहद नाजुक दौर से गुजर रही है। चारों ओर चुनौतियां ही चुनौतियां दिखाई दे रही है विडंबना यह है कि इन समस्याओं का कोई और छोर दिखाई नहीं दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर पूरे विश्व की निगाहें लगी थी, यह जानने के लिए की 20 जनवरी 2024 को शपथ लेने के बाद वह किस तरह के फैसले लेते है, यह देखकर और भी कि ट्रम्प का कहना था कि जैसे ही वह सत्ता में आएंगे रूस-यूक्रेन युद्ध व इजरायल-हमास के बीच संघर्ष उनकी प्राथमिकता में होगा। वह यहां तक कहते थे कि किसी भी कीमत पर वह शांति स्थापित करने में सफल होंगे। उनकी बातों को उस समय बल मिल गया जब शपथ एक दिन पूर्व हमास व इजरायल के बीच सीजफायर हो गया। ट्रम्प ने शपथ लेने के बाद रूस से भी बातचीत शुरू की और दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ने यह बातचीत सऊदी अरब की राजधानी रियाद व उसके बाद तुर्की की राजधानी इस्तांबुल में की इस बीच गत शुक्रवार को सीधी बातचीत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व यूक्रेन के राष्ट्रपति वलादिमिर जेलेंस्की के बीच वार्ता वॉशिंगटन में हुई, जोकि पूरी तरह असफल रही। वह इस हद तक असफल रही कि इसने शांति प्रक्रिया की गाड़ी को सीधे पटरी से उतार दिया। सितम देखिए जो यूरोप-नाटो अमेरिका के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर लड़ते आए है। एकाएक बदलते नाटकीय घटनाचक्र में एक-दूसरे के सामने खड़े दिखाई दे रहे है। वहीं अमेरिका अपने दुश्मन रूस के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। यह वहीं अमेरिका है जो तीन साल तक रूस-यूक्रेन संघर्ष में राष्ट्रपति बाइडन की छत्रछाया में यूक्रेन के साथ पूरी ताकत के साथ खड़ा दिखाई दिया, लेकिन ट्रम्प के सत्ता सम्भालते ही सब कुछ उलट-पुलट हो गया। लगता है डोनाल्ड ट्रम्प कुछ ज्यादा ही तेजी में है जिस तरह वह ताबड़तोड़ एक के बाद एक विवादस्पद व कठोर फैसले ले रहे है उससे लगता है तो वह अमेरिका को रातों रात अमेरिका को बुलंदी की नई ऊंचाई पर ले जाना चाहते है। जहां तक बात ट्रम्प की चाहत की है इससे भला किसी को क्या आपत्ति हो सकती है। हर शासक चाहता है कि उसके नेतृत्व में देश नई ऊंचाई को छुए ऐसे में अगर ट्रम्प भी ऐसा सोचते है तो इसमें गलत कुछ भी नहीं, लेकिन जब कोई शासक हड़बड़ी में दिखाई देता है और वह शासक भी अमेरिकी शक्तिशाली देश का हो, तो कई सवाल खड़े हो जाते है। यहीं कारण है आज अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को लेकर दुनिया काफी आश्चर्यचकित दिखाई दे रही है अमेरिकी राष्ट्रपति एक के बाद एक फैसलों से बड़ी विचित्र सी स्थिति पैदा कर रहे है। किसी की समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर डोनाल्ड ट्रम्प वास्तव में चाहते क्या है, कोई यह भी नहीं समझ पा रहा है कि वह कब क्या फैसला ले लें। यही कारण है न तो अब तक रूस-यूक्रेन युद्ध पर कोई फर्क पड़ता दिखाई दे रहा है और हमास-इजरायल संघर्ष विराम समझौता भी टूटता दिखाई दे रहा है।

## आंतरिक सुरक्षा और बाह्य सुरक्षा दोनों अलग-अलग नहीं



**सुरक्षा** से संबंधित मौजूदा जटिल परिदृश्य की चुनौतियों को देखते हुए आंतरिक और बाहरी सुरक्षा से निपटने वाली सुरक्षा एजेन्सियों के बीच परस्पर सहयोग और तालमेल बेहद जरूरी है, आंतरिक सुरक्षा और बाह्य सुरक्षा दोनों अलग-अलग नहीं है, इन दोनों को अलग-अलग करके, नहीं देखा जा सकता है, ये एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, जरूरी यह है कि आंतरिक और बाह्य चुनौतियों के बदलते स्वरूप को देखते हुए हम सुरक्षा नीतियों को भी उसी प्रकार से ढालें, यह जरूरी है कि उपलब्ध संसाधनों का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाए और संस्थाएं अकेले नहीं, बल्कि एक दूसरे के साथ सहयोग के दृष्टिकोण से काम करें, अभी हाइब्रिड वारफेयर, साइबर और अंतरिक्ष आधारित चुनौतियों जैसे गैर पारंपरिक खतरे सामने आ रहे हैं और इनके कारण सुरक्षा संबंधी परिदृश्य इतना जटिल हो गया है कि इससे निपटने के लिए डीआरडीओ, केन्द्रीय पुलिस बलों और अन्य संस्थाओं के बीच सहयोग जरूरी बन गया है।

**राजनाथ सिंह**
**रक्षा मंत्री**

# पार्टी के गिरते ग्राफ से चिंतित तो नहीं मायावती



अशोक भाटिया

बहुजन समाज पार्टी के राज्य कार्यालय में रविवार को बसपा प्रमुख मायावती ने बैठक में बड़ा फैसला लिया। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया। उनकी जगह पर अपने भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को पार्टी का राष्ट्रीय कोओर्डिनेटर बनाया गया है। इनके जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया गया।मायावती ने अपने बयान में कहा कि आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया गया है। आकाश आनंद को हटाने के पीछे इसकी सारी जिम्मेवारी उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की है। अशोक ने पार्टी के नुकसान पहुंचाने के साथ ही साथ आकाश के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है। आकाश के स्थान पर



> **आकाश आनंद को हटाने के पीछे सारी जिम्मेवारी उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की है, अशोक ने पार्टी को नुकसान पहुंचाने के साथ ही साथ आकाश के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है, आकाश के स्थान पर उनके छोटे भाई आनंद कुमार ही पार्टी का सभी कार्य करते रहेंगे, आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ ही साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर भी बनाया गया है**


उनके छोटे भाई आनंद कुमार ही पार्टी का सभी कार्य करते रहेंगे। आनंद पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ ही साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर भी बनाया गया है। उनका पूरा सहयोग करने के लिए रामजी गौतम को भी नेशनल कोओर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी है। इन दोनों में से आनंद कुमार का प्रमुख कार्य दिल्ली में अधिक रहकर पार्टी का पूरा पेपर वर्क अन्य जरूरी कार्य देखेना होगा। साथ ही पूरे देश में अपना सम्पर्क बनाकर रखेंगे। वहीं रामजी गौतम पूरे देश और हर राज्यों में जाकर पार्टी की प्रगति रिपोर्ट लेंगे। पार्टी के जनाधार को भी बढ़ाने के लिए उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन कराएंगे।

बसपा चीफ ने साल 2019 में आनंद को पार्टी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया था। वहीं, अपने ही भाई को पार्टी के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। अब इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि ताजा फैसले के जरिए मायावती संदेश देना चाहती हैं कि बसपा का मिशन उनके परिवार से पहले आता है।इसके अलावा कहा यह भी जा रहा है कि दोनों को पद दिए जाने के बाद मायावती पर वंशवाद फैलाए जाने के आरोप लग रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि बसपा के वरिष्ठ नेताओं का एक वर्ग आनंद के बढ़ते कद से खास खुश नहीं था।

उत्तरप्रदेश की नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद दलित युवाओं में खासे लोकप्रिय हैं। साथ ही वह पार्टी के नाम के साथ ही इस बात पर दावा पेश करते नजर आ रहे हैं कि वह ही कांशीराम की राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी हैं। अब कहा जा रहा है कि आनंद को पद से हटाए जाने के जरिए मायावती यह दिखाने की कोशिश में भी हैं कि वह कांशीराम की विरासत की असली उत्तराधिकारी हैं। बताया तो यह भी जा रहा है कि बहुजन समाज पार्टी का किला लगातार ढहता जा रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 में बहुजन समाज पार्टी 10 सीटों से शून्य पर आ गई। इसके बाद उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ, इसमें भी पार्टी का खाता तक नहीं खुला। हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भी बसपा की हालत खराब ही रही। दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी कुछ खास नहीं कर पाई। पार्टी के खराब प्रदर्शन के पीछे राजनीतिक विश्लेषक सबसे बड़ा कारण पार्टी से नेताओं की विदाई मान रहे हैं। उनका मानना है कि अब पार्टी के पास पहले जैसे कद्दावर नेता बचे नहीं हैं। यही वजह है कि पार्टी को इसका लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है।साथ ही बसपा के खराब प्रदर्शन से पार्टी के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में जो पहले कभी नहीं हुआ था वह पहली बार बहुजन समाज पार्टी ने साल 2007 में अकेले दम पर कर दिखाया था। बीएसपी ने 212 सीटों के प्रचंड बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश की सत्ता पर अधिकार जमाया। इससे पहले भी तीन बार बीएसपी सुप्रीमो मायावती विभिन्न पार्टियों के सहयोग से सरकार बनाती रहीं, लेकिन चौथी बार जब मायावती की सरकार बनी तो किसी भी दल की जरुरत बीएसपी को नहीं पड़ी। हालांकि 2012 आते-आते पार्टी का ग्राफ गिरने लगा।

चाहे लोकसभा चुनाव हो या फिर विधानसभा, पार्टी को उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली। 2019 में बहुजन समाज पार्टी ने समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और 10 सीट पाने में कामयाब हुई। एक समय पार्टी में नसीमुद्दीन सिद्दीकी और इंद्रजीत सरोज का जलवा था। पर 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव हुआ। पार्टी ने अकेले दम पर चुनाव लड़ा। बलिया की रसड़ा विधानसभा सीट को छोड़ पार्टी कहीं भी नहीं जीत पाई। रसड़ा के बारे में माना जाता है कि यहां से विधायक उमाशंकर सिंह निर्दलीय भी लड़े तो भी जीतने में सक्षम हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से पार्टी ने अकेले लड़ने का फैसला किया। लेकिन पार्टी का खाता तक नहीं खुला।




| | 1989 | 1991 | 1993 | 1996 | 2002 | 2007 | 2012 | 2017 | 2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| VOTE % | 9.41% | 9.44% | 11.12% | 19.64% | 23.06% | 30.43% | 25.91% | 22.23% | 12.88% |
| SEATS WON | 13 | 12 | 67 | 67 | 98 | 206 | 80 | 19 | 1 |

बहुजन समाज पार्टी की उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार रही। बसपा सुप्रीमो मायावती का टेरर इस कदर था कि पार्टी के नेता और सरकारी अधिकारी उनसे घबराते रहे। पार्टी में उस समय ऐसे कद्दावर नेता थे जो दूसरी पार्टियों में नहीं थे। इनमें नसीमुद्दीन सिद्दीकी को मायावती के बाद दूसरे नंबर का माना जाता था।आरके चौधरी का नाम बसपा के बड़े नेताओं नें शामिल था। पार्टी से बाहर होने के बाद सपा से सांसद हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य, रामअचल राजभर, बाबू सिंह कुशवाहा, इंद्रजीत सरोज, आरके चौधरी, लाल जी वर्मा और अशोक सिद्धार्थ जैसे बड़े नेता पार्टी में थे। सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं देशभर में पार्टी का दबदबा था। धीरे-धीरे पार्टी के नेताओं पर अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए बीएसपी सुप्रीमो ने एक्शन लेना शुरू किया और उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया। ज्यादातर नेताओं ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया और वर्तमान में विधायक, सांसद और राष्ट्रीय महासचिव तक बने हुए हैं, जबकि बहुजन समाज पार्टी की स्थिति यह हो गई है कि मायावती के बाद कोई ऐसा नामचीन चेहरा पार्टी में नहीं रह गया है जो जनता से सीधे तौर पर जुड़ा हो। गौर करने वाली बात यह भी है कि बसपा सुप्रीमो मायावती चुनाव में गिनी चुनी जनसभाएं ही करती हैं, जिसके चलते जनता पर उसका प्रभाव भी नहीं पड़ रहा है। यही वजह है कि देशभर में लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने के बाद भी पार्टी की एक भी सीट नहीं निकल पा रही है।बसपा सुप्रीमो मायावती अपने सख्त एक्शन के लिए हमेशा से जानी जाती हैं। बुधवार (12 फरवरी) को भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ पर कार्रवाई कर नेताओं को एक बार फिर कड़ा संदेश दिया था कि पार्टी में अनुशासनहीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी, फिर चाहे कोई कितना भी करीबी क्यों न हो।मायावती ने पार्टी से भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को बाहर कर दिया था। मायावती की कार्रवाई का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि जब लोकसभा चुनाव के दौरान भतीजे आकाश आनंद ने सीतापुर में रैली के दौरान कुछ ऐसा भाषण दिया जो मायावती को नागवार गुजरा। इसके बाद उन्होंने अपने भतीजे पर ही कार्रवाई कर दी। पार्टी का उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद उनसे यह अधिकार वापस ले लिया।

**( वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार, लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार )**

# जिद्दी से जिद्दी चर्बी होगी गायब, वजन को कम करेंगी ये तीन चीजें

खराब लाइस्टाइल और गलतखान के कारण आजकल लोगों में वेट लॉस की समस्या बढ़ती जा रही है। अनहेल्दी खानपान और तनाव के कारण लोग मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में किचन में रखी 3 चीजें आपके शरीर का फैट तुरंत गायब कर देंगी। पानी में मिला लीजिए ये 3 चीजें देखें कैसे फैट बर्न होता है। ये घरेलू नुस्खे न सिर्फ वजन घटाने में मदद करता है। आइए जानते है कैसे इन 3 चीजों से वेट लॉस किया जा सकता है।

> **वजन को कम करने के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते? हालांकि, आप नहीं जानते हैं कि आपकी किचन में रखी ये तीन चीजें वजन को कम करने में मदद करती है, तो चलिए आप कैसे अपना वजन को कम कर सकते हैं**



### 1 नींबू पानी पिएं

क्या आप जानते हैं नींबू पानी से भी वजन घटाया जा सकता है? नींबू में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और डिटॉक्सिफाइंग गुण होते हैं। यह शरीर से टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करते हैं। इसलिए आप सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पीने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट करता है, जिससे कैलोरी को बर्न करने में मदद करता है। नींबू पानी पीने से पाचन दुरुस्त रखता है और यह भूख को कंट्रोल करता है।

#### कैसे बनाएं

एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू को निचोड़ें और इसमें शहद मिलाए। फिर इसको खाली पेट पिएं और रोजाना नींबू पानी पिएं।

### 2 शहद पानी

शहद एक प्रकार से नेचुरल स्वीटनर है, मीठा होने के साथ ही हेल्थ के लिए काफी बढ़िया रहता है। शहद में कई पोषक तत्व पाएं जाते है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल गुण शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। शहद का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, जोकि फैट को बर्न करता है।

#### कैसे बनाएं

सबसे पहले एक गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच शहद मिलाएं और इसे सुबह खाली पेट पिएं।

### 3 हल्दी पानी

हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट के गुणों से भरपूर होता है। इसमें मौजूद करक्यूमिन शरीर की चर्बी को कम करने में मदद करता है। हल्दी पानी पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और फैट सेल्स को बर्न करता है। हल्दी पाचन तंत्र को मजबूत करता है और शरीर से टॉक्सिंस को बाहर करता है।

#### कैसे बनाएं

सबसे पहले आप गुनगुने पानी में आधा चम्मच हल्दी पाउडर डालें और इसे अच्छे घोल लें। इसे सुबह खाली पेट पिएं।

#### इन बातों का रखें ध्यान

- यदि आपको कोई एलर्जी और स्वास्थ्य समस्या है, तो डॉक्टर की सलाह लें।
- अधिक मात्र में नींबू पानी और शहद पानी पीने से बचें, क्योंकि इससे एसिडिटी समस्या हो सकती है।
- हल्दी को कम मात्रा में ले। अधिक हल्दी के सेवन से पेट में गर्मी हो सकती है।

***डिस्क्लेमर: इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें***

# भारतीय राजनीति में बुद्धिमान नहीं वफादार होना जरूरी



तनवीर जाफरी

इन दिनों कांग्रेस पार्टी के नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री व तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर को लेकर अटकलों का बाज़ार गर्म है। शशि थरूर संयुक्त राष्ट्र की नौकरी छोड़कर 2009 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे। उसके बाद वे लगातार चार बार केरल की तिरुवनंतपुरम सीट से लोकसभा सांसद निर्वाचित होते रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस के मलयालम पॉडकास्ट से बात चीत के दौरान यह कह दिया की यदि कांग्रेस पार्टी को उनकी सेवाओं की ज़रूरत नहीं है तो उनके पास 'विकल्प' हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर पार्टी उनका इस्तेमाल करना चाहती है तो वे पार्टी के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्यथा मेरे पास करने के लिए मेरी चीज़ें हैं। आपको नहीं सोचना चाहिए कि मेरे पास दूसरे विकल्प नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पास मेरी किताबें, भाषण, और पूरी दुनिया से बातचीत करने के लिए निमंत्रण हैं। थरूर के इस बयान से इन अटकलों को बल मिलना स्वाभाविक था कि क्या अब थरूर भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं। इस ख़बर के साथ ही मीडिया में इस बात को लेकर भी



> **पिछले दिनों उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस के मलयालम पॉडकास्ट से बातचीत के दौरान यह कह दिया की यदि कांग्रेस पार्टी को उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है, तो उनके पास 'विकल्प' हैं**

अटकलें लगाई जाने लगीं कि यदि थरूर कांग्रेस पार्टी छोड़ते हैं तो क्या वे भी भारतीय जनता पार्टी की शरण में जाएंगे? ख़ासकर पूर्व में उनके द्वारा भाजपा सरकार की कुछ नीतियों की तारीफ़ किए जाने से इन क़यासों को अधिक बल मिला। जैसे कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनकी मुलाक़ात की प्रशंसा की।

उन्होंने मोदी के अमेरिका दौरे को काफ़ी अच्छा बताया। इसी तरह थरूर ने एफ़-35 लड़ाकू विमान को ख़रीदने में भारत की दिलचस्पी की तारीफ़ यह कहकर की कि ये विमान काफ़ी क़ीमती है। जबकि उन्हीं की पार्टी के नेता व कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भारत सरकार द्वारा इस विमान को ख़रीदने में दिलचस्पी की आलोचना की। सुरजेवाला का कहना था, कि जिस एफ 35 को एलन मस्क 'कबाड़' बता चुके हैं उसे नरेंद्र मोदी ख़रीदने पर क्यों तुले हुए हैं। इसी तरह थरूर ने सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनल्ड्स के साथ एक सेल्फ़ी पोस्ट करते हुए लिखा था कि 'लंबे समय से रुकी हुई एफ़टीए वार्ता फिर से शुरू हो गई है, जो स्वागत योग्य है।' बेशक सरकार के प्रति इस तरह के अप्रत्याशित वक्तव्य भाजपा के प्रति थरूर के सकारात्मक होने का संकेत दे रहे थे। परन्तु जब थरूर से भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्वयं को एक 'क्लासिक उदारवादी' बताते हुए कहा कि-मैं सांप्रदायिकता का विरोध करता हूं और आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय में विश्वास करता हूं।

> **थरूर ने कहा: मेरे पास मेरी किताबें भाषण और पूरी दुनिया से बातचीत करने के लिए निमंत्रण है, थरूर के इस बयान से इन अटकलों को बल मिलना स्वाभाविक था कि क्या अब थरूर भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं**

उन्होंने कहा कि हर पार्टी का अपना विश्वास और इतिहास होता है। अगर आप किसी दूसरी पार्टी के विश्वास को नहीं अपना सकते तो उसके साथ जुड़ना सही नहीं है। मुझे नहीं लगता कि यह सही है। वैसे भी जिस तरह 50 करोड़ की गर्ल फ़्रेंड कहकर शशि थरूर को लेकर अपमान जनक टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने सार्वजनिक भाषण में की गई थी उसे देखकर भी नहीं लगता कि थरूर जैसा बुद्धिजीवी व संवेदनशील व्यक्ति कभी भाजपा में भी शामिल होगा।

परन्तु इन्हीं ख़बरों के बीच एक बार फिर इस बात पर भी बहस छिड़ गई है कि क्या राजनैतिक दलों में बुद्धिजीवियों की कोई महत्वपूर्ण भूमिका भी है? यदि थरूर के ही राज्य केरल में पिछले चुनावों के दौरान देखें तो भारत के एक प्रख्यात सिविल इंजीनियर, दिल्ली मेट्रो के निदेशक व पद्म तथा पद्म विभूषण जैसे अति प्रतिष्ठित सम्मानों के हासिल करने वाले ई श्रीधरन जिन्हें भारत के 'मेट्रो मैन' के रूप में भी जाना जाता है, को भाजपा द्वारा केरल का मुख्यमंत्री प्रचारित किया गया था। यह और बात है कि ई श्रीधरन स्वयं अपना चुनाव भी नहीं जीत सके। परन्तु क्या कोई जानता है कि आज ई श्रीधरन भाजपा में क्या भूमिका निभा रहे हैं? एक श्रीधरन ही नहीं भाजपा में ही लाल कृष्ण आडवाणी से लेकर यशवंत सिन्हा व अरुण शौरी जैसे अनेक नेताओं का जो हर्ष भाजपा में हुआ और हो रहा है वह किसी से छुपा नहीं है। क्या उनकी क़ाबलियत के अनुसार उनके व्यक्तित्व का इस्तेमाल किया गया? हां यदि एस जय शंकर,अश्वनी वैष्णव और हरदीप पुरी जैसे गिने चुने लोगों को ज़िम्मेदारियां दी भी गई हैं तो वे भी कितने स्वतंत्र हैं किसी से छुपा नहीं है। हां सत्ता प्रमुख, पूर्व नौकरशाह होने के नाते उनसे किसी तरह की 'ना' की उम्मीद तो कर ही नहीं सकते क्यों उन्होंने अपनी पूरी सेवा के दौरान केवल 'यस मिनिस्टर' ही तो कहा है ?

कमोबेश अधिकांश राजनैतिक दलों में यही स्थिति है। जहां पार्टी प्रमुखों को या आला कमान को बुद्धिजीवी, सलाह देने वाला, अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करते हुए शीर्ष नेताओं को कोई नेक सलाह देने वाला नेता नहीं बल्कि ऐसा व्यक्ति चाहिए जो उनके प्रति पूरी तरह वफ़ादार हो और हर सही व ग़लत बात में आला कमान की हां में हां मिलाने की 'सलाहियत' रखता हो। हां, इन्हीं राजनैतिक दलों में कई ऐसे अवसरवादी प्रवृति के 'समझदार' नेता भी मिल जाएंगे जो केवल अपने सुखद राजनैतिक भविष्य के कारण सभी परिस्थितियों में गुज़ारा करने में भी संतुष्ट रहते हैं। क्योंकि कभी इन्हें मंत्री बनाकर ख़ामोश कर दिया जाता है तो कभी राज्यपाल का पद नवाज़ कर सक्रिय राजनीति से दरकिनार कर दिया जाता है।

# डिस्फेजिया की समस्या होने पर खाना निगलने में होती है परेशानी

## समय पर इलाज बेहद जरूरी

खांसी और कफ की समस्या होने पर गले में दर्द होना आम बात है। कफ होने पर गले की मांसपेशियों पर दबाव पड़ने की वजह से गले में दर्द हो सकता है। वहीं मौसम में बदलाव होने की वजह से भी गले में खराश हो जाती है, जिससे गले में दर्द हो जाता है। मेडिकल की भाषा में इस समस्या को डिस्फेजिया कहा जाता है। इसमें गले की मांसपेशियों में खिंचाव आता है। यह समस्या होने पर कुछ भी खाने पर गले में दर्द होता है।

### डिस्फेजिया क्या है

यह एक ऐसी मेडिकल कंडीशन है, जिसमें खाना निगलने में परेशानी होती है। यह समस्या ठोस और पेय दोनों को निगलने में होती है। डिस्पैगिया में हमेशा गले में दर्द नहीं रहता है, लेकिन यह समस्या पर निर्भर करता है कि व्यक्ति को परेशानी कितनी है। वहीं अगर समय रहते इस समस्या को कंट्रोल नहीं किया जाता है, तो यह डिहाइड्रेशन, मालन्यूट्रिशन और निमोनिया का कारण बन सकता है।

### कितने प्रकार के होते हैं डिस्फेजिया

#### 1 ऑरोफरीन्जियल डिस्फेजिया

यह अक्सर गले को प्रभावित करने वाली मसल्स या न्यूरोलॉजिकल से जुड़ी समस्या हो सकती है। यह समस्या तब होती है, जब व्यक्ति द्वारा कुछ भी खाने या पीने पर खाना गले की नली से नीचे नहीं आ पाता है।

#### 2 एसोफेजियल डिस्फेजिया

एसोफेजियल डिस्फेजिया की समस्या होने पर खाना निगलने के बाद चिपकने या ग्रासनली में फंसने जैसा एहसास होता है। इसोफेगस से जुड़ी किसी भी परेशानी की वजह से यह समस्या हो सकती है।

#### 2 डिस्फेजिया के लक्षण

- खाने पर गले या सीने में खाना अटकने जैसा महसूस होना।
- खाने के दौरान खांसी आना या फिर खाना अटकने जैसा महसूस होना।
- रेस्पिरेटरी इंफेक्शन होना
- सलाइवा को निगलने में भी परेशानी होना
- कुछ भी खाने या पीने पर बाहर उगल देना

# डोनाल्ड ट्रम्प पर भारी पड़ा टैरिफ वॉर




- अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट
- गुस्साए कनाडा और चीन ने भी पलटवार करते हुए अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने का किया ऐलान

**वाशिंगटन/बीजिंग।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प खुद ही शुरू किए टैरिफ वॉर में घिरते नजर आ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के कनाडा और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट आई है। अमेरिका का एस-पी 500 इंडेक्स 2 प्रतिशत तक गिर गया है। ट्रम्प ने मंगलवार से दोनों देशों पर टैरिफ लागू करने ऐलान किया है। इसके अलावा फरवरी में चीन पर लगाए गए 10 प्रतिशत टैरिफ को बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है। कनाडा और चीन ने भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ का ऐलान किया है। कनाडा अगले 21 दिनों में 155 अरब डॉलर की अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। इसकी शुरुआत मंगलवार से 30 अरब डॉलर के आयात पर टैरिफ से होगी। चीन 10 मार्च से अमेरिका पर 10 प्रतिशत और 15 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। अमेरिका के एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स जैसे सोया, गेहूं, मक्का, कपास पर 15 प्रतिशत और पोर्क, बीफ, समुद्री खाद्य पदार्थ, फल, सब्जियां और डेयरी उत्पादों पर 10 प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया है। ट्रम्प ने कहा कि यह टैरिफ अमेरिका के दो पड़ोसी देशों पर फेंटेनाइल (ड्रग) तस्करी रोकने और अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के लिए दबाव बनाने के मकसद से लगाए जा रहे हैं। ट्रम्प ने कनाडा से आयात होने वाले तेल और बिजली पर टैरिफ में छूट दी है।

अमेरिका इन पर सिर्फ 10 प्रतिशत टैरिफ ही लगाएगा। ट्रम्प ने फरवरी में कहा था कि कनाडा से होने वाले तेल के आयात में छूट दी सकती है। एनर्जी इन्फार्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक पिछले साल अक्टूबर में अमेरिका ने कनाडा से हर दिन लगभग 46 लाख बैरल आयल और मेक्सिको से 5.63 बैरल आयल इम्पोर्ट किया। जबकि उस महीने में अमेरिका का एवरेज डेली प्रोडक्शन लगभग 1.35 करोड़ बैरल प्रतिदिन था। डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले महीने रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। ट्रम्प अप्रैल से इसे लागू करने का प्लान बना रहे हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने 1 फरवरी को कनाडा-मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के लिए आदेश जारी किए थे। इसे 4 फरवरी से लागू होना था। बाद में ट्रम्प के साथ दोनों देशों के नेताओं ने बातचीत की। इसके बाद टैरिफ को अगले 30 दिनों के लिए टाल दिया गया था। अमेरिका में ड्रग तस्करी और अवैध प्रवासियों को घुसने से रोकने के लिए मेक्सिको ने अमेरिका बार्डर पर नेशनल गार्ड के 10 हजार सैनिकों को तैनात किया है। वहीं कनाडा ने फेंटेनाइल की तस्करी रोकने के लिए फेंटेनाइल जार को नियुक्त किया है। पीटरसन इंस्टीट्यूट फार इंटरनेशनल इकोनामिक्स और एल यूनिवर्सिटी की बजट लैब की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी टैरिफ का उसके नागरिकों पर नकारात्मक असर पड़ेगा। अमेरिकी परिवारों को सालाना 1000 डॉलर यानी करीब 90 हजार रुपये अतिरिक्त खर्च करने होंगे। फोर्ड और वालमार्ट जैसी कंपनियां पहले ही टैरिफ की वजह से अपने बिजनेस पर नकारात्मक असर पड़ने की चेतावनी दे चुकी हैं। कार्नेल यूनिवर्सिटी में अर्थशास्त्री ईश्वर प्रसाद के मुताबिक टैरिफ से अमेरिका में महंगाई बढ़ेगी और व्यापार प्रभावित होंगे। अमेरिका का कनाडा और मेक्सिको के साथ फी ट्रेड एग्रीमेंट है। इसके तहत इन देशों के बीच होने वाले किसी भी तरह के आयात-निर्यात पर टैरिफ (शुल्क) नहीं लगता है। ट्रम्प ने अपने पिछले कार्यकाल में मेक्सिको और कनाडा के साथ नार्थ अमेरिका फी ट्रेड एग्रीमेंट NAFTA किया था। इन तीनों देशों ने 2023 में अमेरिका से 1 ट्रिलियन डॉलर (करीब 85 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का सामान खरीदा था। वहीं, 1.5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा की सामग्री बेची थी। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प के टैरिफ वार का सबसे ज्यादा असर आटो सेक्टर, कृषि, टेक्नोलाजी, पार्ट्स-पुर्जे पर होगा। टैरिफ लगने के बाद इन चीजों की कीमत में इजाफा हो जाएगा। वहीं चीन 10 मार्च से अमेरिकी वस्तुओं पर अतिरिक्त शुल्क लगाएगा जिसमें गेहूं पर 15 प्रतिशत के साथ ही गोमांस, फल, सब्जियों और डेयरी उत्पादों पर 10 प्रतिशत टैरिफ शामिल है।

## चीन भी 19 अमेरिकी कंपनियों को करेगा ब्लैकलिस्ट



**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को टीकॉम लिमिटेड पार्टनरशिप सहित 10 अमेरिकी कंपनियों को देश की अविश्वसनीय इकाई सूची में जोड़ने और उनके खिलाफ कदम उठाने का फैसला किया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, मंगलवार से चीन इन कंपनियों को चीन से संबंधित आयात और निर्यात गतिविधियों में शामिल होने से रोकेगा और इन कंपनियों को देश के भीतर नए निवेश करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। चीन की ओर से जिन अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें टीकॉम लिमिटेड पार्टनरशिप, स्टिक रूडर एंटरप्राइजेज एलएलसी, टेलीडाइन ब्राउन इंजीनियरिंग, इंक, हंटिंगटन इंगॉल्स इंडस्ट्रीज इंक, एस 3 एयरोडिफेंस, क्यूबिक कॉर्पोरेशन, टेक्स्टऑर, एसीटी 1 फेडरल, एक्सोवेरा और प्लेनेट मैनेजमेंट ग्रुप शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि यह निर्णय चीन की राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों को बनाए रखने के लिए प्रासंगिक कानूनों तथा नियमों के अनुसार किया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन की कड़ी आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए, इन 10 कंपनियों ने हाल के वर्षों में या तो ताइवान को हथियारों की बिक्री की है या ताइवान के साथ तथाकथित सैन्य प्रौद्योगिकी सहयोग में शामिल रही हैं। प्रवक्ता ने कहा कि जवाब में, चीन ने इन संस्थाओं को विभिन्न कानूनों और नियमों के अनुसार जवाबदेह ठहराने का फैसला किया है। प्रवक्ता ने कहा कि चीन ने हमेशा अपनी अविश्वसनीय इकाई सूची के मुद्दे को विवेकपूर्ण तरीके से संभाला है, केवल कुछ विदेशी संस्थाओं को लक्षित किया है जो चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करती हैं। उन्होंने कहा कि कानून का पालन करने वाली विदेशी संस्थाएं जो सद्भाव से काम करती हैं, उन्हें चिंतित होने की जरूरत नही है। चीनी सरकार हमेशा की तरह सभी देशों की कंपनियों का देश में निवेश और संचालन करने के लिए स्वागत करेगी और कानूनों और नियमों के अनुसार चीन में काम करने वाले विदेशी उद्यमों के लिए एक स्थिर, निष्पक्ष और अनुमानित कारोबारी माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## इजरायल ने युद्ध विराम समझौते के अगले चरण के लिए रखी शर्तें

**यरूशलम।** इजरायल ने जनवरी में लागू हुए संघर्ष विराम समझौते के अगले चरण में आगे बढ़ने के लिए गाजा पट्टी से विसैन्यीकरण और हमास के शासन की समाप्ति की मांग की है। यह जानकारी इजरायली विदेश मंत्री गिदोन ने मंगलवार को दी। गिदोन ने एक प्रेस ब्रीफिग में कहा कि हमारे पास दूसरे चरण पर कोई समझौता नहीं है। हम गाजा से पूरी तरह से विसैन्यीकरण की मांग करते हैं और हमास और इस्लामिक जिहाद को बाहर निकाल कर अपने बंधकों की वापसी की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमास इन मांगों पर सहमत हो जाता है तो हम कल ही समझौते को लागू कर सकते हैं। रविवार सुबह से गाजा में मानवीय सहायता रोकने के इजरायल के कदम का उल्लेख करते हुए दावा किया कि हमास द्वारा इस सहायता का उपयोग अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि मानवीय आपूर्ति हमास के लिए बजट की सबसे बड़ी आय बन गई है और समूह की सैन्य क्षमताओं के पुनर्निर्माण का एक साधन बन गई है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि सहायता रोकने का उद्देश्य हमास पर युद्ध विराम और बंधक रिहाई समझौते के पहले चरण को बढ़ाने के नए प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए दबाव डालना है।

## अमेरिका ने यूक्रेन को सभी सैन्य मदद पर लगाई रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने यूक्रेन को दी जा रही सभी सैन्य सहायता अस्थाई रूप से निलंबित कर दी है और यह सहायता तब तक बहाल नही की जाएगी, जब तक कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को यह विश्वास नहीं हो जाता कि यूक्रेन शांति वार्ता के लिए प्रतिबद्धता है। फॉक्स न्यूज ने व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी। द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने सोमवार को बताया कि ट्रम्प अमेरिकी अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और यूक्रेन के खिलाफ कई उपायों पर विचार करेंगे तथा संभवतः उन्हें लागू करेंगे, जिसमें देश को सैन्य सहायता रोकना भी शामिल है। वाशिंगटन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और ट्रम्प के बीच शुक्रवार को ओवल ऑफिस में वार्ता पत्रकारों के सामने उनकी आपसी कहासुनी के बाद विफल हो गई। इस कहासुनी के बाद जेलेंस्की की अमेरिकी मदद के प्रति कृतज्ञता की कमी और व्हाइट हाउस में अपमानजनक व्यवहार के लिए आलोचना की। ट्रम्प ने जेलेंस्की के साथ हस्ताक्षर को रद्द कर दिया, जिसे पहले ही यूक्रेनी सरकार ने मंजूरी दे दी थी, कहा कि यूक्रेनी नेता का व्हाइट हाउस में तब तक स्वागत नहीं किया जाएगा जब तक कि वह शांति के लिए तैयार नहीं हो जाए।

## किम जोंग की बहन ने दी ट्रम्प को धमकी



### किम यो जोंग ने अमेरिका के दक्षिण कोरिया में एयरक्राफ्ट भेजने को बताया सैन्य उकसावे की कार्रवाई

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग अकसर अमेरिका को धमकियां देते रहते हैं। फिर से अमेरिका को उत्तर कोरिया से ध्मकी मिली हैं, पर इस बार यह चेतावनी किम जोंग की ओर से नहीं, बल्कि उनकी बहन किम यो जोंग की ओर से दी गई है।

किम यो जोंग ने अमेरिका के दक्षिण कोरिया में एयरक्राफ्ट भेजने को सैन्य उकसावे की कार्रवाई करार दिया है। साथ ही कहा है कि इस तरह की कार्रवाइयां उत्तर कोरिया के निरंतर परमाणु विस्तार को ठीक ठहराती हैं। अमेरिका ने दक्षिण कोरियाई बंदरगाह बुसान में USS कार्ल विंसननिमित्ज़ श्रेणी का एयरक्रिाफ्ट भेजा है, जिसके बाद एक बार दोनों देशों के बीच टकराव की स्थिति बन गई है।

किम जोंग की बहन ने इस कदम को टकराव की व्यापक नीति का हिस्सा बताया है। किम यो जोंग ने एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती को अमेरिका और उसके पिट्ठुओं का टकराव उन्माद कहा। उन्होंने पहले भी इसी तरह के बयान दिए हैं, जिसमें उन्होंने दक्षिण कोरिया के लाइव-फायर अभ्यासों को आत्मघाती उन्माद कहा है।

किम यो जोंग ने यह भी कहा कि उत्तर कोरिया जंग भड़काने की इस तरह के कार्रवाइयों को रणनीतिक स्तर पर उठाएंगा और इसकी जांच करेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां उत्तर कोरियां के सुरक्षा को खतरे में डालती हैं। अमेरिका लगातार उत्तर कोरिया के दुश्मन दक्षिण कोरियां की मदद कर रहा है और उसको सैन्य सहयोग दे रहा है। इस बीच दक्षिण कोरियाई नौसेना ने इस तैनाती को ताकत का रणनीतिक प्रदर्शन बताया है, जो बढ़ते क्षेत्रीय तनाव को दर्शाता है। यह देखना अभी बाकी है कि किम जोंग उन खुद इस ताजा घटनाक्रम पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

## धर्म गार्जियन में हिस्सा ले रहे भारत-जापान के सैनिक



**नई दिल्ली।** भारत और जापान के सैनिक जापान के पूर्वी फूजी में संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्जियन में पूरे जोश के साथ हिस्सा लेते हुए युद्ध और संचालन अनुभवों को साझा कर रहे हैं। सेना के अनुसार दोनों सेनाओं के बीच संयुक्त अभ्यास का यह छठा संस्करण है। नौ मार्च तक चलने वाला यह अभ्यास भारत और जापान के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करने के साथ साथ परस्पर तालमेल और व्यापक प्रशिक्षण गतिविधियों को बढावा देगा। इस अभ्यास का मुख्य फ़ोकस शहरी इलाकों में आतंकवाद रोधी अभियानों पर है। दोनों देशों के सैनिक अपनी रणनीति को परिष्कृत और जटिल शहरी परिस्थितियों में संचालन क्षमता में सुधार कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त अभ्यास में सिम्युलेटिड संयुक्त राष्ट्र शांति अभियान भी शामिल हैं जिन्हें वास्तविक स्थितियों के आधार प डिज़ाइन किया गया है। जैसे-जैसे अभ्यास आगे बढ़ रहा है दोनों पक्ष सामरिक अभ्यासों की एक श्रंखला में भाग ले रहे हैं और युद्ध के अनुभवों को साझा कर रहे हैं, परिचालन क्षमताओं को मजबूत कर रहे हैं और गहन सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। इन गतिविधियों को अंतर-संचालन को बढ़ावा देने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भारतीय और जापानी सेना भविष्य के शांति या मानवीय मिशनों में सहज रूप से सहयोग कर सकें। सामरिक प्रशिक्षण से इतर धर्म गार्जियन अभ्यास भाग लेने वाले सैनिकों के बीच सांस्कृतिक समझ बनाने और सौहार्द को बढ़ावा देने पर जोर देता है। दोनों देशों के सैनिकों को अपनी-अपनी सांस्कृतिक विरासतों को प्रदर्शित करने का अवसर मिला है, जिससे दोस्ती और आपसी सम्मान के बंधन को मजबूत करने में मदद मिली है। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान दोनों सेनाओं के बीच स्थाई संबंध विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अभ्यास दोनों सेनाओं के लिए एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखने का अवसर भी प्रदान करता है। इससे भविष्य के संयुक्त अभियानों में मदद मिलेगी। भारतीय और जापानी सशस्त्र बलों के बीच सहयोग न केवल उनकी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाता है बल्कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता के लिए उनकी साझा प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108